नई दिल्ली

नई दिल्ली, शनिवार 2 नवंबर 2019

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी वर्ष : 23, अंक : 226

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम

अधि. 33.4

न्यून. 15.0



11 पहलवान पूजा गहलोत फाइनल में

## खबर संक्षेप

### मोहन भागवत कई धर्मों के प्रमुखों से मिलेंगे



**नई दिल्ली।** संघ प्रमुख मोहन भागवत दिल्ली में अलग-अलग धर्मों के प्रमुख लोगों से मिलेंगे। अगले कुछ दिनों में इन मुलाकातों का सिलसिला जारी रहेगा। संघ प्रमुख मोहन भागवत शनिवार को मुस्लिम समाज के कुछ प्रमुख नेताओं सिख समाज के कुछ प्रमुख नेताओं और जैन समाज के कुछ प्रमुख नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। यह मुलाकातें राम मंदिर पर आने वाले फैसले के मद्देनजर की जा रही हैं ताकि फैसला आने के बाद सामाजिक और धार्मिक सौहार्द बना रहे।

### पीडीपी ने नजीर अहमद लवाय को पार्टी से निकाला



**श्रीनगर।** पीडीपी ने अपने राज्यसभा सदस्य नज़ीर अहमद लवाय को पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर शुक्रवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया। नव सृजित केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के प्रथम उपराज्यपाल के शपथ ग्रहण समारोह में शरीक होने के बाद उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रवक्ता ने यहां एक बयान में कहा कि राज्य सभा सदस्य, नज़ीर अहमद लवाय, को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है।

### 446 करोड़ के लागत से होगा अयोध्या का सौंदर्यीकरण



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई। इसमें सात अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में डिजिटल म्यूजियम के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा लगाने व अन्य सुविधाओं के लिए कैबिनेट ने 446.46 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है।

## प्रदूषण बेकाबू

**राजधानी के सभी स्कूल 5 नवंबर तक बंद**

### सर्दियों में पटाखेबाजी पर रहेगा प्रतिबंध

# दिल्ली-एनसीआर में जन स्वास्थ्य आपातकाल की हुई घोषणा

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

दिल्ली में शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पड़ोसी राज्यों में पराली जलाए जाने से बढ़े प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली के सभी स्कूल 5 नवंबर तक बंद रखने के आदेश दिए। इससे पहले, ईपीसीए ने वायु प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए दिल्ली-एनसीआर में जन स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दी। ईपीसीए ने प्रदूषण के 'बेहद गंभीर' श्रेणी में पहुंचने की वजह से पूरी ठंड के दौरान आतिशबाजी करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया। वहीं पंजाब, हरियाणा में पराली जलाने के खिलाफ तत्काल सख्त कदम उठाने कहा गया।

उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित पैनल (ईपीसीए) ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में जन स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा करते हुए पांच नवम्बर तक सभी निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध लगा दिया। वहीं दिल्ली सरकार ने सभी स्कूलों को पांच नवंबर तक बंद करने का फैसला किया।

पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम व नियंत्रण) प्राधिकरण (ईपीसीए) ने प्रदूषण के 'बेहद गंभीर' श्रेणी में पहुंचने की वजह से पूरी ठंड के दौरान आतिशबाजी करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया। ईपीसीए के अध्यक्ष भूरे लाल ने उत्तर प्रदेश , हरियाणा और दिल्ली के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा कि गुरुवार की रात दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता बहुत खराब हो गई और वह अब 'बेहद गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई है। उन्होंने पत्र में कहा कि हम इसे एक जन स्वास्थ्य आपातकाल की तरह ले रहे हैं क्योंकि वायु प्रदूषण का स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव होगा, विशेषकर बच्चों के स्वास्थ्य पर। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में फरीदाबाद, गुरुग्राम, गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में पांच नवम्बर तक निर्माण कार्य, 'हॉट मिक्स प्लांट' और 'स्टोन क्रशर' (पत्थर तोड़ने की मशीनें) बंद रहेंगे।

**खास बातें**

- ईपीसीए ने उत्तर प्रदेश , हरियाणा और दिल्ली के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र
- 5 नवम्बर तक सभी निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध लगाया



### भूरे लाल से मिले सीएम

केजरीवाल ने ट्वीट किया कि ईपीसीए अध्यक्ष श्री भूरे लाल जी के साथ मेरी मुलाकात बहुत अच्छी रही। मैंने उनसे मार्गदर्शन करने को कहा और प्रदूषण से लड़ने में हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। मैंने उन्हें जीआरएपी और अन्य उपायों को लागू करने में हर तरह का सहयोग देने का भरोसा दिया।

**पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने के खिलाफ तत्काल सख्त कदम उठाए जाएं**

उच्चतम न्यायालय से अधिकार प्राप्त प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरण 'ईपीसीए' ने राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता आपात स्थिति में पहुंच जाने पर शुक्रवार को क्रियान्वयन एजेंसियों को पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए तत्काल कड़े कदम उठाने का निर्देश दिया। इन दोनों पड़ोसी राज्यों में पराली जलाये जाने से दिल्ली में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया है।

### 'पराली जलाने की टाइम लाइन की मांग की'

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को पराली जलाना बंद करने के लिए पंजाब, हरियाणा व केंद्र सरकार से टाइम लाइन की मांग की है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य कब पराली जलाना बंद करेंगे। किसानों को कब मशीन देंगे। आपकी जवाबदेही तय होनी चाहिए।

### केंद्र ने कहा- पराली बड़ी वजह

केंद्र सरकार ने पराली जलाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। केंद्र सरकार ने हलफनामे में माना कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की मुख्य वजह पराली जलाना है। केंद्र सरकार ने कहा कि दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में 2016-18 के बीच पराली जलाने में 41 फ़ीसदी कमी हुई है। पर्यावरण मंत्रालय ने हलफनामे में कहा कि पराली जलाने से रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

## झारखंड विधानसभा चुनाव का बजा बिगुल

# पांच चरणों में मतदान 23 दिसंबर को रिजल्ट

### राज्य में चुनाव आचार संहिता लागू

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। 81 सीटों वाली विधानसभा के लिए 30 नवंबर से 5 चरणों में चुनाव होंगे। नतीजे 23 दिसंबर को घोषित होंगे। इसके साथ ही सूबे में चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। पहले चरण में 30 नवंबर, दूसरे चरण में 7 दिसंबर, तीसरे चरण में 12 दिसंबर, चौथे चरण में 16 दिसंबर और पांचवें व आखिरी चरण में 20 दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। झारखंड की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2020 को खत्म हो रहा है। चुनाव आयोग झारखंड में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की शुक्रवार शाम को घोषणा करेगा। आयोग के एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी।



### दिव्यांग और बुजुर्ग को पोस्टल बैलट की सुविधा

पहली बार शारीरिक दिव्यांग और सीनियर सिटिजन घर बैठे पोस्टल बैलट के जरिए अपना वोट डाल सकेंगे। झारखंड में 3.29 करोड़ पूरी जनसंख्या है। इसमें 2.26 करोड़ वोटर हैं जिनमें 1.87 करोड़ पुरुष और 1.08 फीमेल वोटर हैं। उन्होंने कहा कि 100 प्रतिशत मतदाताओं के पास आईडी कार्ड है। इसमें से 19 जिले नक्सल प्रभावित और 13 सर्वाधिक प्रभावित हैं। बाकी 67 विधानसभा में नक्सल प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि 29464 पोलिंग स्टेशन होंगे और पोलिंग स्टेशन पर तमाम सुविधाएं मौजूद होंगी। उन्होंने बताया कि किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन में काई कॉलम खाली छोड़ा तो उसका नामांकन खारिज हो जाएगा।

### बहुमत के लिए 41 सीटों की होगी जरूरत

81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में सरकार बनाने के लिए किसी पार्टी या गठबंधन को कम से कम 41 सीटों पर जीत हासिल करनी होगी। सत्ताधारी बीजेपी और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन गठबंधन के सामने सरकार बचाने की चुनौती होगी। पिछले चुनाव में बीजेपी ने 37 और उसकी सहयोगी एजेएसयू ने 5 सीटों पर जीत हासिल की थी। दोनों दलों ने बीजेपी के रघुबर दास के नेतृत्व में सरकार का गठन किया, जिसने अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा किया। कांग्रेस 10.5 प्रतिशत वोटशेयर के साथ 7 सीटें जीतने में कामयाब हुई थी। 6 सीटें अन्य के खाते में गई थीं।

### भारत और जर्मनी के बीच 17 समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

भारत और जर्मनी के बीच कृषि, समुद्री प्रौद्योगिकी, आयुर्वेद और योग समेत अन्य क्षेत्रों में 17 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि भारत और जर्मनी के बीच पांच संयुक्त आशय पत्र साझा किए गए। इसमें कहा गया है कि संयुक्त आशय पत्रों में सामरिक परियोजनाओं पर सहयोग, शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए भागीदारी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर अनुसंधान और विकास तथा समुद्र में कचरे को रोकने में सहयोग शामिल हैं।

## करतारपुर कॉरिडोर: इमरान ने की घोषणा

# भारतीय श्रद्धालुओं को नहीं होगी पासपोर्ट की जरूरत

एजेंसी ⏭इस्लामाबाद



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारत से करतारपुर आने वाले सिख तीर्थयात्रियों को पासपोर्ट की आवश्यकता नहीं होगी। केवल पहचान पत्र की जरूरत होगी। और गुरु नानक देव की 550वीं जयंती तथा उद्घाटन समारोह के दिन उनसे कोई शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। करतारपुर गलियारा नौ नवम्बर से श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा। इमरान खान ने शुक्रवार सुबह ट्वीट कर गुरुद्वारा दरबार साहिब आने वाले भारतीयश्रद्धालुओं को दी जाने वाली रियायतों की जानकारी दी।

- उद्घाटन समारोह के दिन नहीं लिया जाएगा कोई भी शुल्क
- नौ नवम्बर से श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा

### भारत सरकार के विरोध पर व्हॉट्सएप ने उठाए सख्त कदम



**नई दिल्ली।** व्हॉट्सएप से जासूसी मामले में कंपनी की तरफ से बयान जारी कर कहा गया कि उसने भारत सरकार की शिकायत को गंभीरता से लिया है और वह भारतीयों की निजता के साथ किसी तरह का खिलवाड़ ना हो, इस मुद्दे पर सरकार के साथ खड़ी है। विवाद शुरू होने पर केंद्र सरकार ने फेसबुक के स्वामित्व वाली कंपनी व्हॉट्सएप से यह जानकारी मांगी कि इजरायल के स्पाइवेयर 'पेगासस' ने फोन को किस तरह प्रभावित किया गया। इजरायली स्पाइवेयर पेगासस ने भारतीय मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, वकीलों और पत्रकारों को निशाना बनाया और फोन के जरिए उनकी 'जासूसी' की।

## नजरिया




## कश्मीर के शोपियां की घटना

### परीक्षा से पहले आतंकियों ने स्कूल को जलाया



**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर के शोपियां में एक सरकारी स्कूल में आतंकवादियों ने आग लगा दी। इस स्कूल में शनिवार को बोर्ड की परीक्षा होनी थी। आतंकियों की इस हरकत से साफ है कि वे कश्मीर में ठीक होते हालात से बौखलाए हुए हैं। बता दें कि जम्मू और कश्मीर के कुलगाम में मंगलवार (5 अक्टूबर) को आतंकियों ने 5 मजदूरों की भी हत्या कर दी थी। सभी 5 मजदूर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के रहने वाले थे।

- कश्मीर में ठीक होते हालात से बौखलाए हुए है आतंकवादी

## सुरक्षा एजेंसियों में मची खलबली

### एयरपोर्ट पर मिला बैग, विस्फोटक की आशंका



**नई दिल्ली(न्यूज)।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर गुरुवार देर रात करीब एक बजे टर्मिनल 3 के एंट्री गेट पर काले रंग का संदिग्ध बैग मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गये। इसके बाद बम निरोधक दस्ता और खोजी कुते मौके पर बुलाये गये। शुरुआती छानबीन में बैग के अंदर विस्फोटक होने की आशंका है। सीआइएसएफ के प्रवक्ता हेमेंद्र सिंह का कहना कि सुरक्षा के मद्देनजर बैग को नहीं खोला गया था।

- बम निरोधक दस्ता और खोजी कुते मौके पर बुलाया गया






## संसद भवन जैसी हू-ब-हू संरचना चंबल घाटी में बनाई जा चुकी थी

# डकैतों के भय ने बीहड़ में सहेजे रखी एक भव्य विरासत

हरिभूमि न्यूज ⏭मुरैना

*कहा जाता है कि इस भव्य स्थापत्य को देख ही लुटियन ने वह भवन बनाया, जो भारतीय संसद भवन कहलाता है*



भारत सरकार अब नए संसद भवन के निर्माण को औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर चुकी है, 2022 का संसद सत्र नए भवन में ही होगा। आइये अब चंबल के बीहड़ों का रुख करें, कहा जाता है कि यहां मौजूद भव्य स्थापत्य को देख ही लुटियन ने वह भवन बनाया, जो भारतीय संसद भवन बना। जिसे डकैतों के खौफ से संरक्षण मिला, वह विरासत देश-दुनिया में पहचान बना रही है। वर्ष 2000 के बाद से भारतीय पुरातत्व विभाग और प्रदेश सरकार के प्रयासों से मुरैना, मप्र के निकट स्थित यह स्थल लगातार सुर्खियों में है। विस्तृत शिवमंदिर श्रृंखला और चौसठ योगिनी मंदिर के रूप में ऐसी गोलाकार संरचना, जिसे भारतीय संसद भवन की प्रेरणा बताया जाता है, यहां मौजूद है।

### मुहम्मद को सपने में दिखे थे ये मंदिर

साल 2000 में स्थानीय पुरातत्व विभाग की जानकारी में आया कि इस तरह की कुछ संरचनाएं यहां हैं। लेकिन इनकी किस्मत तब बदली जब 2005 में सीनियर ऑर्कलॉजिस्ट केके मुहम्मद की पदस्थापना सेंट्रल जोन में हुई। वे अब रिटायर हो चुके हैं और दावा करते हैं कि उन्होंने शिवमंदिर समूहों को यथारूप सपने में देखा था और अगले दिन साथियों से इसकी चर्चा की तो पता चला कि उनका ख्वाब झूठा नहीं था।

## खबर संक्षेप



### कैनवास में पॉप कल्चर

**नई दिल्ली।** पॉप कल्चर की खूबसूरती कैनवास में सजाकर कलाकार तनु यादव ने अपनी प्रदर्शनी में पेश किया है। 1 नवंबर से 11 नवंबर तक त्रिवेणी कला संगम, मंडी हाउस में उनकी इस पेंटिंग्स एक्सहिबिशन 'इथीरिअल हारमनी' के क्यूरेटर मोहन सिंह है। कलाकार तनु यादव बताती है कि पॉप कल्चर मेरे लिए प्रेरणा है, इस लाइफस्टॉइल को अपनी पेंटिंग में उतारना मेरे लिए काफी रोमांचक था। प्रदर्शनी का समय सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक है।

### युवक की बहादुरी से तीन आरोपी पहुंचे जेल

नई दिल्ली। नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में एक युवक की बहादुरी से तीन आरोपी सलाखों के पीछे पहुंच गए। गिरफ्तार आरोपियों के नाम शहनवाज, अंकित और साहिल है। तीनों आरोपी नरेला इलाके के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (आउटर-नॉर्थ) गौरव शर्मा ने बताया कि मंगलवार को पुलिस को प्रवेश राठौर ने फोन कर सूचना दी। उन्होंने बताया कि वह रात को ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह पुलिस बूथ बी-दो, बी-चार, 80 फुट रोड, डीएसआइआइडीसी, नरेला के पास पहुंचे। इसी दौरान स्कूटी सवार तीन युवकों ने उनकी बाइक के आगे अपनी स्कूटी लगा दी। इसके बाद भी उन्होंने अपनी बाइक नहीं रोकी और वह जाने लगे। इसी दौरान स्कूटी पर लाल रंग की टी-शर्ट पहने एक युवक ने उनके सिर पर डंडा मार दिया। डंडा लगते ही वह बाइक समेत नीचे गिर गए। पीड़ित ने भी आरोपी पर अपने बचाव के लिए हेलमेट से हमला कर दिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर लोग जमा हो गए और उन्होंने आरोपियों को दबोच लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। लोगों ने आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पारिवारिक झगड़े में पत्नी की काटी जीभ

**नई दिल्ली।** आनंद पर्वत थाना इलाके में पारिवारिक झगड़े में एक पति ने अपने भाई के साथ मिलकर अपनी पत्नी की जीभ काट दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल को उसके भाई ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसे सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शर्मिला (35) की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामला दर्ज कर दोनों फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक, उर्मिला अपने पति बिंद्रेश व देवर दीपक के साथ आनंद पर्वत की तेलीवलान बस्ती में रहती है। महिला ने पुलिस को बताया है उसकी शादी वर्ष 2002 में जौनपुर निवासी बिंद्रेश के साथ हुई थी। वह छोटा मोटा काम करता है। बिंद्रेश जौनपुर से एक महिला को लेकर दिल्ली आया था।

## शुक्रवार को खरना पूजा से शुरु हुआ उपवास

# छठ पूजा के लिए दिल्ली के घाट तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में मनाए जाने वाले आस्था का महापर्व छठ पूजा की तैयारी दिल्ली में पूरी कर ली गई है। इस बार दिल्ली सरकार ने 1108 अस्थायी घाटों पर छठ पूजा आयोजित करने का इंतजाम किया है। आज से शुरू होने वाली छठ पूजा के लिए सभी घाट तैयार है। इन घाटों को व्रतियों का इंतजार है।

गौरतलब है कि शुक्रवार को व्रतियों ने खरना पूजा करके छठ व्रति खीर का प्रसाद लेकर उपवास में चली जाएगी। उसके दूसरे दिन शनिवार को शाम का अर्ध्य फिर रविवार को सुबह का अर्ध्य देने के बाद पारन करेंगी। इसी के साथ छठ पूजा का समापन हो जाएगा। गुरुवार को नहाए-खाए के साथ ही व्रती पूजा की तैयारी में जुट गए थे लोग। इस पर्व का मुख्य प्रसाद ठेकुआ, खजूर होता है जो आटे का बनता है। इसके लिए भी व्रतियों ने तैयारी शुरू कर दी है। दिल्ली में सबसे ज्यादा पश्चिमी दिल्ली इलाके में छठ पूजा मनाया जाता है। कमल बंसल ने बताया कि छठ घाटो पर पूजा के दौरान पटाखे पूरी तरह से प्रतिबंध है। उन्होंने बताया कि छठ घाट पर जगह-जगह पटाखे ना फोड़ने के बैनर लगा दिए गए है। इसकी निगरानी सुरक्षा में लगे दिल्ली पुलिस के जवान व सिविल डिफेंस के जवान करेंगे।

### महापर्व के लिए दिया श्रमदान

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन आफ एनसीआर आरडब्ल्यूए ईस्ट दिल्ली चेप्टर के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को छठ महापर्व के अवसर पर लक्ष्मी नगर यमुना पुस्ता के नजदीक ठोकर नंबर 12 पर बने घाट पर पर अपना श्रमदान दिया। अशोक शर्मा ने बताया कि पवन मैनी, तथा अन्य सदस्य वीके शर्मा, अमरजीत जीत सिंह बिल्ला, जगदीश सिंह मठारू, करण सिंह, केके गुलाब, परमिंदर मिश्रा ने घाट के आसपास सफाई की तथा इधर उधर फैली हुई गंदगी को साफ भी किया।

### लाखों की संख्या में जुटते हैं भक्त

**नई दिल्ली।** कमल बंसल ने बताया कि दिल्ली के प्रमुख रूप से हाथी घाट, भलस्वा लेक, नरेला स्थित डीडीए फ्लेट ग्राउंड, जगतपुर घाट, सोनिया विहार समेत कई घाटों पर लाखों की तादाद में छठ पर्व मनाने लोग पहुंचते हैं। वहीं अगर क्षेत्र की बात की जाए तो पश्चिमी दिल्ली में सबसे ज्यादा लोग छठ पर्व मनाते हैं। इसके बाद नार्थ दिल्ली, नार्थ वेस्ट और यमुनापार के मयूर विहार, गीता कालोनी, मंडावली व यमुना के किनारे के इलाके आते हैं।

### सजे हैं बाजार, दुकानों पर लगी श्रद्धालुओं की भीड़

दिल्ली में छठ पर्व के लिए दिल्ली के बाजार विशेष रूप से सज हुए हैं। दिल्ली के पूर्वांचली क्षेत्रों के बाजारों में तो शुक्रवार को छठ मनाने वालों की भीड़ देखी गई। दुकानों की बात करें तो पूजा का सामान बेचने वाली दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।



### साफ-सफाई और अन्य व्यस्थाएं रखें दुरूस्त : महापौर

**नई दिल्ली।** छठ पर्व को लेकर पूर्वी दिल्ली नगर निगम की महापौर अंजु कमलकांत ने शुक्रवार को गीता कॉलोनी व बैंक एंक्लेव में यमुना नदी के किनारे बने छठ घाटों का नाव से निरीक्षण किया। इस दौरान, स्थायी समिति अध्यक्ष संदीप कपूर, नेता सदन निर्मल जैन, वार्ड समिति अध्यक्ष कंचन महेश्वरी, निगम पार्षदगण और निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी साथ रहे। इस दौरान महापौर अंजु कमलकांत ने बताया कि वे निगम के काम-काज से संतुष्ट है और उन्होंने अधिकारियों को कहा कि छठ पर्व के दौरान, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखे ताकि व्रतधारियों को किसी तरह की परेशानी ना हो। महापौर ने कहा कि छठ पूजा की तैयारियों को लेकर वह नियमित तौर पर अधिकारियों के साथ बैठक कर रही हैं ताकि व्रतधारियों को निगम की ओर से अधिकतम सुविधाएं मिल सके। साथ ही, निगम पार्षद भी अपने-अपने घाटो पर व्रतधारियों के लिए छठ समितियों के पदाधिकारियों तथा निगम कर्मचारियों के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं।

- पूर्वी निगम की महापौर ने किया दौरा



### छठ पर्व मनाने से रोक रहे हैं भाजपा के लोग : संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पूर्वांचलियों को छठ पर्व मानने से भाजपा के लोग रोक रहे हैं। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आप राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि यह बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि जिस पूर्वांचल के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनारस लोकसभा सीट से दो बार भारी बहुमत से जिता कर देश की सत्ता में बिठाया, आज भाजपा के लोग दिल्ली के अंदर उन्हीं पूर्वांचलियों के पावन पर्व छठ को मनाने में अड़चनें लगा रहे हैं।

## जिम से लौट रहे रेसलर को गोली मारी, हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- फोर्टिस अस्पताल में भर्ती

दक्षिणी-पश्चिमी जिले के वसंत कुंज इलाके में एक रेसलर को बाइक सवारों ने गोली मार दी। प्रशांत मेहला (19) नामक रेसलर को दो गोलियां लगी। एक पैर और दूसरी पीठ पर गोली लगने के बाद उसे फोर्टिस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हालत स्थिर बताई गई है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार प्रशांत अपने परिवार के साथ किशनगढ़ इलाके में रहता है। वह कई राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में सर्टिफिकेट प्राप्त कर चुका है। गुरुवार रात करीब पौने 10 बजे वह अपने भाई के साथ बाइक पर सवार होकर जिम से घर लौट रहा था। बी ब्लॉक वसंत कुंज के पास बाइक पर सवार होकर आये तीन लोगों ने उसे दो गोलियां मारी। प्रशांत के पिता का कहना है कि किशनगढ़ के ही संजय नामक युवक से कुछ दिन पहले प्रशांत का झगड़ा हुआ था। उस समय आसपास के लोगों ने दोनों को समझा बुझाकर मामला शांत करवा दिया था। परिजनों का कहना है कि संजय आपराधिक प्रवृत्ति का शख्स है और आसपास के युवकों के साथ मिलकर सूखा नशा करता है। वहीं पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## रुपये के लेन-देन में उतारा था युवक को मौत के घाट

### वेलकम के पार्क में शव को फेंककर भाग गए थे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नॉर्थ-ईस्ट जिले के स्पेशल स्टाफ ने दिवाली की रात युवक की गोली मारकर हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम सलमान खान (22) और कमरुद्दीन (31) है। पुलिस की माने तो आरोपी कमरुद्दीन इस्लाम नगर थाना, उत्तर-प्रदेश का हिस्ट्री शीटर है। इन्हीं आरोपियों ने गत 21 अगस्त को ज्योति नगर थाने इलाके में कारोबारी को गोली मारकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने इनके पास से एक पिस्टल, चार कारतूस और पांच चोरी की बाइक बरामद की है। इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस सात मामले सुलझाने का दावा कर रही हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी (नॉर्थ-ईस्ट) वेद प्रकाश सुर्या ने बताया कि दिवाली की रात वेलकम थाना पुलिस को एक युवक का शव वेलकम स्थित रविदास मंदिर के पास पार्क में पड़े होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। पुलिस को मौके पर एक युवक खून से लथपथ मिला। पुलिस उसे लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में युवक की शिनाख्त इस्लाम नगर निवासी जहीर के रूप में हुई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों को पकड़ने के लिए एसीपी, मनोज दीक्षित की देखरेख में एक टीम का गठन किया। टीम में इंस्पेक्टर विनय यादव, एसआइ रवि, मनोज, जयवीर, एसआइ सतीश राणा, जयवीर, हेड कांस्टेबल अनिल, सुनील, और दीपक मौजूद रहें। टीम ने आरोपियों को पकड़ने के लिए जेल से बेल पर बाहर आए आरोपियों के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि नॉर्थ-ईस्ट जिले में वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी दुर्गापुरी, चौक के पास आने वाले है।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस को इनके पास से पिस्टल, कारतूस और शकरपुर थाना इलाके से चोरी की बाइक मिली।



### नाम बदलकर रहने लगा था आरोपी

आरोपी कमरुद्दीन ने बताया कि वह कई गिरोहों का करीबी सहयोगी है। वह अपराध करने के लिए गिरोह के सदस्यों को चोरी के वाहन प्रदान करता था। वर्ष 2018 और 2019 में उनके अपने सहयोगी फुरकान, रिजवान और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर नोएडा, बुलंदशहर और संभल जैसे कई क्षेत्रों में कई डकैतियां की थी। फरवरी 2019 में उसे नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बाद में वह सलमान और फैजान नाम के दो आरोपियों के साथ साहिबाबाद इलाके में नाम बदलकर रहने लगा था।

### ट्रेन हुई बे पटरी...



नई दिल्ली। हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार सुबह ईएमयू ट्रेन पटरी से उतर गई। हादसे के दौरान स्टेशन पर मौजूद लोगों के साथ-साथ ट्रेन में सवार यात्रियों में भी अफरातफरी मच गई। बताया जा रहा है कि यह हादसा बारापूला नाला के पास सुबह 10 : 25 पर हुआ। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

## पार्षद की स्कूटी चुराने वाला गिरफ्तार, रिसीवर भी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मानसरोवर पार्क थाना पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रिसीवर भी शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम हरीश उर्फ डब्बू और राहुल उर्फ धीरज है। राहुल चोरी का माल खरीदता था। पुलिस की माने तो आरोपी हरीश ने ही शाहदरा के नॉर्थ जोन चेयरमैन और बीजेपी पार्षद प्रवेश शर्मा की स्कूटी चुराई थी। पुलिस ने आरोपी के पास से एक स्कूटी बरामद की है। स्कूटी तो पार्षद की नहीं है, लेकिन स्कूटी में लगा इंजन पार्षद की स्कूटी का है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, गत 21 अक्टूबर को पार्षद ने स्कूटी चोरी होने की ई-एफआईआर कराई थी। एक टीम का गठन कर मामले की जांच शुरू की गई। टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपी को पकड़ने की कोशिश की। पुलिस को एक फुटेज में आरोपी दिखाई दिया। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी का नाम डब्बू है। इसके बाद टीम ने आरोपी को पकड़ लिया। बाद में इसकी निशानदेही पर रिसीवर राहुल को भी दबोच लिया।

## मुठभेड़ के बाद चार बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर इलाके में शुक्रवार शाम साकेत थाने की पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 4 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान एक बदमाश भागने में कामयाब रहा। बताया जा रहा है कि पुलिस की टीम सफेद रंग की वैगनआर कार सवार बदमाशों का पीछा कर रही थी। इसी दौरान पांडव नगर थाने के सामने बदमाशों की कार पलट गई। कार पलटने के बाद बदमाश कार से निकल कर भागने लगे। बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की गई तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी गोली चलाई और चार बदमाशों को दबोच लिया, जबकि एक बदमाश भागने में कामयाब रहा। बदमाशों की कार पलटकर एक एम्बुलेंस और एक आई20 कार से भी टकराई, जिसमें दोनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गयी। फिलहाल पुलिस पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ करने में जुटी है। डीसीपी अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि गिरफ्तार किये गये बदमाशों के नाम शेख सैफूद्दीन, वसीम अकरम, अनवर और मुमताज है। पुलिस को साकेत थाने के सेंधमारी के केस में इनकी तलाश थी। सूचना मिली थी कि बदमाश मयूर विहार इलाके में आने वाले हैं। इनकी गिरफ्तारी से सेंधमारी के कई केस सुलझने की उम्मीद है।

# पोस्ट ऑफिस का क्लर्क तीन साल से कर रहा था फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- 18 लाख के गबन का आरोप
- मामले की गंभीरता को देखते हुये केस आर्थिक अपराध शाखा को सौंपा



लाजपत नगर के एक पोस्ट ऑफिस में कलर्क पर 18 लाख रुपये के गबन का आरोप है। इसकी शिकायत सीनियर अधिकारियों ने पहले लोकल पुलिस को दी थी लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुये केस आर्थिक अपराध शाखा को सौंपा गया है।

पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला कि आरोपी करीब तीन सालों से रिकॉर्ड में हेराफेरी कर रकम अपनी जेब में डाल रहा था। बहरहाल पुलिस अब उन सभी खातों की जांच में जुटी है जिनका पैसा कलर्क डकार गया। एडिशनल सीपी ईओडब्ल्यू ओपी मिश्रा ने बताया कि फिलहाल पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। अभी तक सिर्फ 18 लाख रुपये के फर्जीवाड़े का पता चला है, लेकिन इसकी रकम ज्यादा भी हो सकती है। आरोपी ने दर्जन भर से अधिक पोस्ट ऑफिस के खातों में सेंध लगाई है। पोस्ट ऑफिस के सीनियर सुप्रिंटेंडेंट ने लाजपत नगर पुलिस को इसकी शिकायत दी थी, लेकिन मामला गंभीर था, जिसके बाद ईओडब्ल्यू को जांच सौंपी गई। लोगों की गाढ़ी कमाई डकारने वाले आरोपी कलर्क का नाम सुरेंद्र कुमार बताया गया है। उसकी ड्यूटी कैश काउंटर पर होती थी। जो भी खाताधारक पोस्ट ऑफिस में पैसे जमा कराने आता था, वह सुरेंद्र कुमार को ही पैसे देता था। उसकी करतूतों पर पहले पोस्ट ऑफिस के विजिलेंस विभाग ने जांच की थी। इसके बाद केस की शिकायत पुलिस से की गई। गौरतलब है कि दिल्ली के पोस्ट ऑफिस में इस प्रकार का फर्जीवाड़ा या गबन पहली बार नहीं हुआ है। कापसहेड़ा इलाके में डेढ़ साल पहले ऐसा ही एक फ्रॉड हुआ था, जिसमें एक महिला क्लर्क ने करीब 40 लाख रुपये की चूना लोगों को लगाया था।

### दंगा मामले में विधायक को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी को शुक्रवार को 2013 में हुए दंगे के एक मामले में बार-बार अदालत के समन और वारंट का अनुपालन नहीं करने के चलते शुक्रवार को हिरासत में लिया गया। हालांकि, बाद में उन्हें अदालत ने जमानत पर रिहा कर दिया। त्रिपाठी जब सुनवाई की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर को पेश नहीं हुए तो गुरुवार को उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया। इसके बाद उन्हें विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहर के समक्ष पेश किया गया। मॉडल टाउन निर्वाचन क्षेत्र के विधायक त्रिपाठी और 17 अन्य लोगों के खिलाफ दंगा भड़काने और दिल्ली पुलिस को अपनी ड्यूटी करने से रोकने के आरोप लगाए गए थे। उनके ऊपर पुलिस पर आपराधिक बल का इस्तेमाल करने और चोट पहुंचाने के आरोप भी लगे।

## आईएएस अधिकारी बनकर लगा रहा था लोगों को चूना, चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- ड़ेढ करोड की ठगी कर चुका है आरोपी
- पुलिस को एक रिटायर्ड टीचर ने अप्रैल माह में दी थी शिकायत



शकरपुर थाना पुलिस ने एक ऐसे शातिर ठग को गिरफ्तार किया है, जोकि आईएएस अफसर बनकर लोगों को नौकरी लगवाने के नाम करोड़ों रुपये ठग चुका है। गिरफ्तार आरोपी का नाम जावेद अख्तर है। पुलिस की माने तो आरोपी अपने नाम का फायदा उठाता था, चूंकि जावेद नाम के एक आईएएस वर्तमान समय में भारत सरकार को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी (ईस्ट) जसमीत सिंह के मुताबिक, शकरपुर पुलिस को एक रिटायर्ड टीचर ने अप्रैल माह में शिकायत दी थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि एक आरोपी ने उनके रिश्तेदारों को नौकरी का झांसा देकर किसी से 10 लाख रुपये तो किसी से 25 लाख रुपये ठगे हैं। ठगी का पता चलने पर उन्होंने आरोपियों को दबोच लिया था, लेकिन उसने स्टांप पेपर पर साइन कर रुपये लौटाने की बात कही थी। इसके बाद वह फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी खुद को वर्ष 1983 बैच का आईएएस बताता था। साथ ही वह दावा करता था कि वह सूचना प्रसार मंत्रालय का वरिष्ठ अधिकारी भी है। इसी का हवाला देकर वह लोगों को नौकरी लगवाने का दावा करता था। पुलिस ने गुप्त सूचना के बाद आरोपी को दबोच लिया।

**खबर संक्षेप**

## कड़ाई से लागू करें सरकारी विज्ञापनों के नियमः बैजल

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा दिए जा रहे विज्ञापनों को लेकर उपराज्यपाल अनिल बैजल ने सख्त रुख अपनाते हुए चेताया है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों को ताक पर नहीं रख सकते। उन्होंने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव विजय कुमार देव को पत्र लिखकर निर्देश दिए है कि आप सरकार द्वारा मीडिया में जारी किए जा रहे विज्ञापनों के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी प्रधान सचिवों, सचिवों, विभागाध्यक्षों को इस बारे में सख्ती से आदेशों को पालन करने के लिए सूचित करें। पत्र में उपराज्यपाल ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 13 मई 2015 को दिए गए निर्णय का अक्षरक्ष पालन करने के निर्देश दिए है।

## टी-20 मैच को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने अरुण जेटली स्टेडियम में कल रविवार को होने वाले टी-20 क्रिकेट मैच को लेकर प्रदूषण के खिलाफ जीरो टोलरेंस नीति बनाई है। दक्षिणी निगम आयुक्त ज्ञानेश भारती ने स्टेडियम के आसपास वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए क्षेत्रीय जोनल उपायुक्त को विशेष प्रबंध के निर्देश दिए हैं। स्टेडियम के आसपास विशेष पैट्रोलिंग टीमों को तैनात किया गया है और उन्हें यह निर्देश दिए गए हैं कि वे 24 घंटे वायु प्रदूषण पर कार्रवाई करें और उसकी रिपोर्ट दें। स्टेडियम के आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा जिसके लिए अतिरिक्त 35 सफाई कर्मियों को लगाया गया है। इसके अलावा 9 अतिरिक्त वाटर टैंकर और 12 वाटर स्प्रिंकलर,10 मकैनिकल स्विपरों को भी इलाके में तैनात किया गया है ताकि सड़कों की सफाई हो सके और धूल प्रदूषण में कमी आए।

### मास्क लगाकर घर लौटे स्कूली बच्चे

# केजरीवाल ने बच्चों से कहा- प्रदूषण के लिए 'कैप्टन अंकल, खट्टर अंकल' को लिखें पत्र





हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को शहर के स्कूली बच्चों से कहा कि पंजाब और हरियाणा में जल रही पराली के कारण यहां वायु प्रदूषण फैल रहा है और इसके लिए वे दोनों राज्य के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिख कर इसे नियंत्रित करने की अपील करें। केजरीवाल ने प्रदूषण से स्कूली बच्चों को बचाने की सरकार की पहल के तहत विद्यार्थियों को मास्क बांटे और उन्हें पराली जलाए जाने के बारे में भी बताया। दिल्ली सरकार ने निजी और सरकारी स्कूलों के बच्चों को बांटने के लिए 50 लाख 'एन95' मास्क खरीदे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा में जल रही पराली के कारण दिल्ली में प्रदूषण हो रहा है। उन्होंने बच्चों से कहा कि कृपया कैप्टन अंकल और खट्टर अंकल को पत्र लिखें और कहें 'कृपया हमारी सेहत का ध्यान रखे'। उन्होंने खुद भी हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह से बच्चों की सेहत के बारे में सोचने और पराली जलाने से रोकने के लिए कदम उठाने की अपील भी की। मुख्यमंत्री ने बच्चों से राष्ट्रीय राजधानी में कूड़ा जलाने से रोकने में मदद करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि हमें दिल्ली में कूड़ा जलने से रोकना होगा। अगर आप किसी को ऐसा करते देखें, तो उनसे ऐसा ना करने की अपील करें। अगर वे ना मानें तो फिर उनकी शिकायत करने के लिए एक व्हाट्सएप नंबर है।'इसके बाद मुख्यमंत्री ने पंजाब और हरियाणा सरकार पर पराली जलाने को लेकर निशाना साधते ट्वीट किया कि खट्टर और कैप्टन सरकारें अपने किसानों को पराली जलाने पर मजबूर कर रहीं हैं जिसकी वजह से दिल्ली में भारी प्रदूषण है। वहीं राजधानी पर छायी जहरीली धुंध की चादर शुक्रवार सुबह और गहरी हो गई। आधिकारिक आंकड़े के अनुसार, शुक्रवार को समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) दोपहर एक बजे 480 रहा था। एक्यूआई 0-50 के बीच 'अच्छा', 51-100 के बीच 'संतोषजनक', 101-200 के बीच 'मध्यम', 201-300 के बीच 'खराब', 301-400 के बीच 'अत्यंत खराब', 401-500 के बीच 'गंभीर' और 500 के पार 'बेहद गंभीर एवं आपात' माना जाता है।

## दिल्ली भुगत रही हरियाणा और पंजाब की लापरवाही का नतीजाः सिसोदिया

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली में वर्तमान प्रदूषण के हालात के लिए पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और केंद्र की सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने हरियाणा और पंजाबा की लापरवाही का नतीजा दिल्ली भुगत रही है। उन्होंने कहा कि जिस जगह आज धुआं धुआं दिख रहा है वहीं 1 महीने पहले एकदम साफ आसमान था तो फिर इसके लिए दिल्ली कैसे जिम्मेदार है? जिम्मेदार है पड़ोसी राज्य और केन्द्र की सरकारें जो कि वहां पराली जलाने पर रोक ना लगा सके। उन्होंने इस संबंध में दो तस्वीरें ट्वीट की और पूछा कि आखिर जिस राजपथ पर आसमान 28 सितंबर को एकदम साफ था वहां पर एक नवंबर को धुआं छाया है इसके पीछे कारण साफ है कि यह दिल्ली का अपना प्रदूषण नहीं है या पंजाब और हरियाणा में अंधाधुंध जल रही पराली के कारण आने वाले धुंए का नतीजा है।

## ऑड-ईवन योजना का नोटिफिकेशन जारी



दिल्ली में पड़ोसी राज्यों में जलाए जा रहे पराली से बढ़ रहे प्रदूषण को देखते हुए 4 से 15 नवंबर तक ऑड-ईवन स्कीम लागू किया जा रहा है। इसके मुख्यमंत्री ने बताया कि सोमवार से दिल्ली में ऑड- ईवन लागू किया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी हो गया है। वहीं सीएम ने कहा कि कैब ओवर रेट न करने को कहा गया है। आटो किराया न बढ़ाए। मीटर से चलें। किराया बढ़ाने पर कार्रवाई होगी।सीएम ने कहा कि ऑड-ईवन लागू होने के दौरान सरकारी दफ्तरों के खुलने के समय में बदलाव किया गया है। सरकारी दफ्तर अब ऑड ईवन के दौरान 9 बजकर 30 मिनटर पर खुलेंगे। कुछ 10 बजकर 30 मिनट पर खुलेंगे। अभी यह सरकारी दफ्तर खुलने का आदेश है। स्कूलों की छुट्टी 5 नवंबर तक कर दी गई है। सीएम ने सभी विभागों को निर्देश दिया है कि ऑड ईवन के दौरान किसी को किसी तरह की परेशानी न हो। दिल्ली सरकार ने सड़कों पर 2,000 निजी बसों को चलाने का फैसला किया है। इस बार ऑड-ईवन के उल्लंघन पर 4000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। पहले यह दो हजार रुपये था। सीएम ने कहा बच्चों को छोड़ने जाना 8 बजे से पहले का है। इस कारण छूट। दोपहर में अगर बच्चे को लाने जा रहे हैं तो छूट मिलेगी।

## प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी 46 प्रतिशत हुई : सफर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रदूषण में शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने से निकले धुएं की हिस्सेदारी 46 प्रतिशत तक पहुंच गयी। सरकारी एजेंसी सफर के अनुसार यह इस साल का सर्वाधिक स्तर है जब राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता का स्तर और गिर गया है। प्रदूषण का स्तर अत्यधिक गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है, ऐसे में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर काम कर रहे पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण ने शुक्रवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया है और निर्माण गतिविधियों पर पांच नवंबर तक रोक लगा दी है। प्राधिकरण ने कार्यान्वयन एजेंसियों को पंजाब तथा हरियाणा में पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए तत्काल सख्त कदम उठाने को भी कहा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वायु गुणवत्ता निगरानी इकाई 'सफर' के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली के प्रदूषण में पराली जलाने से निकले धुएं की हिस्सेदारी 46 प्रतिशत तक पहुंच गयी। सफर ने कहा कि हरियाणा और पंजाब (उत्तर पश्चिम भारत) में पराली जलाने के मामले बढ़ रहे हैं और यह इस साल के सर्वाधिक स्तर (3178) पर है।

## ऑड-ईवन से नहीं कम होगा प्रदूषणः तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार 4-15 नवंबर के बीच दिल्ली में ऑड-ईवन योजना शुरू कर रही है। जिसको लेकर दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने दिल्ली सरकार पर तंज कसते हुए कहा है कि ऑड-ईवन से प्रदूषण कम नहीं होगा। सीएम अरविंद केजरीवाल भ्रम में जी रहे हैं। उनहोंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन सेवा को मजबूत किए बिना ऑड-ईवन लागू करना बेकार है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली में प्रदूषण कम करने में नाकाम रहे हैं।

## गोयल ने किया उपवास...



नई दिल्ली। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर राज्यसभा सांसद विजय गोयल ने शुक्रवार को एक दिन का उपवास किया। अपने आवास पर उपवास पर बैठे गोयल के समर्थन में प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी, सांसद प्रवेश वर्मा, भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन, सैंकड़ों कार्यकर्ता, आरडब्ल्यूए और आम जनता भी पहुंची। इस मौके पर गोयल ने कहा कि मेरे उपवास के दो कारण है। पहला, उपवास के माध्यम से पूरी दिल्ली से अपील कर रहा हुं कि प्रदूषण को हटाने के लिए वे सहयोग करें। दूसरा केजरीवाल सरकार पर यह दबाव बनाए कि पांच साल तक आपने प्रदूषण हटाने के लिए कुछ नहीं किया, किन्तु अब तो जागिए, उठिए और दूसरों को दोष मत दीजिए। उन्होंने कहा कि सफर आगेर्नाईजेशन, सीपीसीबी और अन्य पर्यावरण संबंधी संस्थाओं का कहना है कि पराली जलाने से केवल 4 से 10 प्रतिषत तक प्रदूषण होता है बाकी 90 प्रतिशत लोकल कारणों से होता है।

## प्रदूषणः उत्तरी निगम महापौर ने एलजी से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण व अन्य मांगों को लेकर उत्तरी दिल्ली नगर निगम के महापौर अवतार सिंह ने उपमहापौर योगेश वर्मा, स्थायी समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश और उपाध्यक्ष विपिन मल्होत्रा के साथ शुक्रवार को दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल से मुलाकात की। इस दौरान महापौर सिंह ने उपराज्यपाल को बताया कि लोक निर्माण विभाग व डीडीए अपने कार्यों को पूरा करने के लिए इधर-उधर सड़कों की खुदाई कर देते हैं, जिससे मलबे के कारण वायु प्रदूषण बढ़ रहा है।

## हल्की बूंदाबांदी हुई, प्रदूषण से राहत नहीं

**नई दिल्ली।** इस समय दिल्ली में प्रदूषण के कारण पब्लिक हैल्थ इमरजेंसी घोषित हो चुकी है। जिसके चलते स्कूल व निर्माण कार्यों को अगले पांच दिनों के लिए बंद कर दिए गए है। ऐसे में दिल्ली को बारिश की सख्त जरूरत है। ऐसे में शुक्रवार शाम को दिल्ली में कई जगह बूंदाबांदी हुई। लेकिन इस मामूली बूंदाबांदी का असर प्रदूषण पर नहीं पड़ो। जब तक तेज बारिया और जेत हवाएं नहीं चलेगी प्रदेषण पर कोई असर नहीं होने वाला। फिलहाल इसके आसार नहीं दिख रहे कि तेज बारिश और तेज हवा चलेगी। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में बादल डेरा तो जमाएंगे लेकिन बरसने की उम्मीद ना के बराबर है। दिल्ली में बादलों का डेरा होगा लेकिन बारिश पड़ोस के हरियाण, राजस्थान व यूपी में होने से इनकार नहीं किया जा सकता। इस बारे में निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर मौसम के महेश पलावत का कहना है कि काफी समय बाद उत्तरी पाकिस्तान व जम्मू कश्मीर में एक पश्चिमी विक्षोभ बन रहा है। जिसके चलते जम्मू कश्मीर में बारिश व कहीं कहीं स्नोफॉल हो सकता है। इस पश्चिमी विक्षोभ के असर से हिमाचल, उत्तराखंड में हल्की बारिश की संभावना है।

### जल बोर्ड, डीपीसीसी को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश

# भूजल के अवैध दोहन पर एनजीटी सख्त

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने राष्ट्रीय राजधानी में भूजल के अवैध रूप से दोहन पर जल बोर्ड और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को रिपोर्ट सौंपने के शुक्रवार को निर्देश दिये। अधिकरण ने उस याचिका पर यह निर्देश दिया है जिसमें उत्तरी दिल्ली में भूजल का अवैध रूप से दोहन किये जाने का आरोप लगाया गया है। अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि भूजल की कमी एक गंभीर चिंता का विषय है और अधिकारियों को इस मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। पीठ ने कहा कि डीजेबी और डीपीसीसी इस मामले को देखें और कानून के अनुसार उचित कार्रवाई करें और एक महीने के भीतर इस अधिकरण को तथ्यात्मक और कार्रवाई रिपोर्ट सौंपे। पीठ ने कहा कि डीपीसीसी समन्वय और अनुपालन के लिए नोडल एजेंसी होगी। अधिकरण शहर निवासी प्रमोद कुमार झा द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में यमुना जैव विविधता पार्क के निकट जगतपुर गांव में टैंकरों के जरिये बिक्री के लिए भूजल के अवैध दोहन के खिलाफ कार्रवाई किये जाने का आग्रह किया गया है। याचिकाकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि खुले में चारकोल के ड्रम जलाए जा रहे है जिससे वायु प्रदूषण हो रहा है। भूजल के गिरते स्तर को लेकर चिंता जताते हुए अधिकरण ने इसके अवैध दोहन को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के वास्ते एक समिति का गठन किया था।




## डीपीसीसी को निर्देश, अवैध बोरवेल के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर अवैध बोरवेल के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है ताकि भूमिगत जल को बचाया जा सके। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की पीठ ने कहा कि अवैध बोरवेल को बंद कर उनके मालिकों पर अभियोग चलाया जाए एवं जुर्माना वसूला जाये। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि डीपीसीसी या तो सीधी कार्रवाई कर सकती है या जिलाधिकारियों/उपजिलाधिकारियों से समन्वय कर नियमित आधार पर अवैध बोरवेल के मालिकों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करे। अधिकरण ने रेखांकित किया कि दिल्ली जल बोर्ड ने दिल्ली में 19,154 अवैध बोरवेल होने की जानकारी दी जिनमें से 2,630 को सील किया गया है। दिल्ली जल बोर्ड ने एनजीटी से कहा कि अवैध बोरवेल को सील करने की कार्रवाई जिलाधिकारियों द्वारा करायी जाए। वहीं डीपीसीसी ने अधिकरण को बताया कि अवैध बोरवेल पर जुर्माने का आकलन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अधिकरण अब्दुल फारुख नामक शख्स की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। अब्दुल ने आरोप लगाया था कि छतरपुर के चंदनहुला गांव में सरकारी ट्यूबवेल से पानी निकाल कर निजी टैंकर मालिकों को बेचा जा रहा है।



## खबर संक्षेप



### आईएएस की परीक्षा में अंकुश दूसरे स्थान पर

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद निवासी अंकुश मंगला ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की तरफ से संपन्न कराई गई आईइएस (इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस) की परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। अंकुश के द्वितीय स्थान प्राप्त करने के खुशी में पिता अमर चंद मंगला ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। आईइएस की मुख्य परीक्षा जून में और साक्षात्कार सितंबर में हुआ था। उन्होंने 1300 में से 780 अंक प्राप्त किए हैं। अंकुश मंगला सेक्टर-55 के रहने वाले हैं। 78 सप्ताह की ट्रेनिंग के बाद अंकुश रेलवे में सहायक निदेशक के पद पर कार्य करेंगे।

### फ्री सर्जरी कर बच्चों की मुस्कान लौटाएगा स्माइल ट्रेन इंडिया



**गुरुग्राम।** कटे होंठ और तालु की निशुल्क सर्जरी कर सामाजिक संस्था स्माइल ट्रेन इंडिया बच्चों की मुस्कान लौटाएगा। जिसके तहत स्माइल ट्रेन इंडिया ने आरवी अस्पताल के साथ करार किया है। यहां पत्रकारों से बातचीत में संस्था की प्रोग्राम मैनेजर शीला कोध्याना का कहना है कि जरुरतमंद परिवारों में ऐसे बच्चे हैं, जो कटे होंठ और तालु के साथ पैदा हुए हैं। लेकिन, वे परिवार धनाभाव और जागरूकता की कमी के चलते समय पर उपचार नहीं करा पाते।

### अयोध्या मामले के मद्देनजर धारा 144 लागू



**गाजियाबाद।** अयोध्या राम मंदिर मामले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मद्देनजर लेकर जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय व एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में सभी धर्मों के संभ्रांत लोगों के साथ बैठक की। जहां उन्होंने सभी को जिले में आज से धारा 144 लागू होने की जानकारी देते हुए लोगों से अपील की कि इस मामले में हो भी फैसला आए उसका स्वागत किया जाए। किसी तरह का जश्न या विरोध ना किया जाए। मंदिर पर फैसले से

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**फरीदाबाद।** थाना छांयसा के चांदपुर गांव में ट्रैक्टर पलटने से ड्राइवर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार चांदपुर गांव निवासी साजिद अपने खेतों की जुताई करने के लिए ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। खेतों में ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया। इस हादसे में साजिद ट्रैक्टर के नीचे दब गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### दो बाइक समेत दो वाहन चोर गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने अलग-अलग स्थानों से दो वाहन चोरों को काबू कर उनके कब्जे से दो मोटर साइकिल बरामद की हैं। जानकारीर के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम ने गांव सिंगार थाना पुन्हाना जिला नूंह हाल फतेली का मकान नजदीक पीर वाली मस्जिद गांव बड़खल निवासी फारूख उर्फ पंगल को काबू कर उसके कब्जे से मोटर साइकिल की है। इसके अलावा क्राइम ब्रांच ने ही गांव सिंगार थाना पुन्हाना जिला नूंह हाल गांव बड़खल निवासी ताहिर पुत्र रहमुद्दीन को चोरी की मोटर साइकिल समेत दबोचा है। इस मोटर साइकिल चोरी का मामला थाना सराय ख्वाजा में 23 जुलाई को दर्ज हुआ था। क्राइम ब्रांच आरोपियों से अन्य मामलों के संदर्भ में भी पूछताछ कर रही है।

---

### महिला व उसके साथी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

# पूर्व सरपंच की फ्लैट में गोली मारकर हत्या

**बेटे ने बताया - लेनदेन के चलते की गई पिता की हत्या**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

यहां राजेंद्र पार्क थाना क्षेत्र स्थित सोसायटी के फ्लैट में पूर्व सरपंच की गोली मारकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। झज्जर निवासी मृतक के पुत्र का आरोप है कि उसके पिता की हत्या रुपये के लेन-देन के चलते एक महिला व उसके मित्र ने की है। राजेंद्र पार्क थाना पुलिस ने महिला व अन्य खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला फरार चल रही है। उसकी तलाश में पुलिस की दो टीम लगाई गई हैं।

झज्जर जिला के गांव कड़ौधा निवासी पूर्व सरपंच रोशन (50) प्रापर्टी के कारोबार से जुड़े हुए थे। उनका यहां गुरुग्राम के राजेंद्र पार्क थाना क्षेत्र के सेक्टर 103 स्थित इंडिया बुल्स सोसायटी के फ्लैट नंबर-54 है। रोशन के पुत्र राहुल ने पुलिस को बताया कि उनके पिता बृहस्पतिवार की सुबह दस बजे घर से झज्जर स्थित अपने आफिस गए थे। उनके पास प्रॉपर्टी के ही कारोबार से जुड़ी सुमित फौगाट नामक महिला दोपहर में पहुंची। वह उन्हें यह कहकर अपनी ही कार से गुरुग्राम ले आई कि जो भी लेन-देन का मामला मिलकर निपटा लेंगे। रात करीब सवा ग्यारह बजे राहुल के पास झज्जर के ही बाटसा गांव निवासी विक्रम का फोन आया। जिसमें उसने कहा कि तुम्हारे पिता को चोट लगी है जल्दी से गुरुग्राम स्थित फ्लैट पर पहुंचे। जिसके बाद राहुल एक दोस्त के साथ गुरुग्राम पहुंचा तो देखा उसके पिता लहूलुहान स्थिति में मृत पड़े हुए थे। उनके सिर में गोली मारकर हत्या की गई थी। जिसके बाद राहुल ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो फ्लैट के अंदर पूर्व सरपंच के शव के अलावा मेज पर शराब की कई बोतल व चार गिलास रखे मिले। जिससे पुलिस यह अनुमान लगा रही कि वारदात में दो तीन व्यक्ति शामिल थे और शराब पीने के दौरान ही हुए झगड़े के बाद पूर्व सरपंच की हत्या की गई। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज ने कहा कि महिला व सुमित की तलाश की जा रही उसके सामने आने के बाद ही वारदात की मुख्य वजह और हत्या करने में कौन-कौन शामिल था यह बात सामने आएगी।



■ महिला और सुमित की तलाश की जा रही उसके सामने आने के बाद ही वारदात की मुख्य वजह और हत्या करने में कौन-कौन शामिल था यह बात सामने आएगी : थाना प्रभारी

---

### गाजियाबाद में लगातार बढ़ रहा प्रदूषण

# नोएडा देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा



■ गाजियाबाद का 496 तो नोएडा का एयर क्वालिटी इंडेक्स लेबल पहुंचा 499

■ डीएम ने कहा- पैनिक होने की जरूरत नहीं

गुरुग्राम/फरीदाबाद/गाजियाबाद। गाजियाबाद में प्रदूषण कम होने के बजाए लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार की सुबह को करीब साढ़े आठ बजे गाजियाबाद में एयर क्वालिटी इंडेक्स लेबल 493 पहुंच था लेकिन शाम होते-होते 496 पहुंच गया हालांकि नोएडा में यह 499 पहुंच गया और नोएडा देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा। ग्रेटर नोएडा का लेबल 496 रहा। गाजियाबाद का बृहस्पतिवार को औसत लेबल 482 था। हालांकि यदि बात एनसीआर की की जाए तो शुक्रवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स लेबल दिल्ली में 484, फरीदाबाद में 393, गुरुग्राम 469, ग्रेटर नोएडा में 496, व नोएडा में 499 रहा। इतना ही नहीं गाजियाबाद के चार प्रदूषण जांच सेंटरों पर प्रदूषण कम नहीं हुआ बल्कि बढ़ गया। शुक्रवार को गाजियाबाद के चार प्रदूषण जांच सेंटर वसुंधरा में 497, इंदिरापुरम में 495, संजय नगर में 491 तथा लोनी में 491 रहा। जबकि बृहस्पतिवार को वसुंधरा में 471, इंदिरापुरम में 472, संजय नगर में 496 तथा लोनी में 488 रहा था। वहीं जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने एक बयान में कहा है कि एयर क्वालिटी इंडेक्स लेबल को लेकर पैनिक होने की जरूरत नहीं है बल्कि उत्तर प्रदेश प्रदूषण विभाग द्वारा जो जांच यंत्र लगाए गए हैं वे टैक्सी स्टैंड या जनरेटर के पास हैं जिसके चलते लेबल सही नहीं आ रहा है। उन्होंने इन केंद्रों का स्थान बदलने को कहा है। उन्होंने कहा है कि जिला प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए है।

### फरीदाबाद में छाई रही धुंध की चादर

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद समेत आसपास के क्षेत्रों में दिवाली के बाद से छायी जहरीली धुंध की चादर शुक्रवार को और गहरी हो गई। रात भर में प्रदूषण का स्तर लगभग 64 अंक बढ़ गया और एयर क्वालिटी इंडेक्स 471 पर पहुंच गया। हरियाणा स्टेट पॉल्यूशनल कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात पहली बार एक्यूआई (बेहद गंभीर और आपात श्रेणी) में पहुंच गया। इसलिए सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के निर्देश पर जिले में जन स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा घोषणा करते हुए 350 से ज्यादा बॉयलर वाली कंपनी को बंद करा दिए गए हैं। उन्हें कम से कम 48 घंटे तक कंपनी में कोयले, डीजल आदि से बॉलयर और चिमनी नहीं चलाने का निर्देश जारी किया गया है। इसके लिए नाइट पेट्रोलिंग को बढ़ा दी गई है। एक अधिकारी ने बताया कि औद्योगिक नगरी की हवा लगातार खराब ही हो रही है। शुक्रवार सुबह हवा की गुणवत्ता 440 थी, वह दोपहर बाद करीब 3 बजे 471 पर पहुंच गई। जो बेहद ही खतरनाक स्थिति में माना जाता है। डॉक्टर इसे जन स्वास्थ्य के लिए आपात स्थिति मानते हैं। इसका असर अस्पतालों में अस्थमा, जुखाम, एलर्जी आदि के मरीज बढ़ने लगे हैं। बीके अस्पताल के पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि बीके में रोजाना 100 से 150 के आसपास सांस, अस्थमा, सर्दी, जुखाम, एलर्जी के मरीज पहुंच रहे हैं।



---

## तीन दुकानों के शटर तोड़कर नकदी व सामान चुराया

■ लोगों ने चोरी की वारदात पर जताया रोष

**फरीदाबाद।** थाना सारन क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात चोरों ने तीन दुकानों के शटर तोड़कर नकदी व अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही व्यापार मंडल के प्रधान रामजुनेजा ने मौके पर पहुंचे और पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की। पुलिस ने मौका मुआयना के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार जवाहर कॉलोनी एयर फोर्स रोड पर जैन ट्रेडिंग कंपनी के नाम से किराने का सामान बेचने वाले मुकुट जैन ने बताया कि वह रात में दुकान का ताला बंद कर घर चले गए थे। सुबह उन्हें पड़ोसियों से पता चला कि दुकान का शटर टूटा हुआ है। वे तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर से सामान चोरी किया था।

जांच करने पर पता चला कि गल्ले में रखे सवा लाख रुपये सहित करीब 50 हजार रुपये का सामान चोरी था। मुकुट जैन ने बताया कि चोरों ने उनके सामने रामेश्वर सिंगला की दुकान व इसी रोड पर आकाश की जूते की दुकान का भी शटर तोड़कर सामान चोरी किया है।

चोरी की सूचना पर मिलते ही एयरफोर्स रोड व्यापार मंडल के प्रधान राम जुनेजा मौके पर पहुंचे। उन्होंने मार्केट में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर रोष जाहिर किया। साथ ही पुलिस से इस क्षेत्र में गश्त की भी मांग की।

गौरतलब है कि इससे करीब दो दिन पहले रात्रि को इस इलाके में नंगला चौक के पास एक कन्फेक्शनरी की दुकान का शटर तोड़कर नकदी व सामान चोरी कर लिया था। ठंड बढ़ने के साथ ही चोरी की वारदातों में इजाफा हुआ।



फरीदाबाद। एयर फोर्स रोड पर दुकानों में हुई चोरी के बाद एकत्र हुए लोग।

### कार में लिफ्ट देकर लूटने वाले दस लुटेरे गिरफ्तार



**नोएडा।** शहर की पुलिस ने कार में लिफ्ट दे कर लूटने के आरोप में दस व्यक्तियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौतम बुध नगर वैभव कृष्ण ने शुक्रवार को यहां बताया कि एक सूचना के आधार पर सुबह पुलिस ने चंद्रकेश यादव, मणीराम यादव, सुरेश यादव, कुलदीप, शशिकांत, राजन उर्फ सागर, सोनू गौतम, बादल, जनार्दन, सोनू जाटव उर्फ भोले को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने विभिन्न लोगों से लूटे हुए 22 मोबाइल फोन, 5,000 हजार रुपये नकद, लैपटॉप, घड़ी, दो तमंचे, छह छुरे तथा लूट में प्रयोग होने वाली दो कारें बरामद की हैं। एसएसपी के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह लोग नोएडा के सेक्टर 37 तथा ग्रेटर नोएडा के परी चौक में सवारी के इंतजार में खड़े लोगों को कार में लिफ्ट देते थे और फिर हथियार दिखा कर उन्हें लूटते थे।

---

## शराब के नशे में युवक को मारी गोली

### गोली लगने के बाद 50 किलोमीटर दूर घर पहुंचा घायल

**फरीदाबाद।** दिल्ली से फरीदाबाद आकर शराब पीना एक युवक को भारी पड़ा गया। शराब के नशे में नीरज को किसी ने गोली मार दी और नशे में ही नीरज जान बचाने के लिए करीब पचास किलोमीटर का रास्ता तय कर फरीदाबाद से दिल्ली पहुंचा। फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल के पास दीनदयाल अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है।

#### सीने में लगी है गोली

उपचाराधीन नीरज की सीटी स्कैन की रिपोर्ट में सामने आया कि गोली नीरज के सीने में लगी है। डॉक्टरों ने उसका ऑपरेशन नहीं किया है। इसकी वजह यह है कि उन्हें डर है कि ऑपरेशन के दौरान नीरज की जान पर खतरा हो सकता है। हालांकि, नीरज की जान बचान के लिए उसका ऑपरेशन डॉक्टरों को आखिरकार करना ही पड़ेगा, लेकिन स्वास्थ्य और जान के जोखिम को देखते हुए हालात के मद्देनजर फैसला लिया जाएगा।

दिल्ली में टी-शर्ट प्रिंटिंग प्रेस में काम करने वाले नीरज को उसके मालिक राजू ने दिवाली के दिन यानी 27 अक्टूबर को फरीदाबाद चलने को कहा। मकसद था, दिवाली सेलिब्रेट करना, खाना.पीना और मजे करना। राजू, नीरज और राजू का मित्र विशाल रात में ही फरीदाबाद पहुंच गए। फरीदाबाद के नंगला एन्क्लेव पार्ट दो में राजू का साढू यशपाल रहता है। यशपाल के घर के सामने ही एक खाली प्लॉट है। प्लॉट के बगल में शराब का ठेका है। वहीं से शराब खरीदकर नीरज, राजू और विशाल ने शराब पी। नीरज के पिता बनारसी लाल ने बताया कि शराब पीने के दौरान राजू व नीरज के बीच पैसे को लेकर कहासुनी हो गई। राजू, विशाल व यशपाल में से किसी ने नीरज के सीने में गोली मार दी। गोली लगते ही नीरज मदद के लिए इधर-उधर भागने लगा। नशे में होने और घायल होने की वजह से काफी देर तक कोई मदद को आगे नहीं आया। इस दौरान नीरज के शरीर से लगातार खून बहता रहा। इस दौरान नीरज लगातार सड़क पर लोगों से मदद की गुहार लगाता रहा। इस बीच एक बाइक सवार ने उसे हाईवे तक पहुंचाया और वहां से नीरज ऑटो के जरिये बदरपुर बॉर्डर तक आया। इसके बाद बदरपुर बॉर्डर से एक ऑटो बुक कर वह अपने घर गांव ख्याला दिल्ली पहुंचा।

### हत्यारोपी को सुनाई उम्रकैद की सजा

**गुरुग्राम।** बीड़ी मांगने पर युवक की हत्या कर देने के मामले की सुनवाई करते हुए, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमएम धौंचक की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद व एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला उप न्यायवादी अनुराग हुड्डा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के गांव गढ़ी बाजिदपुर के धर्मपाल ने गत वर्ष तीन अगस्त को भौंडसी पुलिस थाना में शिकायत दी थी कि वह गांव में सतीश की दुकान पर काम करता है। वहीं एक सर्विस स्टेशन पर मध्यप्रदेश मूल का अरविंद गाड़ी की धुलाई कर रहा था। सर्विस स्टेशन पर ही काम करने वाले यूपी आगरा मूल के श्याम ने अपने साथी अरविंद से बीड़ी मांगी तो अरविंद ने बीड़ी देने से मना कर दिया, जिस पर उन दोनों में झगड़ा हो गया था। अरविंद ने सर्विस स्टेशन में पड़ी लोहे की रॉड उठाकर श्याम के सिर पर मार दी।

## लाखों रुपये की धोखाधड़ी में दो विदेशी नागरिक गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ फरीदाबाद

फेसबुक पर दोस्ती गांठने के बाद विदेश से महंगा गिफ्ट भेजने और वह गिफ्ट कस्टम में फंसने के बहाने लोगों से लाखों रुपये हड़पने वाले गिरोह का फरीदाबाद साइबर अपराध शाखा ने भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह फेसबुक पर विदेशी लड़की की आइडी से युवकों से दोस्ती गांठता था। पुलिस ने सेक्टर-21सी निवासी एक युवक सहित दो नाईजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दिल्ली व गुरुग्राम में छापेमारी कर रही है। अभी इसमें और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं। आरोपियों से पूछताछ सहित अन्य जानकारियां पुलिस ने जल्द साझा करने की बात कही है।



सूत्रों का कहना है कि जून में सूरजकुंड थाने में दर्ज एक मामले की जांच करते हुए पुलिस इस गिरोह के नजदीक पहुंची। इस मामले के शिकायतकर्ता अमित ने पुलिस को बताया था कि उसकी फेसबुक पर एक लड़की से चैटिंग शुरू हुई। चैट शुरू हुए कुछ दिन हुए थे कि एक दिन उस युवती ने नीदरलैंड से एक बेसकीमती गिफ्ट भेजने की बात कही। दो दिन बाद अमित को एक फोन आया और ठगों ने खुद को कुरियर कंपनी से बताकर पार्सल चार्ज मांगा। इसके बाद एक-एक कर कई खर्च के नाम पर ठगों ने 15.79 लाख रुपये अलग-अलग अपने अकाउंट में डलवा लिए, मगर गिफ्ट नहीं पहुंचा। फेसबुक वाली दोस्त हर दिन गिफ्ट के बारे में पूछती रहती। अमित के पास जब बिल्कुल रुपये नहीं बचे तो और पार्सल चार्ज दे पाने में असमर्थता जता दी। फिर उस युवती का फेसबुक अकाउंट भी बंद हो गया और ठगों के मोबाइल नंबर भी। इस मामले की जांच में साइबर अपराध शाखा चार महीने से लगी हुई थी।

---

### 36 घंटे तक चलेगा व्रतधारियों का व्रत

# छठ पर्व के दूसरे दिन हुआ 'खरना' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सूर्य देव की उपासना में भक्त लीन होने शुरु हो गए हैं। चार दिवसीय छठ पर्व के दूसरे दिन भी शहर के मुख्य सदर बाजार व साथ लगते जैकबपुरा, सोहना चौक और ओल्ड व न्यू रेलवे रोड स्थित बाजारों में भी छठ पर्व मनाने के लिए पूजा सामग्री खरीदते लोग दिखाई दिए, जिनमें महिलाओं की संख्या भी अच्छी खासी थी। नहाय-खाय के साथ पर्व की गत दिवस शुरुआत हो चुकी है। सभी व्रतधारियों ने सूर्य उपासना करने के बाद व्रत रखा। कहा जाता है कि गंगा में नहाकर ही इस व्रत की शुरुआत की जाती है, लेकिन लोगों ने गंगाजल की कुछ बूंदें पानी में मिलाकर स्नान किया। छठ पर्व का उपवास शुरु हो गया है, जो 36 घंटों तक चलेगा।

#### निर्जल व्रत रखेंगे व्रतधारी

व्रतियों ने शुक्रवार को पूरे दिन निर्जल व्रत रखा, सायं को उन्होंने हवन पूजा के बाद खरना का प्रसाद, गुड़ की खीर और मीठी रोटी के रूप में ग्रहण किया तथा अपने चिर-परिचितों को भी मीठी खीर व मीठी रोटी का प्रसाद वितरित किया। बिहार के मगध क्षेत्र की परंपरा को मानने वाले लोगों ने चावल, चने की दाल, चावल का पीठा आदि भी बनाकर आस-पडोस के व्रतियों को भोजन कराया। खरना के प्रसाद ग्रहण कर लेने के बाद व्रतधारियों का व्रत शुरु हो गया है, जोकि आगामी 3 नवंबर की प्रातः उगते सूर्य को अर्ध्य देने के साथ संपन्न होगा। यह व्रत करीब 36 घंटे का निर्जल व्रत होगा। एनसीआर के कई क्षेत्रों में पूर्वांचल मूल के लोग इस पर्व को पारस्परिक परंपरा के साथ मिलजुलकर मना रहे हैं।





#### तैयारियां जोरों पर

**फरीदाबाद।** सेक्टर-52 स्थित जंगली महादेव मंदिर पूर्वांचल के सबसे बड़े पर्व छठ पूजा की तैयारियां जोरों शोरों से की जा रही हैं। व्रतधारियों के लिए पूजा करने की उत्तम व्यवस्था की गई है। सुरक्षा का मंदिर प्रशासन ने पूरा ख्याल रखा हुआ है। मंदिर में इंटर लॉकिंग टाइल लगाने के कार्य के साथ-साथ सफाई व पूजा के लिए बने छठ घाट में निर्मल व स्वच्छ पानी भी भरा गया है।

#### लोगों में भारी उत्साह

**फरीदाबाद।** चार दिवसीय छठ महापूर्व की शुरुआत नहाय-खाय के बाद आज दूसरे दिन व्रतधारियों ने खरना (मीठी खीर) का सेवन किया। व्रतधारी शनिवार को दिन भर व्रत रखेंगे और शाम को सूर्य को अर्ध्य देकर अपनी आस्था प्रकट करेंगे। इसके बाद रविवार उगते सूर्य को अर्ध्य देकर व्रत का समापन किया जाएगा। छठ महापर्व मनाने को लेकर शहर में छठ पूजा कमेटियों ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। पूर्वांचल के लोगों में इस महा पर्व को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। फरीदाबाद में पूर्वांचल के लोगों की अधिक संख्या होने के चलते इस पर्व का महत्व शहर में अधिक बढ़ गया है। शिव-पार्वती हनुमान मंदिर डबुआ कॉलोनी के प्रधान ओमप्रकाश के साथ कमेटी के अन्य सदस्य तालाब संवारने में लगे रहे। इसके साथ ही कई जगहों पर सामाजिक स्वयंसेवक पूजा की तैयारियों में जुटे रहे।

### यातायात माह के पहले दिन ही ट्रैफिक पुलिस ने निकाली रैली



**गाजियाबाद।** एक नवंबर यानि शुक्रवार से यातायात माह शुरू हो गया। यातायात माह के पहले दिन रैली निकाली। एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने पुलिस लाइन स्थित आदेश कक्ष से इसका शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यातायात माह के दौरान आम जनता को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा ताकि वह यातायात नियमों के प्रति सजग हों तथा उनका पालन कर सकें। उन्होंने कहा कि यदि यातायात नियमों का पालन हर वाहन चालक करे तो यातायात से संबंधित ज्यादातर समस्याएं स्वतः ही हल हो जाएं। उन्होंने यातायात जवानों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ट्रैफिक पुलिस की रैली ने पूरे शहर में भ्रमण किया। और यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार किया। शुभारंभ मौके पर एसपी ट्रैफिक श्याम नारायण सिंह, एसपी सिटी मनीष कुमार मिश्र, एसपी ग्रामीण नीरज कुमार जादौन, एएसपी केशव कुमार, सीओ यातायात महीपाल सिंह, प्रतिसार निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह चौहान, प्रतिसार निरीक्षण परिवहन शाखा रमेशचंद समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



## बाइक पर स्टंट कर रहे थे युवक, आग लगने पर छोड़कर भागे, जांच शुरू

**भिवानी।** शहर के किरोड़ीमल पार्क में शुक्रवार शाम अचानक एक बाइक में आग लग गई। घटना की जानकारी लोगों ने अग्निशमन केंद्र को दी। तत्काल दमकल मौके पर पहुंची और बाइक में लगी आग को बुझाया। लेकिन आग बुझाए जाने तक बाइक के टायर तक जल गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दो-तीन बच्चें किरोड़ीमल पार्क में बाइक पर स्टंट कर रहे थे। अचानक बाइक में आग लग गई और युवक बाइक को छोडकर भाग खड़े हुए। लोगों ने घटना की जानकारी अग्निशमन केंद्र को दी। दमकल ने मौके पर पहुंचकर बाइक की आग को तो बुझा दिया, लेकिन यह पता नहीं चल सका कि जली हुई बाइक किसकी हैं। खूफिया तंत्र इस बात की जानकारी लेने का प्रयास कर रहा है कि बाइक किसकी थी और इसमें आगे कैसे लगी। मौके पर उपस्थित लोग आपस में चर्चा कर रहे थे कि जली हुई बाइक या तो युवक किसी से मांग कर लाए थे या फिर वह उठा कर लाई गई थी। इसीलिए आग लगते ही युवक मौके से फरार हो गए।

## दादरी के किसानों ने बाघा बार्डर पर शहीदों को नमन किया



**चरखी दादरी।** दादरी जिला के घिकाड़ा गांव के सरपंच सोमेश पराली न जलाने वाले किसानों को लेकर वैष्णो देवी के लिए रवाना हुए। यात्रा के तीसरे दिन शुक्रवार को वह फिरोजपुर पहुंचे। जहां भारतीय सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों से सरपंच व किसानों ने मुलाकात की। यहां से उन्हे कमांडेट नामीचंद हुसैनीवाला स्थित भारत-पाक सीमा को दिखाने ले गए। इसी दौरान भारतीय सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने बताया की पराली जलने से सीमा पर विजिविलटी काफी कम हो जाती है। ऐसे मे पेट्रोलिंग करने वाले जवानों को इस प्रदूषण से काफी दिक्कत आती है। उन्होंने इस अभियान को लेकर सरपंच सोमेश व किसानों की सराहना की। इसके बाद असिस्टेंट कमांडेट प्रियंका इस दल को शहीद ए आजम भगत सिंह,राजगुरु व सुखदेव की समाधि स्थल पर लेकर गई। जहां किसानों ने पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया।

# कांग्रेस में नेता विपक्ष पर रार, 4 विधायक किरण चौधरी के साथ, 27 हुड्डा के पक्ष में

## विधायक दल की बैठक में खींचतान, फैसला पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी पर छोड़ा

■ हरियाणा प्रभारी गुलाम नबी आजाद और वरिष्ठ नेता मधुसूदन मिस्त्री केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में पहुंचे थे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के लिए निर्वाचित कांग्रेस विधायकों की शुक्रवार को बैठक हुई। इसके बाद कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) का नया नेता चुनने के लिए पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को अधिकृत किया गया। सूत्रों ने बताया कि यहां पार्टी कार्यालय में हुई सीएलपी की बैठक में विधायकों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पूर्व सीएलपी नेता किरण चौधरी का नाम प्रस्तावित किया जिसे लेकर दोनों गुटों में खींचतान शुरू हो गयी।

### पार्टी के 31 विधायक

उन्होंने बताया कि लगभग 27 विधायकों ने हुड्डा का समर्थन किया जबकि 4 विधायक किरण को सीएलपी नेता बनाने के पक्ष में थे। बैठक में हरियाणा के कांग्रेस प्रभारी गुलाम नबी आजाद, वरिष्ठ नेता मधुसूदन मिस्त्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा भी शामिल हुई। गौरतलब है कि 90 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 31 विधायक चुनकर आए हैं। शुक्रवार को विधायक दल का नेता चुनने के लिए बैठक बुलायी गई थी। इस दौरान नेता विपक्ष और उप नेता के लिए विचार मंथन हुआ। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का विधायक दल का नेता और नेता प्रतिपक्ष चुना जाना लगभग तय मानकर चला जा रहा था। इस बैठक के बाद में प्रदेश प्रभारी गुलाम नबी आजाद ने इस दौरान कहा कि विधायक दल का नेता कौन चुना जाना है, यह सभी को पता है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा सैलजा ने कहा कि इस बैठक में सभी विधायकों ने एक प्रस्ताव पारित कर हाईकमान को भेजने का फैसला कर लिया है। पूर्व सीएलपी लीडर और विधायक किरण चौधरी ने भी इस दौरान कहा कि विधायक दल का नेता कांग्रेस हाईकमान की ओर से चुना जाएगा।



**चंडीगढ़।** कांग्रेस विधायक दल की बैठक में प्रदेश प्रभारी गुलाम नबी आजाद और अन्य नेता।

### दिल्ली में प्रदूषण के लिए केजरीवाल खुद जिम्मेदार

विधायक और पूर्व सीएलपी लीडर किरण चौधरी ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण के लिए पंजाब हरियाणा नहीं बल्कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल खुद जिम्मेदार है। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के लिए दूसरों को दोष देने के स्थान पर खुद को देखना चाहिए। पहले तो दिल्ली में दीपावली पर जमकर पटाखे खूब जलाए और बाद में प्रदूषण का रोना रो रहे है। यह बात ठीक है कि थोड़ा बहुत प्रदूषण पराली जलाने से होता है लेकिन सारी बात के लिए हरियाणा पंजाब के किसानों को जिम्मेदार ठहराना ठीक नहीं है। किसानों को पराली की जगह पराली जलाने की जगह हरियाणा सरकार को इसके लिए अलग से विकल्प और सुविधाएं देनी चाहिएं। सुविधाओं को लेकर दावे किए जा रहे हैं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। किरण चौधरी ने किसान पराली जलाने के मामले में दर्ज मुकदमे को गलत बताया और कहा सरकार की तरफ से पहले से कोई पुख्ता प्रबंध नहीं हैं।

### प्रस्ताव पारित कर केंद्रीय नेतृत्व को भेजा: कादियान

बेरी से कांग्रेस विधायक डा. रघुवीर कादियान ने कहा कि विधायक दल की बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। जिसमें कांग्रेस की ओर से सभी विधायकों की तरफ से अपनी व्यक्तिगत राय दी गई है और विधायक दल का नेता कौन होगा। इसका फैसला कांग्रेस हाईकमान के ऊपर छोड़ दिया गया है।

### पांच से 15 तक जिलों में प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

भाजपा की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध प्रदेश में पांच नवंबर से 15 तक जिला स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी पीसीसी अध्यक्ष सैलजा ने दी साथ ही बताया कि इनमें प्रदेश स्तर के नेता भी जाएंगे, इस कार्यक्रम के तहत एक दिन में दो से तीन जिलों को कवर किया जाएगा। जिलेवार कार्यक्रम भी बाद में जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता भी जिलों का दौरा कर कार्यकर्ताओं को जोश बढ़ाने का काम करेंगे। इसके लिए तैयारी की जा रही है।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स स्पर्धा के लिए 25 खिलाड़ियों का चयन

**बहादुरगढ़।** दुबई में 3 से 15 नवंबर तक होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम के लिए 32 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। यह टीम पांच कोचों के साथ दुबई में भारत का प्रतिनिधत्व करेगी। इन पांच कोचों में सेक्टर-6 निवासी बलवान सिंह भी शामिल हैं। बलवान सिंह इन पांचों में ऐसे कोच हैं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए पदक जीत चुके हैं। बता दें कि बलवान सिंह ने 2006, 2010 पैरा एशियन गेम्स व 2009 विश्व खेलों में भारत का गौरव बढ़ाया है। दिल्ली सरकार ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में मिलने वाला अवार्ड राजीव गांधी राज्य खेल पुरस्कार वर्ष 2007 में प्रदान किया। बलवान सिंह देश अकेले ऐसे पैरा खिलाड़ी हैं, जिनको एथलेटिक्स में पटियाला से डिप्लोमा वर्ष 2013-14 में कोच बनने का अवसर मिला।



**PROVESTMENT SERVICES LTD.**
CIN: L74899DL1994PLC058964
Regd. Office: Building No 5, 1st Floor, Pusa Road, W.E.A. Karol Bagh, New Delhi-110 005
Web: www.provestment.net , E-Mail: deepika@provestment.net
Landline: (91)-11-47177000

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29(1) (a) & Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, it is hereby informed that a meeting of Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Thursday, 14th November, 2019 at 04:00 P.M. at the Registered Office of the Company situated at Building No. 5, First Floor, Pusa Road W.E.A. Karol Bagh, New Delhi -110005 to consider and approve, inter-alia, the Unaudited Standalone Financial Results of the Company for the Second Quarter/Half year ended on 30th September, 2019.
Kindly note that, pursuant to the Company's Code of Conduct framed in accordance with SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015 ('the code'), Trading Window for dealing in shares of the Company, for persons specified under the Code, shall remain closed from Tuesday, 01st October, 2019 till the end of 48 hours, after the financial results of the company for the quarter/Half yearly ending 30th September, 2019, become generally available
The said notice may be accessed on the Company's website at www.provestment.com and may also be accessed on the Stock Exchange at www.bseindia.com.

By or on behalf of the Board
For Provestment Services Ltd.
Sd/-
Deepika Rajput
Company Secretary & Compliance Officer
Place: New Delhi
Date: 02.11.2019

## हरियाणा दिवस पर गुलजार हुआ राजभवन



■ समारोह का शुभारंभ राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य, पंजाब के राज्यपाल वी.पी बदनौर, प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया

■ प्रदेश के साथ अन्य राज्यों के कलाकारों ने समारोह में प्रस्तुति देकर मन मोह लिया

### हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा प्रदेश

**चंडीगढ़।** हरियाणा राजभवन में शुक्रवार राज्य स्तरीय हरियाणा दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य, पंजाब के राज्यपाल वी.पी बदनौर, प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। राज्यपाल ने प्रदेश के लोगों को इस शुभ अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश ने अपने गठन के बाद प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। वर्ष 1966 में जब हरियाणा बना तो यह मरूस्थलीय प्रदेश था अब इसकी गिनती देश के विकसित राज्यों में होती है। मुख्यमंत्री ने भी हरियाणा वासियों को हरियाणा दिवस की बधाई दी और प्रदेश के सभी नागरिको से अपील की कि वे आगे हरियाणा को नवीन तकनीक व प्रौद्योगिकी से लैस दुनिया का सर्वाधिक विकसित क्षेत्र बनाने का संकल्प लें। इस अवसर पर बहुरंगी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसका शुभारंभ हरियाणवी कार्यक्रमों से हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में ही हरियाणा का लोक नृत्य खोड़िया राजस्थान का लोक नृत्य कालबेलिया प्रस्तुत किया गया। समारोह में राज्यपाल ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों को पांच लाख रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की।

## चंडी प्रसाद भट्ट को मिला इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 'इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' प्रदान किया। इस बार का पुरस्कार पर्यावरणविद चंडी प्रसाद भट्ट को प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल हुए, हालांकि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा मौजूद नहीं थे। पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि ये दोनों नेता संभवतः दिल्ली से बाहर हैं इसलिए कार्यक्रम का हिस्सा नहीं बन सके। सोनिया ने इस पुरस्कार समारोह में कहा, ''राष्ट्रीय एकता इंदिरा जी का एक जुनून था। मौजूदा सरकार के उलट उन्होंने एकता का मतलब एकरूपता नहीं माना।




## राई औद्योगिक क्षेत्र को विकसित किया जाएगा: रूपाला

**राई।** केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने राई औद्योगिक क्षेत्र नाथूपुर में एक नवनिर्मित औद्योगिक इकाई का बतौर मुख्यातिथि उद्घाटन करते हुए कहा कि राई क्षेत्र में और अधिक औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री का उद्योगपतियों के साथ विधायक मोहनलाल के भाई माईराम बड़ौली ने बुका देकर स्वागत किया। मंत्री रूपाला ने कहा कि राई में विशेष रूप से औद्योगिक विस्तारीकरण किया जाएगा, ताकि अधिकाधिक लोगों को रोजगार मिल सके। इससे क्षेत्र के विकास को बल मिलेगा। इस मौके पर रविंद्र कौशिक, सुमित कौशिक, प्रवेश पलड़ी, सुनील त्यागी, नवीन एडवोकेट, भूपेंद्र कौशिक, विनोद मुरथल, विनोद तिवारी आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## पराली जलाने के मामले में पंजाब में 25 प्रतिशत बढ़ोतरी

**चंडीगढ़।** पंजाब में धान कटाई के मौसम में अभी तक पराली जलाने की घटनाओं में करीब 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है जबकि इसके पड़ोसी राज्य हरियाणा में मामूली गिरावट देखी गई है। कृषि प्रधान राज्यों में किसानों द्वारा पराली जलाना जारी है जबकि इस पर रोक लगी हुई है। पराली जलाने वाले ऐसे लोगों में से कई पर जुर्माना लगाया गया है जबकि अन्य पर मामले दर्ज किये गए हैं। यद्यपि कृषि और प्रदूषण नियंत्रण विभागों के अधिकारी इस मौसम में पराली जलाने की संख्या में कमी होने को लेकर आशांवित हैं। सरकारी एजेंसी 'सफर' ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण में पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की हिस्सेदारी शुक्रवार को बढ़कर 46 प्रतिशत हो गई। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि पंजाब में अभी तक पराली जलाने के कुल 22,137 मामले सामने आये हैं। तरण तारण जिले में 2,614 मामले सामने आये हैं।

**Central University of Haryana**
NAAC Accredited 'A' Grade University
(Established vide Act No. 25 (2009) of Parliament)
Mahendergarh - 123031 (Haryana)

**Department of Nutrition Biology**

Applications are invited for the post of one Junior Research Fellow under DST funded project on purely temporary basis. Applications should reach undersigned by 20th November, 2019. For more details please visit www.cuh.ac.in/cuh-jobs.aspx

Dr. Savita Budhwar, PI
Department of Nutrition Biology

**फ्रिक इंडिया लिमिटेड**
FRICK
पंजी. कार्यालय : 21.5 किमी., मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद-121003
CIN - L74899HR1962PLC002618, e-mail- fbd@frickmail.com,
Ph. 0129-2275691-94, 2270546-47 : Fax: 0129-2275695 web : www.frickweb.com

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 30 सितम्बर 2019 को समाप्त द्वितीय तिमाही हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित (समीक्षाकृत) वित्तीय परिणामों पर विचार करने, अनुमोदन करने और रिकार्ड पर लेने के लिये साथ ही साथ सम्बन्धित बैठक (ां) हेतु निर्धारित एजेंडा पर सूचीकृत अनुसार अन्य मद (ां) का निपटान करने के लिये नामांकन और पारिश्रमिक कमेटी, स्टेक होल्डर्स रिलेशनशिप कमेटी, ऑडिट कमेटी और कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक **बुधवार, 13 नवम्बर, 2019** को अप. 2.30 बजे, अप. 2.45 बजे, अप. 3.00 बजे और अप. 4.30 बजे क्रमशः **फ्लैट नं. 809, सूर्य किरण बिल्डिंग, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली**-110001, **भारत** में आयोजित की जाएगी।

कम्पनी के शेयरों में डीलिंग हेतु ट्रेडिंग विंडो बुधवार 6 नवम्बर 2019 से शुक्रवार 15 नवम्बर 2019 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेगी। ***ट्रेडिंग विंडो शनिवार 16 नवम्बर 2019 को कार्य समय के प्रारम्भ से पुनः खुलेगी।*** उक्त जानकारी हमारी वेबसाइट www.frickweb.com और मैट्रोपोलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.msei.in पर भी उपलब्ध है।

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
अमित सिंह
कम्पनी सचिव
सदस्यता सं. ए 46813
स्थान : फरीदाबाद
दिनांक : 01 नवम्बर 2019

कैप्टन अमरिंदर की अध्यक्षता में हुई बैठक

# पंजाब राज्य विधानमंडल अधिनियम को मंजूरी

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब कैबिनेट ने पंजाब राज्य विधानमंडल (अयोग्यता एवं रोकथाम) अधिनियम, 1952 में संशोधन करने का निर्णय किया है जिसके तहत मुख्यमंत्री के योजना एवं राजनीतिक सलाहकार लाभ का पद धारण करने के कारण अयोग्य घोषित नहीं होंगे । अधिनियम की धारा दो में संशोधन से संबंधित विधेयक पंजाब विधानसभा के आसन्न सत्र में सदन में रखा जाएगा । मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि इस संशोधन के बाद इस श्रेणी (मुख्यमंत्री के राजनीतिक एवं योजना सलाहकार) में नियुक्त विधानसभा के सदस्य लाभ का पद धारण करने के कारण आयोग्य घोषित नहीं हो सकेंगे । प्रवक्ता ने बताया कि समय समय पर इस अधिनियम में मामूली संशोधन होता रहा है, हालांकि, इस तरह के संशोधनों ने आधुनिक शासन की जटिलताओं को ध्यान में नहीं रखा है । एक अन्य निर्णय में कैबिनेट ने पंजाब राज्य अनुसूचित जाति (संशोधन) अध्यादेश, 2019 को विधानसभा के आसन्न सत्र में पेश करने को भी मंजूरी दे दी। इसके पारित हो जाने के बाद यह आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के लिए मौजूदा आयु सीमा 70 वर्ष से बढ़ाकर 72 वर्ष करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।




**पंजाब ने केंद्र सरकार को अनाजों का भंडार खपाने की अपील की:** पंजाब सरकार ने शुक्रवार को केंद्र से आग्रह किया कि वह पंजाब में अनाज भंडारण के लिये जगह की कमी की समस्या को देखते हुए खुले बाजार बिक्री योजना के माध्यम से राज्य के खाद्य भंडार को तत्काल बाजार में खपाये। मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने कहा कि वे जल्द ही केंद्रीय खाद्य मंत्री रामविलास पासवान से मिलेंगे और भंडारण मुद्दे को हल करने के लिए उनसे हस्तक्षेप करने को कहेंगे, और अगर जरूरत पड़ी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष इस मुद्दे को उठाएंगे। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार सिंह ने धान खरीद कार्यों की समीक्षा के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान सचिव (खाद्य) के. ए. पी. सिन्हा से कहा कि यदि केन्द्र सरकार भंडार को खाली कराने में विफल रहती है, तो वे भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) से कहें कि वह राज्य में व्यापक स्तर पर भंडारण के लिए जल्द से जल्द भंडारण-अंतर विश्लेषण प्रस्तुत करें। मौजूदा समय में, अनाज की निकासी गति को देखते हुए राज्य में 40 लाख टन अनाज स्टॉक के लिए जगह की कमी है। भारी खरीफ फसल उत्पादन के मद्देनजर मौजूदा भंडारण स्थान पर और दबाव बन गया है। इस बीच, प्रमुख सचिव (खाद्य) ने खुलासा किया कि 170 लाख टन की लक्षित खरीद के मुकाबले चालू खरीफ विपणन सत्र के दौरान लगभग 108.50 लाख टन धान की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि 15 दिसंबर की कट-ऑफ तारीख से पहले 30 नवंबर तक पूरी खरीद अभियान का काम पूरा हो जाएगा।

## सुखबीर बोले- कोर्ट मार्शल हुए 309 सिख सैनिकों से आरोप हों वापस, सुविधाएं मिले

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल ने 1984 में सेना में कोर्ट मार्शल किए गए 309 सिख सैनिकों का मुद्दा उठाया है। उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। बादल ने कहा है कि सेना से भगोड़े करार दिए गए इन सैनिकों से सभी आरोप वापस लिए जाएं और उनको भूतपूर्व सैनिक का दर्जा दिया जाए। उनको इसके अनुरूप सारी सुविधाएं दी जाए। पंजाब के फिरोजपुर से सांसद सुखबीर सिंह बादल ने प्रधानमंत्री को त्र लिखा। उन्होंने पत्र में पूरे मामले के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जानकारी दी है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि 1984 में भगोड़ा करार दिए गए 309 सिख सैनिकों का कोर्ट मार्शल किया गया था और उनकी सेवा समाप्त कर दी गई थी। अब इन सिख सैनिकों को सभी आरोपों से बरी करना चाहिए और उन्हें पूर्व सैनिक के रूप में माना जाना चाहिए।

**गुमशुदा की तलाश**



चंपा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **चंपा** अपने लडके के साथ नाम **दिपांशु** पत्नी **नरेश गोस्वामी** पताः मकान नं. 206, पाल चौक राजपुरा गुरुमंडी, दिल्ली। जो दिनांक 05.10.2019 से गुम हुई है। इस बाबत वाईड **डीडी सं. 19ए दिनांक 07.10.2019, थाना–मॉडल टाउन, दिल्ली** में दर्ज है। ब्यौरा **उम्र**– 27 वर्ष, **कद**–5'4'', **चेहरा**–गोल **रंग**–गोरा **शरीर**–सामान्य, **पहनावा**– जिसने काले रंग की शर्ट और पजामी व हरे रंग की पैरों में चप्पल पहने हुई है।
स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस महिला और उस के बच्चे का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस और उस के बच्चे के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

ई–मेल : cic@cbi.gov.in
फोन.: 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639
DP/9485/NW/19

थानाध्यक्ष
थाना–मॉडल टाउन, दिल्ली
फोन नं. 011-27456072, 27459202, 8750870232

## खबर संक्षेप

### मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने की इमामों से अपील

**लखनऊ।** आल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने अयोध्या मसले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला जल्द आने की संभावना के तहत तमाम मस्जिदों के इमामों से अपील की है कि वे मुसलमानों को मुल्क के संविधान, न्यायपालिका पर पूरा भरोसा करने व साम्प्रदायिक भाईचारे पर आंच न आने देने की हिदायत दें। इस बात का अंदाजा लग रहा है कि अयोध्या मसले पर सुप्रीम कोर्ट का अंतिम फैसला जल्द ही आने वाला है।

### फर्जी प्रमाण पत्र के बल पर बना शिक्षक बर्खास्त

**देवरिया (उप्र)।** फर्जी प्रमाणपत्र देकर शिक्षक की नौकरी पाने वाले व्यक्ति को बर्खास्त कर दिया गया है। भलुअनी क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय घेवड़ा में तैनात सहायक अध्यापक प्रभुनाथ चौधरी विभागीय जांच के दौरान विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र नहीं प्रस्तुत सके थे, इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई की गयी है। देवरिया के बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ओमप्रकाश यादव ने बताया कि विशिष्ट बीटीसी का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने के कारण घेवड़ा के सहायक अध्यापक प्रभुनाथ चौधरी को बर्खास्त कर दिया गया है।

### मुजफ्फरनगर में व्यक्ति की हत्या, हमलावर ने बनाया वीडियो

**मुजफ्फरनगर (यूपी)।** जिले में तीन दिनों से लापता 25 वर्षीय व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि हत्यारे ने हथौड़े से उसका सर कुचल दिया व निर्दयता से अंजाम दिए गए घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि जिले के छपार गाँव का निवासी राजीव 29 अक्टूबर से लापता था। गुरुवार की रात पास के खेत में उसका शव पाया गया जिस पर चोट के कई निशान थे।

### मेयर ने सीएम योगी से की शिकायत तो जागे अफसर

# कान्हा उपवन में 100 से ज्यादा गायों की मौत

एजेंसी ⏭ बरेली




यूपी के बरेली में 15 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ सीएम योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट का कान्हा उपवन अब गायों के लिए कब्रगाह बन गया है। यहां अब तक 100 से अधिक गायों की मौत हो चुकी है। जिसके बाद मेयर ने सीएम से मामले की लिखित शिकायत की है। मरी हुई गायों के शव को जेसीबी से उठाकर ले जाया गया। सीएम योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत बना कान्हा उपवन सीबीगंज के नदौसी में स्थित है। बता दें कि कान्हा उपवन का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने पिछले साल ही किया था। उद्घाटन के एक साल बाद ही कान्हा उपवन की स्थिति बिल्कुल बदल गई है। यहां पिछले कुछ समय में 100 से अधिक गायों की मौत हो चुकी है। पिछले 8 दिनों में मेयर उमेश गौतम ने दो बार अचानक छापा मारा तो यहां की तस्वीरें देख वो विचलित हो गए। जगह-जगह गायों के कंकाल पड़े थे। कहीं घायल गाय थी तो कहीं गायों के शव पड़े हुए थे। मौजूदा समय में हालत ये है कि कान्हा उपवन में रोजाना 2-3 गायों की मौत हो रही है।

#### सीएम ने मांगी डीएम से रिपोर्ट

वहीं जब मेयर उमेश गौतम ने मामले की शिकायत सीएम योगी से की तो बरेली में बैठे अफसरों में हड़कंप मच गया। सीएम योगी ने मामले को संज्ञान में लेकर डीएम से जानकारी मांगी है। इसके बाद डीएम ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को गायों की जांच के लिए भेजा है, जिससे वो पता करें कि गायों की मौत आखिर क्यों हो रही है। खुद डीएम वीरेंद्र कुमार सिंह, नगर आयुक्त ने कान्हा उपवन का निरीक्षण किया।

#### अब निरीक्षण में जुटे अफसर

गौरतलब है कि गायों की मौत के प्रकरण में सीएम योगी महराजगंज के डीएम समेत कई अफसरों पर कार्रवाई कर चुके हैं। ऐसे में अब अफसरों को ये डर है कि कहीं उनके खिलाफ भी कोई कार्रवाई न हो जाए। यही कारण है कि अब अफसर लगातार कान्हा उपवन का निरीक्षण करने में जुटे हुए हैं।

### बागपतः सीएम के दौरे से पहले मॉक ड्रिल, नहीं चले हथियार

**बागपत।** सीएम योगी के दौरे से पहले बागपत पुलिस ने रिजर्व पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल का आयोजन किया। हालांकि मॉक ड्रिल में पैलेट गन, स्मोक गन को पुलिसकर्मी फायर ही नहीं कर पाए। बागपत में किसान आंदोलन को टारगेट करते हुए दंगा नियंत्रण करने का मॉक ड्रिल किया गया था। जिसमें सरकारी हथियार फेल होते दिखाई दिए। सीएम योगी 4 नवंबर को बागपत के रमाला शुगर मिल में विस्तारीकरण और 27 मेगावॉट विद्युत संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। वहीं सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या मामले पर सुनवाई पूरी हो चुकी है व अब फैसले का इंतजार है। ऐसे में बिगड़े हालातों से निपटने के लिए पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। बागपत में मॉक ड्रिल के दौरान पैलेट गन और स्मोक गन जैसे हथियारों से फायर ही नहीं हो पाया। हालांकि परंपरागत हथियार जरूर कसौटी पर खरे उतरे। बागपत के एसपी प्रताप गोपेंद्र यादव ने बताया कि पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल करवाया गया। इसे हम एंटी राइट ड्रिल कहते हैं। करीब 3 महीने में एक बार एंटी राइट ड्रिल करके उपकरणों की जांच की जाती है। मॉक ड्रिल में पुलिसकर्मियों को अभ्यास कराया जाता है और जो कमी रहती है उन्हें समय रहते पूरा किया जाता है।

#### हमीरपुर में भी खुली पोल

इसके अलावा यूपी के हमीरपुर में पुलिस के हथियारों की हकीकत सामने आई। हमीरपुर में भी दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल किया। इस दौरान पुलिस की आधा दर्जन बंदूकें फेल हो गईं। जिसके बाद पुलिसकर्मी पेचकस से बंदूक में फंसी गोली निकालने लगे तो कुछ पुलिसकर्मी जाम हुई बंदूकों को जमीन पर ठोकते हुए दिखाई दिए। इस दौरान जिले के एसपी के साथ कई आला अधिकारी भी मौजूद थे। हमीरपुर के एसपी शकोक कुमार ने कहा कि हमीरपुर जिले में हर शुक्रवार को पुलिस परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड का आयोजन होता है। आज परेड के बाद मॉकड्रिल किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के आने वाले फैसले के तहत मॉक ड्रिल काफी महत्त्वपूर्ण था, जिसमे दंगा नियंत्रण का अभ्यास किया गया।



### सभी पुलिस रेंज में साइबर थानों, फॉरेंसिक लैब की स्थापना की जाएः योगी

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि राज्य के सभी 18 पुलिस रेंज में साइबर थानों, फॉरेंसिक लैब की स्थापना की जाए, इसके लिए जरूरी मानव संसाधन की भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए। लखनऊ में फॉरेंसिक विवि की स्थापना का काम तेजी से बढ़ाया जाए। सीएम ने निर्देश लोक भवन में पुलिस के प्रशासनिक व आवासीय भवनों के निर्माण के संबंध में गृह विभाग के प्रस्तुतिकरण के दौरान दिए। सीएम को अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने विभाग में प्रस्तावित विभिन्न भवन निर्माण कार्यों, डिजाइन के संबंध में जानकारी दी।

# छठ घाट बनाते वक्त चाचा-भतीजे की डूबने से मौत, गांव में मातम

एजेंसी ⏭ बरियारपुर/मुंगेर



- मिट्टी का धसना गिरने से गहरे पानी में चले गए थे चाचा-भतीजे
- भतीजे विवेक को बचाने के प्रयास में डूबे थे चाचा सियाराम

जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र के दीवानी टोला गांव के पीछे गंगा घाट में छठ घाट बनाने के क्रम में चाचा-भतीजा की मौत गंगा में डूबने से हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची बरियारपुर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर भेज दिया। जानकारी के अनुसार, मुंगेर जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र के दीवानी टोला गांव निवासी 27 वर्षीय सियाराम कुमार दास एवं उनका 15 वर्षीय अपने भतीजे विवेक कुमार गांव के पीछे छठ घाट बनाने के लिए गंगा घाट गये थे। छठ घाट बनाने के क्रम में मिट्टी का धसना गिरने से दोनों गहरे पानी में चले गये। पहले भतीजा विवेक कुमार पानी में डूबने लगा, जिसे बचाने के लिए चाचा सियाराम कुमार दास प्रयास करने लगे। इसके बाद भतीजे को बचाने के दौरान चाचा भी डूबने लगे। वहीं, आसपास के लोग दौड़ कर मौके पर पहुंचे व बचाने का प्रयास करने लगे। बचाने के दौरान वे लोग भी डूबने लगे। इसके बाद स्थानीय गांव के लोगों ने देखा तो अन्य लोगों को डूबने से बचाया। लेकिन, चाचा-भतीजे को बचाया नहीं जा सका। विवेक कुमार तीन भाई-बहनों में अकेला भाई था। वह फिलिप उच्च विद्यालय में कक्षा नौ का छात्र था। विवेक की मौत की खबर सुन कर उसकी बहनें, माता आशा देवी एवं पिता देवेंद्र कुमार का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं, चाचा सियाराम कुमार दास को तीन पुत्र हैं। पति की मौत पर पत्नी शांति देवी की आंखों से आंसू बंद नहीं हो पा रहे हैं।

## भक्तों को बांटे फल...



बिहार के उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने पटना में शुक्रवार को छठ भक्तों के बीच फल वितरित किए।

## राशिफल 02 नवंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : नियमित व्यायाम करना सेहत के लिए फायदेमंद रहेगा। आर्थिक रुप से दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र पर डील को करने में कामियाब होंगे। खानदानी प्रॉप्र्टी आपके नाम हो सकती है। **शुभ अंकः** 4, **रंग** : वॉयलेट।

**वृषः** स्वस्थ खानपान की आदत के चलते सेहत अच्छी रहेगी। फिजूल खर्चों को कम करने की कोशिश करें। प्रॉप्र्टी का मामला आसानी से सुलझ जाएगा। कोई मदद के लिए आगे आएगा। **शुभ अंकः** 6, **रंगः** सी ग्रीन।

**मिथुनः** सेहत के लिए दिन अच्छा है। परिवार में किसी को लेकर आपकी चिंता की सभी तारीफ करेंगे। शहर से बाहर किसी यात्रा पर जाना मजेदार नहीं रहेगा। **शुभ अंक** : 22, **रंगः** नेवी ब्लू।

**कर्कः** आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। कार्यक्षेत्र पर अचानक कोई मदद मिलेगी। परिवार के किसी समारोह में जाने का दबाव रहेगा। सेहत को लेकर सजग रहेंगे। भावनाएं शेयर करेंगे। **शुभ अंकः** 1, **रंगः** हल्का भूरा।

**सिंहः** आउटडोर स्पोर्टस के चलते सेहतमंद रहेंगे। फिजूलखर्चों को कम करने आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र पर काम का अतिरिक्त दबाव रह सकता है। **शुभ अंकः** 6, **रंगः** पीला।

**कन्याः** सेहत को लेकर जागरुक रहेंगे। किसी व्यापार से लाभ मिलना शुरु होगा। कार्यक्षेत्र पर गॉसिप से दूर रहें। किसी परिवार के सदस्य की सफलता से खुशी मिलेगी। **शुभ अंकः** 18, **रंगः** गुलाबी।

**तुलाः** सेहत को लेकर दी गई सलाह काफी काम आएगी। मोलभाव की आदत के चलते महंगी चीज की खरीददारी करेंगे। यूनिफॉर्म सर्विस से जुड़े लोगों को प्रतिष्ठित जगह पोस्टिंग मिलेगी। **शुभ अंकः** 2, **रंग** : लेमन।

**वृश्चिकः** सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए फिजूलखर्चों को कम करें। काम को लेकर दिन थोड़ा धीमा रहेगा। **शुभ अंकः** 15, **रंग** : लेवेंडर।

**धनुः** सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करते रहें। आपके निर्णयों के चलते आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र पर अपने आप को साबित करने में कामियाब होंगे। **शुभ अंक** : 5, **रंगः** गाढ़ा हरा।

**मकरः** सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। आर्थिक मामलों पर किसी की सलाह पर गौर करें। माता-पिता के साथ किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है। **शुभ अंक** : 17, **रंगः** हल्का नीला।

**कुंभ** : खानपान की आदत के चलते पेट की समस्या हो सकती है। नौकरी के नए अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र पर तमाम परेशानियों के बाद सफलता मिलेगी। आय के अतिरिक्त साधन खुलेंगे। **शुभ अंक** : 9, **रंगः** गाढ़ा लाल।

**मीनः** सेहत को लेकर दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र पर कुछ समस्याओं को सुलझाने में समय बर्बाद होगा। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। **शुभ अंक** : 3, **रंग** : क्रीम।

### : टिप्स :

1. शयनकक्ष के लेम्प कवर पर धूल नहीं जमने दें। लेम्प पर धूल जमने से जैसे रौशनी धूंधली हो जाती है, वैसे ही जीवन में प्यार भी धूंधला होने लगता है।
2. कोई अंडाकार चीज अपने ऑफिस में रखें। जिस तरह अंडा उर्वरता का श्रोत है ठीक वैसे ही यह आपके व्यवसाय में भी नई जान फूंक देगा।
3. अपने बैग में हमेशा क्रिस्टल रखें। क्रिस्टल आपकी आमदनी बढ़ा देगा। क्रिस्टल के संपर्क में आने से धन बढ़ेगा।



टिप्सः मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

# यूपीः जहरीली गैस से 5 की मौत, एक की हालत गंभीर

एजेंसी ⏭ सुलतानपुर



- ग्राम कटघरा पट्टी थाना दोस्तपुर में सीवर टैंक के पुनर्निर्माण कार्य के दौरान हुआ हादसा
- कटघरा पट्टी थाना दोस्तपुर के निर्मल की हालत है गंभीर

दोस्तपुर थाना क्षेत्र में शौचालय के टैंक में काम कर रहे छह मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आ गए। आननफानन सभी को सीएचसी ले जाया गया, जहां पांच मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख जताते हुए घायल के उचित उपचार के निर्देश दिए हैं। ग्राम कटघरा पट्टी थाना दोस्तपुर में रामतीरथ पुत्र धनेश्वर निषाद के पुराने सीवर टैंक के पुनर्निर्माण का कार्य चल रहा है। यहां गैस पाइप नहीं होने की वजह से जहरीली गैस का रिसाव हो गया। इसकी चपेट में आने से वहां काम कर रहे छह मजदूर बेहोश होकर सीवर टैंक में गिरकर घायल हो गए। ग्रामीणों ने तुरंत उन्हे दोस्तपुर स सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी में इलाज के दौरान पांच व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि एक का उपचार हो रहा है। जहरीली गैस से कटघरा पट्टी थाना दोस्तपुर सुलतानपुर के निवासी राजेश निषाद पुत्र राम तीरथ उम्र 32 वर्ष, अशोक निषाद पुत्र जीव लोकन उम्र 40 वर्ष, रविन्द्र निषाद पुत्र बचई उम्र 25 वर्ष, मो. शरीफ पुत्र अली बक्श उम्र 52 वर्ष तथा सुरुवारपुर थाना महरुवा जनपद अम्बेडकरनगर निवासी राम किशन पुत्र बब्बू निषाद उम्र 40 वर्ष की मौत हो गई। वहीं कटघरा पट्टी थाना दोस्तपुर सुलतानपुर निवासी विनोद निषाद पुत्र निर्मल उम्र 22 वर्ष की हालत गंभीर है।

#### सीएम ने दिए उचित इलाज के निर्देश

वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। सीएम योगी ने हादसे में मृत लोगों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए उनके शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की है। उन्होंने हादसे में गंभीर मजदूर का समुचित इलाज कराने के निर्देश दिए हैं।

# नशे में धुत दारोगा ने नाबालिग लड़की से की छेड़छाड़, अरेस्ट

एजेंसी ⏭ समस्तीपुर



- बिहार में प्रतिबंधित है शराब, मामला दर्ज
- थाने में रसोइया की बेटी से की छेड़छाड़

बिहार के समस्तीपुर जिले के पुलिस थाने में लड़की का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में नशे में धुत पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया गया है। दलसिंहसराय के पुलिस उपाधीक्षक कुंदन कुमार ने बताया, आरोपी पुलिसकर्मी वेदानंद चौधरी को समस्तीपुर के मंडल कारागार में भेज दिया गया है। चौधरी घटाहो पुलिस थाने में उप निरीक्षक के रूप में तैनात था। गुरुवार को चिकित्सा जांच के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि उसने शराब पी रखी थी जो बिहार में प्रतिबंधित है। इस संबंध में उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बिहार में शराब पीना, बेचना, व्यापार करना व भंडारण करना अप्रैल 2016 से प्रतिबंधित है। सूत्रों ने कहा कि उपनिरीक्षक ने गश्त से पहले गुरुवार रात शराब पी व पुलिस थाने में रसोइया की 14 वर्षीय बेटी का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। लड़की की चीख सुनकर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने आरोपी से उसे बचाया।

# मंदी बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर कांग्रेस का आंदोलन पांच से

एजेंसी ⏭ लखनऊ



- मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने से देश में बेरोजगारी संकट आ जाएगा : माकन

कांग्रेस देश में बेरोजगारी, कमजोर होती अर्थव्यवस्था, कृषि संकट व आसिन और भारत सहित छह अन्य देशों के बीच प्रस्तावित व्यापक क्षेत्रीय भागीदारी (आरसेप) समझौते के मुद्दों पर आगामी पांच से 15 नवंबर तक पूरे देश में आंदोलन करेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने आरोप लगाया, केंद्र की भाजपा सरकार की खराब नीतियों की वजह से अर्थव्यवस्था लगातार गिर रही है। आलम यह है कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के कार्यकाल में दुनिया में पांचवीं पायदान पर खड़ी जो अर्थव्यवस्था छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंचने की क्षमता रखती थी, वह आज लुढ़ककर सातवीं पायदान पर पहुंच गई है। सरकार 15 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते यानी आरसेप पर हस्ताक्षर करने जा रहा है। इससे उन देशों के सामान का भारत में बिना किसी कर के आयात संभव हो जाएगा। चीन ने पहले ही हमारे लघु, मंझोले उद्योगों को नुकसान पहुंचाया है। अब मुक्त व्यापार होने से बचे-खुचे उद्योग धंधे भी खत्म हो जाएंगे। हमारे देश में पहले ही जबर्दस्त बेरोजगारी है। सरकार के इस समझौते से देश में बेरोजगारी भयंकर रूप ले लेगी। सरकार के कई संस्थान भी इसका विरोध कर चुके हैं।

#### गिनवाई कमियां

माकन ने कहा कि सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकॉनमी की रिपोर्ट के मुताबिक देश में बेरोजगारी दर साढ़े आठ फीसद तक पहुंच गई है, जबकि इसकी वैश्विक दर महज 4.9 प्रतिशत है। निजी निवेश 16 साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है। घरेलू बचत 20 साल के सबसे निचले स्तर पर आ गई है। साथ ही नोटबंदी के बाद पारिवारिक कर्ज भी तीन वर्षों में दोगुने से ज्यादा बढ़कर सात लाख 40 हजार करोड़ रुपये हो गया है। देश में निर्माण क्षेत्र की विकास दर घट रही है। बैंकों का एनपीए 8 लाख करोड़ रुपये हो गया है। सरकार ने युद्ध, आपातस्थिति के लिये बचाकर रखा 1 लाख 74 हजार करोड़ रुपया भारतीय रिजर्व बैंक से ले लिया।

### आर ब्लॉक-दीघा निर्माणाधीन सड़क परियोजना का सीएम नीतीश ने किया निरीक्षण

**पटना।** सीएम नीतीश कुमार ने शुक्रवार को आर ब्लॉक-दीघा पथ के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सीएम ने आर ब्लॉक-दीघा निर्माणाधीन सड़क परियोजना के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। साथ ही कार्य की प्रगति को देखा, आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएम ने आर ब्लॉक से दीघा तक निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति, वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। प्रधान सचिव पथ निर्माण अमृत लाल मीणा ने सीएम को निर्माण से जुड़ा नक्शा दिखाया और सड़क के संबंध में अन्य जानकारी दी।

# यूपी में अब दोपहिया वाहन पर पीछे बैठने वाली सवारी को भी पहनना होगा हेल्मेट

एजेंसी ⏭ लखनऊ



यूपी में दोपहिया वाहनों पर पीछे बैठने वालों के लिए शुक्रवार से हेल्मेट पहनना अनिवार्य होगा। साथ ही कार में ड्राइविंग सीट पर बैठने वाला भी सीट बेल्ट लगाएगा। एक नवंबर से यातायात माह की शुरुआत हो हुई है। नियमों को दरकिनार करने वाले वाहन मालिकों को पुलिस पहले जागरुक करेगी। इसके बाद उनके ऊपर सख्ती की जाएगी। हालांकि राजधानी में इस व्यवस्था को ट्रॉयल के तौर पर चलाया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान चौराहा और हजरतगंज चौराहे पर इस नियम के तहत ई चालान कर रही है। आईजी ट्रैफिक निदेशालय दीपक रतन के मुताबिक, यूपी में हादसों में दोपहिया बिना हेल्मेट सवारों की तादाद बढ़ने पर सख्ती की गई। करीब 70 प्रतिशत लोग हेल्मेट पहनकर दोपहिया वाहन चलाने लगे हैं। जिससे हादसों में मरने वालों की कमी आई है। अब नियमावली 1998 के तहत दोपहिया वाहन पर बैठने वाली दोनों सवारियों को भी हेल्मेट पहनने पर जोर दिया जाएगा।

#### 'लोगों को बताएंगे फायदे'

एएसपी लखनऊ पूर्णेन्दु सिंह का कहना है कि यातायात माह में बाइक पर पीछे बैठने वाली सवारी को हेल्मेट पहनने के लिए जागरुक किया जाएगा। हेल्मेट पहनने के फायदे बताएं जाएगे। इसके बावजूद अगर यातायात नियमों का पालन नहीं किया गया तो चालान की कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस को सिर्फ चुनाव कार्यक्रम की घोषणा था इंतजारः ठाकुर

# 'हफ्ते भर में साथ आ जाएंगे विरोधी दल'

एजेंसी ⏭ रांची



- सिर्फ झारखंड विकास मोर्चा से बातचीत है बाकी

झारखंड में विधानसभा चुनावों की घोषणा के तुरंत बाद कांग्रेस ने कहा कि राज्य में हफ्ते भर में भाजपा विरोधी दलों का गठबंधन हो जाएगा जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा शामिल होगा। कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शुक्रवार को बताया, पार्टी सिर्फ चुनाव कार्यक्रम के घोषणा की प्रतीक्षा कर रही थी। अब भाजपा विरोधी सभी दल साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। बातचीत पहले से चल रही थी, नवंबर के पहले सप्ताह में इसे मूर्त रूप दिया जाएगा व मेल में झामुमो, कांग्रेस, राजद व वाम दलों होना लगभग सुनिश्चित है। सिर्फ झारखंड विकास मोर्चा से बातचीत बाकी है। उन्होंने चुनावों की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने ने सभी 81 सीटों पर एक साथ मतदान कराने की बात कही थी पर आयोग ने 5 चरणों में मतदान कराना तय किया है। कांग्रेस इसके लिए पूरी तरह तैयार है।

#### इस प्रकार बटेंगी सीटें!

सूत्रों ने कहा कि झामुमो 35 से 40 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है वहीं कांग्रेस 25 से 30 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। अन्य सीटें झाविमो, राजद व वामपंथी पार्टियों के हिस्से में जाएंगी। वर्तमान विस में झामुमो के पास 19 सीटें हैं वहीं कांग्रेस के पास नौ सीटें हैं।

## खबर संक्षेप



### मुंबई में इमारत में आग लगने पर दस वाहन जलकर खाक

**मुंबई।** दक्षिणी मुंबई में शुक्रवार की सुबह एक चार मंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम दस वाहन जल कर खाक हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि भिंडी बाजार के भीड़भाड़ वाले इलाके में मौलाना आजाद रोड स्थित इस्माईल बिल्डिंग में तड़के 4.45 बजे आग लगी। उन्होंने बताया कि चार दमकल गाड़ियों को आग बुझाने के लिए भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि आग से कोई घायल नहीं हुआ क्योंकि इमारत में रहने वाले सभी लोग वहां से सुरक्षित बाहर निकल गए थे। उन्होंने बताया कि आग का कारण जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

### ईपीएफओ की सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आए करोड़ो श्रमिक



**नईदिल्ली.ब्यूरो।** देश में संगठित क्षेत्र के करोड़ो की संख्या में श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने वाले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानि ईपीएफओ ने अपना 67वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री संतोष गंगवार ने विभिन्न कार्यलयों में बेहतर कामकाज के निपटान के साथ स्वच्छता और समयबद्धता के लिए दो नए पुरस्कार भी वितरित किये। ईपीएफओ के 67वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को यहां नई दिल्ली में प्रवासी भारतीय भवन में आयोजित समारोह में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री संतोष गंगवार ने कहा कि संगठित क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा देने के उद्देश्य से ईपीएएफ एमपी एक्ट-1952 के तहत ईपीएफओ ने अपनी स्थापना के बाद अब तक करीब 5 करोड़ अंशधारकों को जोड़ चुकी है और करीब 22 करोड़

### सशस्त्र सेनाओं में अहम पदों पर तीन अधिकारियों ने संभाली जिम्मेदारी

नई दिल्ली.ब्यूरो। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को तीन वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यभार संभालने का ऐलान किया है। इसमें सशस्त्र सेनाओं के चिकित्सा सेवा महानिदेशक के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल अनूप बनर्जी ने कार्यभार संभाला है। वायुसेना में एयर मार्शल मानवेंद्र सिंह ने निरीक्षण, सुरक्षा महानिदेशक और एयर मार्शल अमित देव ने एयर ऑफिसर इन चार्ज, पसर्नल की जिम्मेदारी संभाली है। मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक ले. जनरल अनूप बनर्जी पुणे स्थित आर्म्ड फार्सेज मेडिकल कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं और एक जाने-माने ह्दयरोग विशेषज्ञ होने के साथ-साथ एक बेहतरीन प्रशासक भी हैं।

## महाराष्ट्र: शपथ ग्रहण समारोह के लिए बुक किया स्टेडियम

# भाजपा ने सरकार बनाने की तरफ बढ़ाया कदम

एजेंसी ⏭ महाराष्ट्र

महाराष्ट्र में किसकी सरकार बनेगी इसे लेकर फिलहाल सभी पार्टियों में मंथन जारी है। वहीं विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली बीजेपी सरकार बनाने को लेकर आश्वस्त है। बीजेपी ने शपथ ग्रहण समारोह के लिए मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम को बुक भी कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी ने स्टेडियम को 5 नवंबर के लिए बुक किया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से इजाजत के बाद स्टेडियम शपथ ग्रहण के लिए बीजेपी को मिल सकेगा। इससे पहले मुंबई पुलिस और अधिकारियों की टीम ने शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम का मुआयना किया। इससे पहले महालक्ष्मी रेसकोर्स को शपथ ग्रहण के लिए चुना गया था, लेकिन मुंबई पुलिस की रिपोर्ट के बाद जगह बदलने का फैसला किया गया. महाराष्ट्र में सत्ता को लेकर खींचतान के बीच भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी शिवसेना 50-50 फॉर्मूले पर अड़ी है। वहीं, महाराष्ट्र के निवर्तमान मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता देवेंद्र फडणवीस किसी भी मोर्चे पर पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। बीजेपी ने यह साफ कर दिया है कि वह गृह और वित्त समेत कई महत्वपूर्ण मंत्रालय भी अपने पास ही रखेगी।



### महाराष्ट्र के किसान नई सरकार का नहीं तत्काल राहत का इंतजार कर रहे हैं: शिवसेना

महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन को लेकर गठबंधन सहयोगी भाजपा के साथ जारी गतिरोध के बीच शिवसेना ने शुक्रवार को मांग की कि राज्य के कई हिस्सों में बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों को तत्काल राहत दी जाए। शिवसेना के मुखपत्र सामना के संपादकीय में उद्धव ठाकरे नीत दल ने कहा कि जिन किसानों की फसल खराब हुई है उन्हें बिना किसी शर्त के पर्याप्त मुआवजा दिया जाना चाहिए। संपादकीय में कहा गया है राज्य के किसानों को नई सरकार का नहीं बल्कि तत्काल सहायता का इंतजार है। इसमें कहा गया कि बीते वर्षों से किसान सूखे से परेशान थे, अब बारिश से परेशान है क्योंकि मानसून खत्म हुए एक पखवाड़ा हो गया है लेकिन पानी बरसना बंद ही नहीं हो रहा। बीते एक महीने से बारिश जारी रहने के कारण किसानों की सारी उपज खराब हो गई। इसमें भाजपा पर निशाना साधा गया किसानों के साथ खड़े होने के बजाए सारे प्रयास सरकार बनाने के लिए समर्थन जुटाने पर केंद्रित हैं।



### कांग्रेस विपक्ष में बैठने को तैयार

शिवसेना को समर्थन देने के मुद्दे पर कांग्रेस बंट गई है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस नेता शिवसेना को समर्थन देने के मुद्दे पर पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलना चाहते थे, लेकिन उनकी मुलाकात नहीं हो पाई। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस विपक्ष में बैठेगी। सोनिया के नहीं मिलने से साफ है कि कांग्रेस महाराष्ट्र में जोड़-तोड़ के दम पर सरकार नहीं बनाएगी और विपक्ष में ही बैठना उचित समझ रही है। ऐसे में कांग्रेस ने शिवसेना के अरमानों पर भी पानी फेर दिया है। बता दें कि शुक्रवार को ही शिवसेना ने कहा कि महाराष्ट्र का सीएम शिवसेना का ही होगा। शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि लिखकर ले लीजिए, मुख्यमंत्री शिवसेना का ही होगा। इसके अलावा उन्होंने ट्वीट के जरिए भी बिना नाम लिए बीजेपी पर निशाना साधा। संजय राउत का ये बयान तब आया है जब गुरुवार को उन्होंने एनसीपी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की थी।



### महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की एक समिति करेगी नुकसान पर चर्चा

मुम्बई।महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार ने बेमौसम बारिश से किसानों की फसलों को हुए नुकसान को गंभीरता से लिया है और उनकी परेशानियां कम करने के लिए केंद्र से मदद मांगी जाएगी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि मुख्य सचिव पिछले कुछ हफ्ते राज्य के विभिन्न हिस्सों में बेमौसम बारिश से उत्पन्न स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

### शरद पवार ने कहा- अयोध्या फैसले से पहले महाराष्ट्र में बना लेनी चाहिए सरकार

नई दिल्ली। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बाद राज्य में चल रही सरकार बनाने की सरगर्मियों के बीच एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने देवेंद्र फडणवीस को अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में सरकार अयोध्या केस में आने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले बना लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सब लोग जानते हैं कि अयोध्या पर पिछली बार मुंबई में क्या हुआ था।



### शरद पवार ने नासिक जिले में फसलों को हुए नुकसान का लिया जायजा

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने बारिश के कारण फसलों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को उत्तरी महाराष्ट्र के नासिक जिले का दौरा किया। मानसून के आखिरी दौर में हुई बारिश से राज्य के कई हिस्सों में फसलों को नुकसान पहुंचा है। पवार ने ट्वीट किया किसानों का कहना है कि उन्होंने फसलों को खो दिया है, भारी नुकसान उठाया है और उनके सामने जीवन मरण का सवाल है। सरकार से कोई भी किसानों के पास नहीं आया है।

## ओडिशा में एक बस से 17 किशोरियों को छुड़ाया, संदिग्ध तस्कर गिरफ्तार

**कोरापुट ।** ओडिशा के कोरापुट जिले में एक बस से 17 किशोरियों के एक समूह को छुड़ाया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि लड़कियों के साथ जा रहे एक व्यक्ति को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जयपुर के उपमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) वरुण गुंटूपल्ली ने बताया कि एक खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस के एक दल ने जयपुर बस स्टैंड पर एक बस से 17 लड़कियों को छुड़ाया और बुधवार की रात को 26 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया हमारे पास पुख्ता सूचना थी कि लड़कियों की एक बस में नबरंगपुर जिले के



■ लड़कियों को उनके माता-पिता को सौंपने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं

रायगढ़ से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में तस्करी की जा रही है। इसके बाद हमने जयपुर बस स्टैंड पर बस को रोका। एसडीपीओ ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि विशाखापत्तनम से वह सभी लड़कियों को तमिलनाडु के चेन्नई में ले जाता और वहां उन्हें निर्माण कार्य में लगा देता। उन्होंने बताया कि सभी लड़कियां किशोरावस्था में हैं। लड़कियों को उनके माता-पिता को सौंपने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। गुंटूपल्ली ने कहा क्षेत्र में ऐसे रैकेट के सक्रिय होने का संदेह है जिनके सदस्य बच्चों को आकर्षक नौकरियों का झांसा देकर उनकी अन्य राज्यों में तस्करी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि लोगों को मानव तस्करों के बारे में सतर्क करने के लिए इलाके में जागरूकता अभियान चलाया गया है।

### बुरा हाल...



महाराष्ट्र के एक गाँव में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद एक किसान अपनी क्षतिग्रस्त धान की फसल को दिखाता हुआ।

## यौन उत्पीड़न एवं हत्या मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर भाजपा नेता का अनशन

**तिरूवनंतपुरम।** केरल में दो नाबालिग बहनों से बलात्कार और उनकी मौत के मामले के तीन आरोपियों के बरी होने को लेकर केरल की माकपा नीत एलडीएफ सरकार के खिलाफ रूख कड़ा करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता कुम्मनम राजशेखरन ने शुक्रवार को मामले में सीबीआई जांच की मांग करते हुए राज्य सचिवालय के समक्ष अनशन किया। मिजोरम के पूर्व राज्यपाल राजशेखरन ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मामले में राज्य सरकार पर अपराधिक लापरवाही के लिए जमकर हमला बोला। प्रदेश के पलक्कड़ जिले के वायलार में 2017 में दो नाबालिग बहनों की मृत्यु को लेकर भाजपा ने 29 अक्टूबर को 100 घंटे के सत्याग्रह की शुरूआत की थी। यह अनशन उसी का हिस्सा है। भगवा पार्टी ने सरकार से मामले में श्वेतपत्र लाने की भी मांग की है। भाजपा की केरल इकाई के पूर्व अध्यक्ष



■ भाजपा ने सरकार से मामले में श्वेतपत्र लाने की भी मांग की

राजशेखरन ने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष एम सी जोसेफाइन की भी आलोचना की और कहा कि वह महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। दो नाबालिग लड़कियों के अभिभावकों ने मुख्यमंत्री पी विजयन से यहां बृहस्पतिवार को मुलाकात करके मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की थी। 13 और नौ वर्ष की दो लड़कियां 13 जनवरी और चार मार्च 2017 को अपने घर के भीतर फंदे पर लटकी मिली थीं। पोस्टमार्टम में उनका यौन उत्पीड़न किये जाने की बात सामने आयी थी।

### तमिलनाडु में डाक्टरों की हड़ताल समाप्त

## मांगों पर विचार करेगी सरकार

**चेन्नई।** सरकारी डाक्टरों के महासंघ के आह्वान पर चार सूत्री मांग को लेकर पिछले एक हफ्ते से हड़ताल पर चल रहे तमिलनाडु के सरकारी डाक्टरों ने शुक्रवार को अपनी हड़ताल वापस ले ली। फेडरेशन आफ गवर्नमेंट डाक्टर्स एसोसिएशन ने कहा कि राज्य सरकार के इस आश्वासन पर उन्होंने अपनी हड़ताल वापस ले ली है कि वह उनकी मांगों पर विचार करेगी। इस हड़ताल से पूरे तमिलनाडु में वाह्य एवं आंतरिक विभाग के रोगी प्रभावित हुए। इससे शल्य चिकित्सा सेवा भी प्रभावित रही। फेडरेशन के एक प्रतिनिधि ने बताया तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के. पलानीसामी और स्वास्थ्य मंत्री सी. विजयभास्कर ने आश्वासन दिया कि हमारी मांगों पर विचार किया जाएगा।

### नदी में डूबने से दो युवकों को मौत

**जयपुर।** राजस्थान के सिरोही जिले के आबू रोड रीको थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दो युवकों की नदी में डूबने से मौत हो गई। थानाधिकारी चंपा राम ने बताया कि सुर पगला नदी में नहाने के दौरान गुजरात से आये दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दोनों के शव नदी से निकाल लिये गये हैं। उन्हें पोस्टमार्टम के लिये सरकारी अस्पताल में रखवाया गया है। दोनो के परिजन को सूचित कर दिया गया है।

## किसानों से सीधा जुड़ने के लिए डाटाबेस तैयार कर रही केंद्र सरकार

**नईदिल्ली.ब्यूरो।** केंद्र की मोदी सरकार किसानों की माली हालत जाने के लिए उनसे सीधे संपर्क करने की बड़ी कवायद कर रही है। उम्मीद की जा रही है कि अगर समयबद्ध तरीके से योजना आगे तो जून 2020 तक 11.5 करोड़ किसान परिवार सीधे से सरकारी तंत्र से जुड़ जाएंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में सचिव संजय अग्रवाल की अगुवाई में एक उच्च स्तरीय समिति सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और उसके नेशनल ई-गवर्नेंस डिवीजन(एनईजीडी)के साथ मिलकर डाटाबेस इस योजना पर काम कर रही है।

**BHARAT GEARS LIMITED**
**Regd. Office:** 20 K.M. Mathura Road, P.O. Amar Nagar, Faridabad-121003 (Haryana)
**Tel.:** +91 (129) 4288888, **Fax:** +91 (129) 4288822-23
**E-mail:** info@bglindia.com **Website:** www.bharatgears.com
**CIN:** L29130HR1971PLC034365

**NOTICE**

Notice is hereby given that the Share Certificate no. 6452 bearing distinctive no(s). 837551-837600 standing in the name of Jagdish Umiyashankar Bhatt has been reported lost/misplaced.

The Company shall proceed to issue duplicate share certificate, if no objection is received within 15 days from the date of publication of this notice.

For **Bharat Gears Limited**
**Sd/-**
**Prashant Khattry**
**Head (Legal) & Company Secretary**

Place: Faridabad
Date: 01.11.2019

**पहचान के लिए अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, पताः अज्ञात जोकि दिनांक 17.09.2019 को 01:30:45 बजे पुलिस थाना क्षेत्र जहांगीर पुरी, दिल्ली में मृत अवस्था में पाया गया है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 11A dated 17.09.2019** पुलिस थाना, जहांगीर पुरी, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे अज्ञात मृत व्यक्ति की पहचान दी गई है:

**नामः अज्ञात, उम्रः 55 वर्ष, कदः 5'5", रंगः सांवला, चेहराः गोल, शरीरः मज़बूत, पहनावाः सफेद कपड़े।**

अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

**थाना प्रभारी**
**पुलिस थाना, जहांगीर पुरी, दिल्ली**
**फोनः 011-27631600, 8750870229**
**DP/9507/NW/19**

**गुमशुदा की तलाश**



सरोज

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम : **सरोज** पुत्री : **योगेन्द्र,** निवासी : **डी/1, झुग्गी नं. 6, सुल्तानपुरी, दिल्ली,** उम्र : **21 साल,** लम्बाई : **5'2",** रंग : **सांवला,** चेहरा : **गोल,** पहनावा : **नीले रंग का सूट–सलवार और पैरों में चप्पल पहनी हैं,** जो **01.08.2019** से थाना सुल्तानपुरी क्षेत्र से गुमशुदा /अपहृत है। इस सन्दर्भ में **DD No. 66-A dated 03.08.2019** पुलिस थाना, सुल्तानपुरी, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा गंभीरता से इस गुमशुदा/अपहृत लड़की को तलाश करने की कोशिश की गई लेकिन अभी तक कुछ पता नही चल पाया है।

अगर किसी को इस गुमशुदा /अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित को सुचित करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in, मेल आईडी cic@cbi.gov.in,
फोन नं : 011–24368638, 24368641, फैक्स : 011–24368639

**थानाध्यक्ष**
**थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली**
**फोन नं. 011–25472410, 25472166**
**DP/2813/OD/19.**

## पीएमसी बैंक घोटाला

# 64 साल की कुलदीप कौर की हार्ट अटैक से मौत, अकाउंट में थे 15 लाख

एजेंसी ⏭ मुंबई

पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले में पीड़ित खाताधारकों की मौत का सिलसिला रुक नहीं रहा है. अब इस मामले में एक और मौत हो गई है। अब कुलदीप कौर नाम की एक महिला की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार 64 साल की कुलदीप कौर पिछले कुछ दिनों से अवसाद में थीं। बैंक में उनके करीब 15 लाख रुपये जमा थे और वह इन्हें नहीं निकाल पाने के चलते काफी परेशान थीं। खाते से पैसा नहीं निकलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी। यहां तक कि वह अपने इलाज के लिए भी बैंक से रुपये नहीं निकाल पा रही थीं। गौरतलब है कि अब तक पीएमसी बैंक के 7 खाताधारकों की मौत हो चुकी है।




### एक दिन पहले भी हार्ट अटैक से हुई थी मौत

एक दिन पहले गुरुवार को भी केशुमल हिंदुजा नाम के खाता धारक की मौत हो गई थी। वह भी पैसे फंसे होने की वजह से तनाव में थे। समझा जा रहा है कि इसी कारण उन्हें दिल का दौरा पड़ा और मौत हो गई। बताया जा रहा है कि केशुमल हिंदुजा के लाखों रुपये पीएमसी बैंक में फंसे हुए थे। वो इन पैसों को निकाल नहीं पा रहे थे। केशुमल बीमार थे और इलाज के लिए उनके पास पैसे नहीं थे। बता दें कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बीते लगभग 40 दिनों से पीएमसी बैंक से पैसे की निकासी पर आंशिक रोक लगा रखी है। इसके तहत खाता धारक अपने अकाउंट से एक तयशुदा राशि से ज्यादा पैसे नहीं निकाल सकते।

### पीएमसी बैंक से नगद निकासी पर लगी पांबदी हटाने वाली अर्जी पर केन्द्र, आप, आरबीआई को नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को केन्द्र, आप सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक से घोटाला प्रभावित 'पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक' (पीएमसी) से नकद निकासी पर लगी पाबंदी हटाने की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर जवाब मांगा। मुख्य न्यायधीश डी. एन. पटेल और न्यायमूर्ति सी हरि शंकर की पीठ ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय, दिल्ली सरकार, आरबीआई और पीएमएसी बैंक को नोटिस जारी कर याचिका पर रुख स्पष्ट करने को कहा। याचिका में ग्राहकों के, बैंक में जमा पैसे के लिए 100 प्रतिशत बीमा कवर की मांग की गई है। पीएमसी बैंक में 4,355 करोड़ रूपये का घोटाला सामने आने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने उस पर पाबंदियां लगा दीं।

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना
(ई–टेंडरिंग द्वारा)

निविदा संख्या : 558–सिगनल–16–एम–टेंडर–1319 दिनांक : 31.10.2019

| क्र. सं. | कार्य का नाम तथा स्थान | कार्य की अनुमानित लागत (₹) | निविदा इनवाइटिंग अधिकारी के कार्यालय का पता | निविदा प्रपत्र शुल्क (₹) | धरोहर राशि (रु.) | निविदा प्रपत्र अपलोड रहने तथा निविदा बंद होने की दिनांक तथा समय | वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आउटडोर एंड इंडोर वर्क्स इन कनैक्शन फॉर रिप्लेसमेंट ऑफ सिग्नलिंग गेयर्स विथ सेंट्रलाइस्ड ऑपरेशन ऑफ पॉइंट्स एंड सिगनल्स वर्क इन कनैक्शन विद प्रोविजन ऑफ एब्सोलियूट ब्लॉक वर्किंग एंड पैनल इंटेर्लोक्किंग एट फारूख नगर स्टेशन | ₹ 1,21,64,557.92/- मात्र | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/II, दूसरी मंजिल, खंड–1, मंडल रैल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 | ₹ 5,900/- मात्र | ₹ 2,10,800/- मात्र | निविदा खुलने तथा अपलोड रहने का समय दिनांक 25.11.2019 15:00 बजे तक | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

3511/19

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

# नए शिखर की ओर भारत जर्मनी संबंध

भारत और जर्मनी लंबे समय से मित्र देश हैं। यूरोपीय यूनियन में जर्मनी ही भारत का सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जर्मनी भारत का न केवल बड़ा सहयोगी है, बल्कि विश्व में भारत के बढ़ते वर्चस्व में भी उसका अहम योगदान रहा है। जर्मनी भारत को सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता देना का भी प्रबल समर्थक रहा है। भारत और जर्मनी के बीच आर्थिक सहयोग लगातार बढ़ रहा है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 18.76 अरब डॉलर का है। भारत की 80 कंपनियां जर्मनी में कारोबार कर रही हैं। 2010 के बाद से जर्मनी में भारत की कंपनियों ने 140 परियोजनाओं में निवेश किया है। दूसरी तरफ जर्मनी ने भी भारत के ट्रांसपोर्ट, इलेक्ट्रिकल उपकरण, सर्विस सेक्टर, केमिकल्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर में निवेश किया है। जर्मन ऑटो इंडस्ट्री की जानी-मानी कंपनियों की भारतीय बाजार में बहार है। वोक्सवैगन, बीएमडब्ल्यू और ऑडी जैसी कार कंपनियों की साख भारत में शिखर पर है। इन कंपनियों ने दक्षिण एशिया के बड़े मैन्युफैक्चरिंग प्लांट भारत में ही लगाए हैं। जर्मनी ने गंगा की सफाई में भी निवेश किया है। दोनों देशों के घनिष्ठ संबंधों का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि भारत के केंद्रीय विद्यालयों में जर्मन को तीसरी भाषा का दर्जा प्राप्त है और युवा पीढ़ी को जर्मन पढ़ाई जा रही है। आज के समय में दोनों लोकतांत्रिक देशों में सबसे बड़ी समानता है दोनों का डायनामिक नेतृत्व। जर्मन चांसलर ऐंगेला मर्केल न सिर्फ यूरोप बल्कि पूरी दुनिया में सबसे लंबे वक्त तक राष्ट्र का नेतृत्व करने वाली नेता हैं, वो मजबूत इरादों वाली नेता मानी जाती हैं। मर्केल जर्मनी में उतनी ही लोकप्रिय है जितने भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। विश्व स्तर पर नरेंद्र मोदी और ऐंगेला मर्केल की पहचान न केवल मजबूत इरादों वाले नेताओं की है बल्कि दोनों को राष्ट्रहित के लिए तुरंत फैसला लेने वाले नेता के रूप में जाना जाता है। नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का लोहा तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी ह्यूस्टन में हाउडी मोदी कार्यक्रम के दौरान माना। ये वही मोदी है जिन्होंने रूस दौरे के दौरान वहां बड़े निवेश का ऐलान करके जता दिया कि भारत विश्व महाशक्ति से किसी भी रूप में कमतर नहीं, बल्कि उसका सहयोगी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में उनके ओजस्वी संबोधन ने विश्व बिरादरी को प्रभावित किया। मोदी ने जी-7 समिट के दौरान के प्रमुख देशों के राष्ट्राध्यक्षों से मुलाकात करके उनका नए भारत से परिचय भी करवाया। अब जर्मनी की चांसलर ऐंगेला मर्केल ऐसे समय में दौरे पर हैं जब भारत ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35ए हटाकर उसे दो नए केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया है। भारत के इस कदम से बौखलाया पड़ोसी पाकिस्तान लगातार भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है, लेकिन भारत की कूटनीति के सामने वो बौना साबित हुआ है। संयुक्त राष्ट्र, मानवधिकार सुरक्षा परिषद में पाक को मुंह की खानी पड़ी है। ऐसे समय में जर्मनी की चांसलर ऐंगेला मर्केल ने न केवल आतंकवाद पर भारत का समर्थन किया है बल्कि दोनों देशों ने 20 समझौतों पर हस्ताक्षर करके संबंधों को और मजबूत बनाने की पहल कर दी है। दोनों ने आतंकवाद के खतरों से निपटने के लिए द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया है। हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर के बीच हुई बैठक में अंतरिक्ष, उड्डयन, नौसैन्य तकनीक, चिकित्सा और शिक्षा समेत 11 क्षेत्रों में सहयोग की सहमति बनी। इसी से साफ हो गया कि दोनों देश अपने संबंधों को नए शिखर की ओर ले जाने को तैयार है।

व्यंग्य

आलोक पुराणिक

## समझदार

यात्री अपने सामान की सुरक्षा खुद करें, दूसरे जिम्मेदार नहीं होंगे। दुकानदार अपनी दुकान की रक्षा खुद करें, दूसरे जिम्मेदार नहीं होंगे। समझदार दुकानदार जानते हैं, समझदार मालिक जानते हैं कि महत्वपूर्ण फैसले खुद लेने चाहिए, कर्मचारियों के हवाले छोड़ दो तो गंभीर परिणाम आ सकते हैं। कर्मचारी का क्या है, वह किसी और दुकान पर जाकर बैठ जाएगा।

एक वक्त में संजय निरुपम शिव सेना की तरफ से हर तरह के उलटे सीधे बयान दिया करते थे, शिवसेना एक वक्त में महाराष्ट्र की बहुत बड़ी राजनीतिक ताकत थी। संजय निरुपम समेत बहुतों ने बहुत मेहनत से उसकी स्थिति कमजोर की। संजय निरुपम बाद में शिवसेना छोड़कर कांग्रेस में चले गए। यहां भी उन्होंने कुछ अलग ही तेवर दिखाए।

दुकान का मालिक खुद रक्षा करें, जो काम एक वक्त में संजय निरुपम करते थे, अब वही काम शिवसेना के लिए संजय राऊत कर रहे हैं। उलटे सीधे बयानों से, विवादित बयानों से, अल्लम गल्लम बोलकर सिर्फ टीवी चैनल कमा सकते हैं, नेताओं का और आम आदमी की तो नुकसान ही हो जाता है। खैर कुछ काम बहुत पहले इसलिए हो गए कि तब टीवी चैनल नहीं थे। पुराने वक्तों में कुछ रिजल्ट इसलिए आ गए कि तब टीवी चैनल नहीं थे। अब नहीं हो पाते, वो काम। महाभारत की कथा के अनुसार कौरव पक्ष के महारथी द्रोणाचार्य को मारने के लिए एक खास युक्ति अपनाई गई। युक्ति यह थी कि अश्वत्थामा नामक हाथी को मारके भीष्म पितामह के सामने धर्मराज य़ुद्धिष्ठर ने बयान दिया कि अश्वत्थामा मारा गया है, इसके बाद बहुत धीमे अंदाज में कहा गया, हाथी मारा गया है।

अब कुछ यूं होता तो तमाम टीवी चैनलों पर हेडलाइन चलती, युद्धिष्ठिर का विवादित बयान, पैनल डिस्कशन यूं चलता, कौरव प्रवक्ता कहता, पांडवों ने हमेशा धोखा दिया है, हाथी को मारकर अश्वत्थामा चिल्लाकर द्रोणाचार्य के बेटे का वध हुआ है। युद्धिष्ठिर धर्मराज पद से इस्तीफा दें। पांडव प्रवक्ता कहता, झूठ नहीं बोला है धर्मराज ने। हाथी मरा है, अश्वत्थामा नाम का। यह बात कही गई थी कि हाथी मरा है, कौरव सुन ना पाएं तो कोई क्या करे। पशु अधिकार प्रवक्ता बोजता कि गलत बात है हाथी को मारकर पांडवों ने पशु अधिकारों का हनन किया है। हाथी अधिकार समिति इसका कड़ा विरोध करती है। मैं अगली बार अपने एनजीओ के लिए और ज्यादा ग्रांट खींचकर लाऊंगा और अपना संदेश जन जन तक पहुंचाऊंगा।

कौरव प्रवक्ता, अश्व यानी घोड़ा, पांडव हाथी अश्वत्थामा को घोड़े से जोड़ ही क्यों रहे थे। पांडव जवाब दें और युद्धिष्ठिर को तो तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। पांडव प्रवक्ता, कौरव अपनी आसन्न हार देखकर परेशान हो गए हैं। इसलिए अंड-बंड बात कर रहे हैं। हमारा हाथी, हमारा घोड़ा, जो चाहे जिसे जैसा नाम दें। पशु अधिकार प्रवक्ता इस पर कहता, नहीं ऐसा नहीं हो सकता है, हाथी-हाथी है, घोड़ा-घोड़ा। पशु अधिकार समिति हाथी और घोड़े की मिक्सिंग का कड़ा विरोध करती है। सारे प्रवक्ता एक दूसरे को फ्राड कह रहे हैं। उधर द्रोणाचार्यजी पूछ रहे हैं कि भई तुम लोगों का फाइनल हो गया हो तो मुझे मरा मान लिया जाए क्या। नहीं द्रोणाचार्यजी नहीं, कुछ भी फाइनल नहीं हुआ, न ही हो पाएगा।

महाराष्ट्र की सरकार फाइनल होनी है। फाइनल होने के बाद भी राजनीति चलनी है। राजनीति मूलतः धंधा है। बहुत पुराना ब्रांड चाहे लाख सुपर रहा हो, वक्त के साथ नए ब्रांड आ जाते हैं। समझदार ब्रांड वही है, जो अपना रुख बदल ले। अमिताभ बच्चन सुपर डुपर ब्रांड थे अपने वक्त के फिल्मों में, वक्त बदला अब रणवीर सिंह और राजकुमार राव धूम मचा रहे हैं। अमिताभ बच्चन बदलता वक्त समझ गए और अब ज्यादा वक्त तमाम तरह के ब्रांड बेचने में लगाते हैं। नए स्टारों के सामने दावा न करते, मैं अब भी सुपर स्टार हूं। बस यही बात शिवसेना के उद्धव ठाकरे समझ नहीं पा रहे हैं। उन्हें यह बात तुरंत समझनी चाहिए कि महाराष्ट्र में अब राजनीति का ब्रांड बदल गया है, हालात बदल गए हैं। बाल ठाकरे की शिवसेना मुगल कालीन में अकबर युग की शिवसेना थी। अब की शिवसेना शाह आलम की मुगलिया सल्तनत टाइप शिवसेना है। उद्धव ठाकरे समझ नहीं पा रहे हैं, हर कोई अमिताभ बच्चन जितना समझदार नहीं होता।

# सूखती संवेदनाओं का वर्तमान



जिरहनामा

कनक तिवारी


9425220737

बीसवीं सदी के हिंदुस्तान में कई मसीहा हुए। उन्होंने इस जकड़न को तोड़ने की कोशिशें कीं। श्रद्धानंद, विवेकानंद, रवींद्रनाथ टैगोर, राममोहन रॉय, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु तथा प्रफुल्ल चंद्र राय, क्रांतिकारी भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद आजादी के अनोखे सिपहसालार सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने जिन्होंने विदेशी विचारों को पूरा खारिज नहीं किया।

हिंदुस्तान में महत्वपूर्ण समय बीसवीं सदी का है। सदी की शुरुआत से ही देश में आजादी के लिए करवट लेने की पुरअसर कोशिशें शुरू हुईं। उस पर सदियों से विदेशी सभ्यताओं का सामरिक असर रहा। शक, कुषाण, हूण, मुगल, तुर्क, पठान, अंग्रेज, पुर्तगाली, डच, फ्रांसीसी सब ने भारत को उपनिवेश बनाने की कोशिशें कीं या यहां लूटखसोट करने आए। हिंदुस्तान गरीब नहीं रहा है। उसने जीवन की ऐसी व्यवस्थाएं विकसित कर ली थीं कि उसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के लिहाज से भी गरीब नहीं कहा जा सकता था। सामाजिक व्यवस्था ऐसी थी कि सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा। दुनिया के पास सभ्यता की बोली, भाषाएं, समझ भी नहीं थी। तब भारतीय बेहतर साभ्यतिक जिंदगी जीते थे। दुनिया की अन्य व्यवस्थाओं से सहकार नहीं होने से भी अपनी कुछ खामियां उसे नजर नहीं आईं। एक बड़े सामाजिक वर्ग को बाहरी विचारों से परहेज था। लगता था कि इससे हमारी समझ भ्रष्ट और विकृत हो सकती है। उसने अतीत में डूबकर सोचना बंद कर दिया।

बीसवीं सदी के हिंदुस्तान में कई मसीहा हुए। उन्होंने इस जकड़न को तोड़ने की कोशिशें कीं। श्रद्धानंद, विवेकानंद, रवींद्रनाथ टैगोर, राममोहन रॉय, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु तथा प्रफुल्ल चंद्र राय, क्रांतिकारी भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद आजादी के अनोखे सिपहसालार सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने जिन्होंने विदेशी विचारों को पूरा खारिज नहीं किया। आजाद देश को चलाने ऐसा इंतजाम जरूरी था जिससे आने वाली संसदें और पीढ़ियां हिंदुस्तान को लोकतंत्र के रास्ते पर दुनिया में सबसे आगे ले जाने की जद्दोजहद करें। स्वीकार करने में गुरेज नहीं होना चाहिए सारी अच्छाइयों के बावजूद बीसवीं सदी की शुरुआत में हिंदुस्तान गुलाम देश था। ब्रिटेन ने उसे अपने पंजों में जकड़ रखा था। महान नेताओं ने हमें मोहब्बत करना, भाईचारा रखना, पड़ोसी से प्यार करना, देश को परिवार समझना बल्कि दुनिया को भी एक कुटुंब समझना सिखाया था। उनके वंशज ऐसी जगह आकर खड़े हैं जहां संवेदनाएं सूख रही हैं। सड़कों पर कत्ल हो रहा हो। स्त्रियों की इज्जत सरेआम लूटी जा रही हो। घर से निकाल कर सड़क पर मार डाला जा रहा हो। बैंक लुट रहे हों। लोगों की जेबें खाली हो रही हों। बाजारों में रौनक नहीं हो। आपस में संवाद खत्म हो रहा हो। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के विकसित होने से मिलना जुलना कम हो गया हो। पर्व और त्यौहार फीके हो रहे हों। हिंदुस्तानियत पर विदेशी मुलम्मा चढ़ रहा हो। देशज सांस्कृतिक मूल्यों के मुकाबले पश्चिमी संस्कृति हमको इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से कंप्यूटर और टेलीविजन के जरिए परोसी जा रही हो। भारतीय जीवन अजब तरह के असमंजस में आता लग रहा हो। यह परिदृश्य मूल हिंदुस्तानी नहीं है।

भगत सिंह को फांसी हुई। आज तक देश दहला हुआ है। गांधी की छाती से निकला खून अभी तक टपक रहा है। विवेकानंद के शब्द वातायन में गूंज रहे हैं। आजकल घटनाएं होती हैं। छोटी या बड़ी हों। हजारों लाखों भी





प्रभावित हो रहे हों। उनको समझने, पूछने, सहकार करने, टिप्पणी करने की जिंदगी बस चौबीस घंटे की होती है। लगता है देश नई दुर्घटना की प्रतीक्षा करने लगता है। समय आ गया है। हमें अपने देश की असली ताकत पहचानना है। भारत तत्व को बचाना है। तभी हम दुनिया में काबिल होंगे कि हिंदुस्तान को सिरमौर बना सकें। यह सपना देश की पीढ़ियों ने देख रखा है।

वेदों उपनिषदों से लेकर बीसवीं सदी तक हिंदुस्तानी ज्ञान नायाब पोथियों में पसरा पड़ा है। दुर्भाग्य से इक्कीसवीं सदी किताबों की मौत की सदी बनकर आना चाहती रही है। आ ही गई है। कंप्यूटर और टेक्नॉलॉजी क्रांति के कारण किताबें पढ़ने की जरूरत नहीं रही। व्हाट्सएप विश्वविद्यालय पैदा किए गए हैं। इंस्टाग्राम इंस्टिट्यूशन्स खुल गए हैं। फेसबुक के पचड़े सामाजिक रिश्तों पर हावी हो रहे हैं। केवल नई पीढ़ी ही नहीं, बुजुर्ग भी, बिना पढ़े, बिना विचार, बिना गंभीर हुए शब्दकोशों से घटिया विशेषण, जिनका पहले इस्तेमाल नहीं होता था, निकाल कर किसी ऐतिहासिक व्यक्तित्व पर भी चस्पा कर देते हैं। जो इस मुल्क को आजाद करने कुरबान हो गए। उन पर मोबाइल फोन, कंम्प्यूटर, इंटरनेट पर दिव्य ज्ञान परोसा जा रहा है। अलग नस्ल का संवाद इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कारण टेलीविजन चैनलों पर गूंजता है। वे निजी चैनल हैं। सरकार का, समाज का भी, नियंत्रण नहीं है। बहुत से लोग बुला लिए जाते हैं। नकली चखचख बाजार को विचार-विमर्श कहा जाता है। ऐसी देश में परंपरा नहीं थी। भारत गांव के स्तर पर भी पंच परमेश्वर का देश रहा है। प्राथमिक बुनियादी ग्रामीण समाज को ही मनुष्य की बड़ी से बड़ी मुश्किलें हल कर देने का माध्यम बनाया गया था। प्रयोग इतना सफल रहा कि पूरी दुनिया में इसकी सराहना की गई।

देश केवल सरकार की जागीर नहीं होती। नौकरशाही की जकड़ में नागरिकों की समस्याएं हैं। न्यायपालिका के सामने नागरिक आजादी के सवाल मुंह बाए खड़े ही रहते हैं। व्यवस्था के सामने मनुष्य की मुसीबतें अंबार बन रही हैं। ऐसे वक्त कुछ लोग हैं जो हिम्मत नहीं खो रहे हैं। जिस तरह एक दीपक अंधेरे से लड़ने की हिम्मत दिखाता है। उजाला होने पर ही अपने अस्तित्व को खत्म करता है। एक टिटहरी आकाश को थाम लेने का हौसला दिखाती है। उस तरह भी बहुत से लोग उठकर खड़े हो जाएं। तो इस देश को संभाला जा सकता है। ऐसा भी नहीं है, सब कुछ खराब है या सब बर्बाद हो रहा है। जीवन में बहुत सी तरक्कियां हो रही हैं। विज्ञान, सामरिक ताकत, अर्थव्यवस्था को प्रोन्नत करने की कोशिश, विज्ञान, तकनीकी चिकित्सा विज्ञान में भारतीयों के आगे बढ़ने की बहुत सी उपलब्धियां और संभावनाएं हैं। आपसी भेदभाव इतने ही हों जिससे देश का जीवन ज़हरीला नहीं बनाया जाए। तो हिंदुस्तान को संभालने का यही समय है। हमारी विधायिकाओं में आधे सदस्य पाखंडी या अभियुक्तों की तरह फंसे हुए हैं। राजनीतिक पार्टियों के लिए भी विचार का समय है। ऐसे व्यक्तियों को टिकट ही क्यों देनी चाहिए। बेरोजगारी का आलम है। किसान आत्महत्या कर रहे हैं। देश आर्थिक मंदी की ओर है। सांस्कृतिक मूल्यों को नष्ट किया जा रहा है। उसे अपने जीवन की अच्छाइयों की ओर देखने की फुर्सत नहीं मिल रही है। फिर भी भारत में ताकत है। टूटता कहा जा रहा हिंदुस्तान ऐसा है कि बड़ी ताकत बन सकता है। ऐसे लोगों को आगे आकर संभालने की कोशिश करनी चाहिए जो नकारात्मक नहीं हैं, सकारात्मक हैं। जनता को ही आगे बढ़कर देश को राजनीतिक पार्टियों, विचारधाराओं, जातियों, मजहबों, क्षेत्रीयतावाद से अलग कर आगे बढ़ने का हौसला पाना होगा। मुल्क की आबादी को एक कारवां में तब्दील करने का जिसके सामने कोई लक्ष्य हो, पाथेय हासिल करने की हिम्मत हो, समय को बदल देने का जज्बा हो। उन्हें आवाज देने के लिए जनता को ही सामने आना होगा।

## भीतर से प्रकट होता ज्ञान




संकलित

दर्शन

अध्यात्म विद्या के विषय में अधिकांश भौतिक विद्वान शिक्षा को ही विद्या मान बैठते हैं। वे विद्या और शिक्षा के अंतर को भी समझने में असमर्थ हैं जबकि विद्या और शिक्षा में धरती और आसमान का अंतर है। इस विषय को स्पष्ट करते हुए जानकार मनीषियों ने कहा कि शिक्षा शब्द शिक्ष धातु से बना है जिसका अर्थ है 'सीखना।' भौतिक शिक्षा अनुकरण के द्वारा सीखी जाती है जिसका संबंध ज्ञानेन्द्रियों, कर्मेंद्रियों व मन बुद्धि तक सीमित है। इसके अतिरिक्त विद्या शब्द विद् धातु से बना है जिसका अर्थ है 'जानना' अर्थात 'वास्तविक ज्ञान।' यह ज्ञान स्वयं अंदर से प्रकट होता है, इसे ही अध्यात्म ज्ञान कहा जाता है। इसे आत्मा की गहराई में पहुंचने पर ही जाना जाता है। शिक्षा के विद्वान अहंकार से ग्रसित होते हैं, उनमें विनम्रता का अभाव होता है जबकि विद्या का प्रथम गुण विनम्रता है। विद्या वास्तव में मानव की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। इस अध्यात्म विद्या से मानव 'निष्काम कर्म योगी' बनता है जो सभी को समान भाव से देखता है। पहले 'निष्काम कर्म योगी' को ही प्रजा अपना राजा चुनती थी। वे अपने पुत्र तथा अन्य प्रजा के साथ समान रूप से न्याय करते थे। आज के असमय में अध्यात्म विद्या का अभाव होने के कारण राजा और प्रजा दोनों ही अशांत हैं फिर भी इसे ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि 'अध्यात्म विद्या' के वेत्ता तत्वदर्शी संत आज भी मौजूद हैं। यहां राजा का मतलब शासक वर्ग व प्रजा का मतलब आम जनता से है।

## प्रेम के पीछे आते हैं धन और सफलता



संकलित

प्रेरणा

देवकी की चौखट पर तीन संत खड़े थे। उन्हें देखकर देवकी ने कहा, भीतर आकर भोजन करिए। एक संत ने पूछा, 'क्या तुम्हारे पति घर पर हैं?' देवकी बोली, 'नहीं, वे अभी बाहर गए हैं।' यह सुनकर संत बोले- 'हम तभी भीतर आएंगे जब वह घर में हों।' शाम को जब देवकी के पति आए तो उन्हें मामला पता चला। पति बोले- जाओ और संतों से कहो कि मैं आ गया हूं और उन्हें सम्मानपूर्वक घर के अंदर ले आओ। देवकी बाहर गई और तीनों संतों को आने के लिए कहा। तब संत बोले, 'हम किसी भी घर में एक साथ नहीं जाते।' 'पर क्यों?' देवकी ने सवाल किया। उनमें से एक संत ने कहा- 'मेरा नाम धन है और इन दोनों के नाम सफलता और प्रेम हैं। हममें से कोई एक ही भीतर आ सकता है। आप तय करें कि भीतर किसे बुलाना करना है।' देवकी और उसके पति ने तय किया- 'हमें प्रेम को आमंत्रित करना चाहिए। प्रेम से बढ़कर कुछ भी नहीं है।' देवकी ने संतों से कहा, 'आप में से जिनका नाम प्रेम है वे कृपया अंदर आकर भोजन ग्रहण करें।' प्रेम घर की ओर बढ़ चले। बाकी के दो संत भी उनके पीछे चलने लगे। देवकी ने आश्चर्य से उन दोनों से पूछा, 'मैंने तो सिर्फ प्रेम को आमंत्रित किया था?' उनमें से एक संत ने कहा, 'यदि आपने धन और सफलता में से किसी एक को बुलाया होता तो केवल वही भीतर जाता। आपने प्रेम को आमंत्रित किया है। प्रेम कभी अकेला नहीं जाता, धन और सफलता उसके पीछे-पीछे जाते हैं।

अंतर्मन




### आज की पाती

**फर्जीवाड़े पर लगाम लगाए सरकार**

जब कोई व्यक्ति अपनी क्षमताओं के बूते कुछ करने का विश्वास खो देता है, तो उसमें लालच की प्रवृत्ति जन्म लेती है। बिना कुछ खास शारीरिक और मानसिक श्रम किए घर बैठे पैसे कमाने के चक्कर में हजारों लोग लुट गए। इस गोरखधंधे में संलिप्त फर्जी कंपनी ने एक साथ करीब 70,000 लोगों को चूना लगाया और करोड़ों रुपए बटोरकर रातोंरात फरार हो गए। हालांकि अपनी मेहनत से कमाई दौलत को यूं किसी लुटेरे की जेब में डालने का यह पहला मामला नहीं है। हमेशा होने वाले ये फर्जीबाड़े हमें आगाह करते हैं, लेकिन हम हैं कि सबक लेने को तैयार ही नहीं। – सुनीता रामचंद्रन

### ट्रेंड

**जल्द होगा समझौता**



चीन और अमेरिका नए व्यापार समझौते के अंतिम चरण में हैं। यह सौदा एपीईसी को रद्द करने के बाद की परिस्थितियों में तैयार हो रहा है। जल्द ही नए स्थान की घोषणा की जाएगी। राष्ट्रपति शी और मैं इस पर हस्ताक्षर करेंगे।

-डोनाल्ड ट्रंप

**पासपोर्ट जरूरी नहीं**



भारत से करतारपुर की तीर्थयात्रा के लिए आने वालों को पासपोर्ट की आवश्यकता नहीं होगी, बस एक वैध आईडी हो। 10 दिन पहले पंजीकरण नहीं करना होगा। उद्घाटन के दिन और गुरुजी के 550वें प्रकाशोत्सव पर शुल्क नहीं लिया जाएगा।

-इमरान खान

**प्यार की खेती**



विनाशकारी भावनाओं से निपटना और प्यार-दुलार का अभ्यास करना चाहिए। हम खुशहाल व्यक्ति, खुशहाल समुदाय और एक खुशहाल इंसान बन सकते हैं, जो शांत दिल से प्यार की खेती करके अपने बेहतर जीवन को बनाए रख सकते हैं।

-दलाई लामा

**गंभीरता से काम करें**



यह बहुत अच्छा होगा यदि आप दिल्ली में प्रदूषण पर सभी भाजपा शासित राज्यों को कोसने की बजाय, इस पर गंभीरता से काम करें। इस पर राजनीति ठीक नहीं, लोगों को शिक्षित करना होगा। जलवायु परिवर्तन पर अधिक काम की आवश्यकता है।

-गौतम गंभीर

### करंट अफेयर

## अमेरिका ने चीन निर्मित ड्रोन के इस्तेमाल पर लगाई रोक



**वाशिंगटन।** चीनी इलेक्ट्रॉनिक्स को लेकर अमेरिकी सुरक्षा चिंताओं के बीच अमेरिका के गृह मंत्रालय ने अपने बेड़े के चीन निर्मित ड्रोनों की उड़ान पर रोक लगाने की घोषणा की है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता निक गुडविन ने इस निर्णय का कोई कारण नहीं बताया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री डेविड बर्नहार्ट ने जांच के आदेश दिए हैं। गुडविन ने कहा, 'जांच पूरी होने तक, मंत्री ने चीन निर्मित ड्रोन या चीन निर्मित पुर्जों वाले ड्रोन की उड़ान पर रोक लगा दी है।' गुडविन ने कहा कि ऐसे ड्रोनों को छूट दी जाएगी, जिनका उपयोग आपातकालीन उद्देश्यों जैसे कि जंगल में आग, खोज एवं बचाव और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए किया जा रहा है। इसके बारे में जानकारी रखने वाले सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय के पास 810 ड्रोन बेड़ा है, जिनमें लगभी सभी चीन की कम्पनियों द्वारा निर्मित हैं। सूत्रों ने बताया कि केवल 24 ड्रोन अमेरिका में बने हैं लेकिन उनमें भी चीनी निर्मित पुर्जे हैं। अमेरिका के आंतरिक सुरक्षा विभाग ने मई में चीन निर्मित ड्रोन को लेकर चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि ये देश की सुरक्षा के लिए खतरा हो सकते हैं। दुनियाभर के 70 फीसदी व्यावसायिक ड्रोन का निर्माण चीन की कंपनी डीजेआई करती है।

### ऑफ बीट

## पत्नी के टेढ़े दांत से खफा होकर पति ने दिया तलाक



**नई दिल्ली।** हैदराबाद में एक व्यक्ति ने टेढ़े दांतों के कारण अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया। हालांकि, पुलिस ने तलाक देने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित महिला रुखसाना बेगम ने बताया कि उनकी शादी मुस्तफा के साथ 27 जून 2019 को हुई थी। पीड़ित महिला ने कहा, 'ससुराल वाले मुझे रोज यातनाएं दे रहे थे। आखिरकार मेरे पति ने कहा कि वह मेरे टेढ़े दांतों की वजह से मुझे पसंद नहीं करता और मुझे अलग होने के लिए कहा। मैंने मुस्तफा से पूछा कि उसने मुझे शादी से पहले भी देखा था, जिसके बाद हमारी शादी हुई थी। ऐसे में अब यह कहने का क्या कारण है कि मेरे दांत अच्छे नहीं दिख रहे।' उन्होंने बताया, 'बाद में उन्होंने (ससुराल वालों ने) मुझे अपने आवास में 10 से 15 दिनों के लिए बंद कर दिया और जब मैं बीमार पड़ी तो उन्होंने इस मामले की जानकारी मेरे माता-पिता को दी और मुझे वापस अपने माता-पिता के घर भेज दिया। कुछ दिन बाद '1 अक्टूबर को मुस्तफा मेरे घर आया और कहा कि वो मुझे अपने साथ वापस नहीं ले जाएगा। उसने मेरे माता-पिता के साथ दुर्व्यवहार किया और फिर कहा कि उसे मेरे दांत पसंद नहीं हैं। अंत में उसने तीन बार तलाक कहा और वहां से चला गया।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### कर्नाटक में बाहर से आकर रह रहे लोग कन्नड़ सीखेः येदियुरप्पा

**बेंगलुरु।** मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने शुक्रवार को देश के विभिन्न हिस्सों से आकर कर्नाटक में रह रहे लोगों से राज्य और इसकी संस्कृति के प्रति अपने संबंधों को मजबूती प्रदान करने के लिए कन्नड़ भाषा सीखने का आग्रह किया। राज्य के 64वें स्थापना दिवस पर कांतिरवा स्टेडियम में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने यह बात कही।

### पिछले 6 साल में घटी 90 लाख नौकरियांः रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** रोजगार को लेकर देश में काफी बहस जारी है। इसी बीच एक रिपोर्ट आई है जिसमें पता चला है कि पिछले छह साल में देश में रोजगार में 90 लाख की गिरावट आई है। यह रिपोर्ट अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ सस्टेनेबेल इम्प्लॉयमेंट की तरफ से प्रकाशित की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आज़ाद भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार है जब रोजगार में इस तरह की गिरावट देखी गई है। आंकड़ें साल 2011-12 और 2017-18 के बीच के हैं। अगर दूसरी तरह से देखें तो 2011-12 और 2017-18 के बीच हर साल करीब 26 लाख लोगों की नौकरियां चली गई।

### खुले में शौच करने पर पंचायत ने रोका 20 परिवारों का राशन

**बेहरामपुर (ओडिशा)।** गंजम जिले में 20 से अधिक परिवारों को राशन की आपूर्ति रोक दी गई है। पंचायत ने खुले में शौच करने वाले लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत मिलने वाले लाभ रोकने का फैसला किया था, जिसके तहत यह कार्रवाई की गई। सनखेमुंडी प्रखंड की गौतमी पंचायत के सरपंच सुशांत स्वैन ने बताया कि पंचायत की 20 अक्टूबर को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार पिछले 11 दिनों से 20 से अधिक परिवारों को पीडीएस के तहत मिलने वाला राशन रोक दिया गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने एंजेला मर्केल से कई मुद्दों पर की बातचीत

# आतंकवाद से मुकाबले के लिए भारत और जर्मनी बढ़ाएंगे आपसी सहयोग

*दोनों देशों ने पांच संयुक्त आशय पत्र किए साझा*

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल से व्यापक मुद्दों पर बातचीत के बाद शुक्रवार को कहा कि भारत और जर्मनी ने आतंकवाद तथा चरमपंथ के खतरों से निपटने के लिए द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री मोदी और मर्केल ने शुकवार को पांचवे भारत-जर्मनी अंतर सरकारी विमर्श (आईजीसी) की सह-अध्यक्षता की। इसके बाद भारत और जर्मनी ने पांच संयुक्त आशय पत्रों (ज्वाइंट डिक्लरेशन ऑफ इंटेंट) पर दस्तखत किए। भारत और जर्मनी के बीच अंतरिक्ष, नागरिक उड्डयन, नौवहन प्रौद्योगिकी, चिकित्सा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में 11 समझौतों पर



दस्तखत हुए । बैठक के बाद मीडिया के लिए बयान जारी किया गया। इसमें मोदी ने कहा कि हमने 2022 तक 'नया भारत' बनाने का संकल्प लिया है और इसमें जर्मनी जैसी प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता और आर्थिक शक्तियां बेहद उपयोगी होंगी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और चरमपंथ से निपटने के लिये हमने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग को और आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार में तेजी लाने के लिये भारत और जर्मनी लगातार सहयोग करते रहेंगे।

#### हमने नदियों की सफाई और पर्यावरण संरक्षण पर सहयोग की संभावनाएं तलाशने का फैसला किया

मोदी ने कहा कि जर्मनी को उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा गलियारों में रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाने के लिये आमंत्रित किया गया है। मोदी ने कहा कि हमने ई-मोबिलिटी, स्मार्ट शहर, नदियों की सफाई और पर्यावरण संरक्षण पर सहयोग की संभावनाएं तलाशने का फैसला किया है। चांसलर मर्केल ने कहा कि जर्मनी और भारत के बीच समझौतों पर हस्ताक्षर इस बात का सबूत हैं कि नयी और उन्नत प्रौद्योगिकी की दिशा में रिश्ते आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 5जी और कृत्रिम मेधा के क्षेत्र एक चुनौती हैं, इन पर साथ काम करना महत्वपूर्ण है। मर्केल ने कहा कि हमें उन बड़ी अवसंरचना परियोजनाओं से जुड़कर खुशी होगी जिनकी भारत परिकल्पना कर रहा है।

#### राष्ट्रपति भवन में मर्केल का किया गया स्वागत

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति भवन में मर्केल का स्वागत किया। गुरुवार रात को नयी दिल्ली पहुंचीं मर्केल का वहां रस्मी स्वागत किया गया था। मर्केल ने राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पचक्र अर्पित किया। इसके बाद मोदी और मर्केल ने पांचवे भारत-जर्मनी अंतर सरकारी विमर्श के लिए हैदराबाद हाउस में मुलाकात की। आईजसी एक अलग तरह का व्यापक प्रारुप वाला विमर्श है जिसकी अध्यक्षता दोनों नेताओं ने की। इसमें दोनों पक्षों के मंत्रिमंडल के सदस्य शामिल हुए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने हैदराबाद हाउस में दोनों नेताओं की तस्वीर के साथ यह जानकारी साझा की। मर्केल ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में कहा था कि भारत और जर्मनी के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे जो दोनों देशों के बीच व्यापक एवं बेहद करीबी संबंधों को रेखांकित करेंगे। जर्मनी की चांसलर ने कहा, "जर्मनी और भारत के बीच बेहद करीबी संबंध हैं। हम साझा रूचि के मुद्दों पर बातचीत करेंगे। हमारे बीच कई सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर होंगे और कई समझौते भी होंगे। यह दिखाता है कि हमारे संबंध बहुत गहरे और व्यापक हैं। उन्होंने कहा कि जर्मनी और भारत के बीच कई वर्षों से सहयोग हो रहा है और भविष्य में इस सहयोग को आधार बनाकर आगे बढ़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही करीबी संबंध है। इस विशाल देश और यहां की विविधता का हम बहुत सम्मान करते हैं। जब मर्केल संवाददाताओं से बातचीत कर रहीं थी तब प्रधानमंत्री मोदी उनके साथ ही थे।

### अनुशासन के लिए सेना में समलैंगिकता और व्याभिचार को अपराध बनाए रखने की मांग

**नई दिल्ली।** सेना में अनुशासन को बनाए रखने के लिए मांग हो रही है कि समलैंगिकता और व्याभिचार को दंडनीय अपराध बनाए रखा जाए। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल इन दोनों को अपराध की श्रेणी से हटा दिया था। हालांकि सेना के कानून के अतंर्गत यह अपराध की श्रेणी में बना रहे इसके लिए विकल्प तलाश किए जा रहे हैं। एडुजेंट लेफ्टिनेंट जनरल अश्विनी कुमार ने अपनी सेनानिवृत्ति से एक दिन पहले बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बात की। उन्होंने कहा कि यदि सेना में इन संबंधों को अपराध की श्रेणी में नहीं रखा जाता है तो अनुशासन की गंभीर समस्या हो जाएगी। इससे जवानों को नियंत्रित करने में दिक्कत होगी। उन्होंने कहा भले ही कुछ फैसले कानूनी रूप से सही होते हों लेकिन वे नैतिक रूप से गलत हो सकते हैं। भारतीय सेना में एडुजेंट जनरल की शाखा जवानों के कल्याण का कामकाज देखती है। यह हर स्तर पर जवानों की शिकायतों को निपटाती है। लेफ्टिनेंट कुमार लेफ्टिनेंट जनरल रैंक के अधिकारी हैं लेकिन उसके अधीन पांच लेफ्टिनेंट जनरल रैंक के अधिकारी काम करते हैं।

### पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता ने कहा

## राज्यों के मजबूत होने से भारत संघ मजबूत होगा

एजेंसी ⏭कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि भारत संघ तभी मजबूत होगा जब राज्य मजबूत होंगे। साथ ही ममता ने उन राज्यों के लोगों को बधाई दी जो एक नवंबर को अपना स्थापना दिवस मना रहे हैं। उन्होंने लोगों से देश के संघीय ढांचे को मजबूत करने का आग्रह किया। ममता ने ट्वीट किया, "कर्नाटक, केरल, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के भाइयों और बहनों को उनके राज्य के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने आगे कहा कि भारत संघ तभी मजबूत बनेगा जब राज्य मजबूत होंगे। आइये, हम संघीय ढांचे को मजबूत बनाएं। जय हिन्द। जय बांग्ला।" गौरतलब है कि आज कर्नाटक, केरल, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ अपना स्थापना दिवस मना रहे हैं। लक्षद्वीप, पुदुच्चेरी, अंडमान और निकोबार केंद्र शासित क्षेत्र भी एक नवंबर को अपना स्थापना दिवस मनाते हैं



### चिदंबरम से मिलने तिहाड़ जेल पहुंचे राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत

## कहा- षडयंत्र करके बंद किया

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिल्ली प्रवास के दौरान शुक्रवार को तिहाड़ जेल में बंद पी. चिदंबरम से मुलाकात की। चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम भी इस दौरान गहलोत के साथ रहे। मुलाकात के बाद गहलोत ने मीडिया से बात की। इसमें उन्होंने कहा कि चिदंबरम को केस में षडयंत्र करके जेल में बंद किया गया है। गहलोत ने कहा, कि सुप्रीम कोर्ट एक केस में उन्हें (पी.चिंदबरम) जमानत दे चुका है। उसके बाद दूसरे केस में भी वही बातें रखी जाती हैं। हम लोग 25 साल पहले मंत्री थे। वह कॉमर्स में थे। मैं टेक्सटाइल में था। तब से मैं देख रहा हूं, वे उससे पहले से देश की सेवा करते आ रहे हैं। 45 साल की सेवा के बाद यह इनाम मिला है इनको, बिना कोई मुकदमे के, बिना कोई



केस के, बिना कोई आरोप के।

**'जो हत्या मामले में जेल में बंद, उसकी गवाही को बनाया आधार'**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंद्राणी मुखर्जी, जो खुद बेटी की हत्या के केस में जेल में बंद है। उसकी गवाही को आधार बनाकर इन्हें (पी. चिंदबरम) को जेल में बंद कर दिया। देश में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है।

#### 'चिंदबरम को देश की चिंता'

आज भी चिंदबरम को देश की चिंता है। हम जब बात कर रहे थे देश में जो स्लोडाउन हुआ है मंदी का दौर चल रहा है उसमें क्या हालात होंगे, एक्सपोर्ट कम हो गया।

#### 80 से ज्यादा लोगों को टारगेट कर चुकी सरकार

विभिन्न राज्यों में 80 से ज्यादा लोगों पर केस दर्ज हो चुके हैं। राज्यों में प्रधानमंत्री कार्यालय मॉनिटरिंग करता है। टारगेट तय किए जाते हैं। फिर राज्यों की एजेंसियां सक्रिय हो जाती है। वह कार्रवाई शुरू कर देती है। टेलीफोन पर बातचीत करते हुए भी लोग डरे हुए हैं।

#### पीएम मोदी पर भी साधा निशाना

प्रधानमंत्री मोदी आज जिस प्रकार से अनुच्छेद-370 की बात करते हैं, कभी सर्जिकल स्ट्राइक की बात करते हैं, चुनाव कल है आज सर्जिकल स्ट्राइक हो रही है तो यह देश मूर्ख नहीं है, यह देश बहुत समझदार है। सरकार चुनाव जीतने के लिए हथकंडे अपना रही है।

### केंद्रीय मंत्री डा. हर्षवर्धन ने कहा

## विज्ञान के क्षेत्र में नये शोध और नवाचार को हर संभव मदद देगी सरकार

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी मंत्री डा. हर्षवर्धन ने शुक्रवार को विज्ञान के क्षेत्र में नये विचारों पर शोध को बढ़ावा देने की जरूरत पर बल देते हुये कहा है कि सरकार, समाज को लाभ पहुंचाने वाले प्रत्येक शोध कार्य, खासकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में शोधपरक नये विचारों को हर संभव मदद देने को तत्पर है। हर्षवर्धन ने 'इंडियन सोसाइटी ऑफ न्यूरोरेडियोलॉजी' की 21 वीं सालाना बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में शोध करने वालों का हम स्वागत करते हैं। अगर कोई ऐसे नए इनोवेशन या शोध के साथ आता है, जिससे समाज को फायदा हो सकता है, तो सरकार उन्हें हर संभव मदद देने को तैयार है। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवाचार और शोध की जरूरत पर बल देते हुये कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में इतने लंबे समय से काम करने के बाद मैं कह सकता हूँ कि लगभग 130 करोड़ की आबादी वाले भारत जैसे विशाल देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत कुछ किये जाने कि जरुरत है। रोगों की जांच और बीमारियों का यथाशीघ्र पता लगाने के मामले में हमारी कोशिश होनी चाहिए कि नए शोध का फायदा जल्द से जल्द लोगों को मिले। इस क्षेत्र में वित्तीय जरूरतों की कमी नहीं होने देने का आश्वासन देते हुये हर्षवर्धन ने कहा कि सरकार आज वैज्ञानिकों, डाक्टरों के लिए जरूरी उपकरणों पर काफी पैसा खर्च कर रही है, ताकि विज्ञान का लाभ समाज को मिल सके।





उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू को असम के राज्यपाल जगदीश मुखी ने शुक्रवार को गुवाहाटी के राजभवन में स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### छापेमारी में करीब पांच लाख के रेलवे टिकटें जब्त

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** रेल यात्रियों की दशहरा, दीपावली एवं छठ पूजा जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों पर बढ़ती संख्या में असामाजिक तत्व भी रेलवे टिकट बेचने का अवैध कारोबार शुरू कर देते हैं, लेकिन रेलवे सुरक्षा बल ने इस दौरान विशेष अभियान चलाकर ऐसे तत्वों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए अवैध रेलवे टिकटों के कारोबारियों का फंडाफोड ही नहीं किया, बल्कि छापेमारी के दौरान ऐसे 43 असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 4.99 लाख रुपये मूल्य के 255 रेलवे टिकट भी बरामद किये हैं। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अक्टूबर माह के दौरान दशहरा, दीपावली एवं छठ पूजा जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के दौरान रेल यात्रियों की संख्या में व्यापक रूप से वृद्वि होती है। ऐसी परिस्थितियों में असामाजिक तत्व अपनी गैर कानूनी गतिविधियों के जरिए आरक्षण उपलब्ध कराने का झांसा देकर यात्रियों से धन वसूली के प्रयास भी करते हैं।

### पुडुचेरी के सीएम नारायणसामी के बिगड़े बोल

## उपराज्यपाल किरण बेदी को बताया 'राक्षस'

**पुड्डुचेरी।** पुडुचेरी के मुख्यमंत्री नारायणसामी और उपराज्यपाल किरण बेदी के बीच खींचतान उसी दिन से जारी है जब से उन्होंने पदभार संभाले। दोनों तरफ़ से जुबानी तीर भी आए दिन चलते रहते हैं। मुख्यमंत्री नारायणसामी ने इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते किरण बेदी के लिए विवादित बयान दिया। सीएम नारायणसामी ने कहा कि केंद्र सरकार ने यहां एक 'राक्षस' को बिठाया हुआ है। हम मंत्री 24 घंटे काम करने को तैयार है लेकिन वो सभी योजनाओं को रोक देती है। चाहें वो गरीबों को चावल बांटने की योजना हो या पर्यटन से जुड़े प्रोजेक्टों के लिए केंद्र सरकार से फंड लेना हो, वो दिल्ली जाती हैं और फंड आवंटन रूकवा देती हैं।




#### नारायणसामी की टिप्पणी असंसदीय, असभ्य : किरण बेदी

पुडुचेरी की उपराज्यपाल किरण बेदी ने अपने खिलाफ मुख्यमंत्री वी. नारायणसामी की टिप्पणी को शुक्रवार को 'असंसदीय, अवांछित, असभ्य और कुत्सित और अस्वीकार्य' बताया। मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को बेदी को 'राक्षस' कहा था और आरोप लगाया था कि वह मंत्रमंडिल के तय कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन में अड़ंगा लगाती रही हैं। पूर्व आईपीएस अधिकारी ने अपने व्हाट्सअप मैसेज में मुख्यमंत्री के खिलाफ अपनी नाराजगी प्रकट की।

### नशे में धुत पिता ने अपनी ढाई साल की बेटी को पीट-पीटकर मार डाला

**चेन्नई।** चेन्नई में एक पिता ने अपनी बेटी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। एमजीआर नगर पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, गुरुवात रात 27 वर्षीय येलपन नशे में धुत होकर घर आया। इसके बाद वह अपनी पत्नी दुर्गा से झगड़ा करने लगा। झगड़े के दौरान ही येलपन ने अपनी ढाई साल की बेटी की पिटाई की। बच्ची बुरी तरह से घायल हो गई। बाद में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने येलपन को गिरफ्तार करके जांच शुरू कर दी है।चेन्नई में एक पिता ने अपनी बेटी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। एमजीआर नगर पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, गुरुवात रात 27 वर्षीय येलपन नशे में धुत होकर घर आया। इसके बाद वह अपनी पत्नी दुर्गा से झगड़ा करने लगा। झगड़े के दौरान ही येलपन ने अपनी ढाई साल की बेटी की पिटाई की। बच्ची बुरी तरह से घायल हो गई। बाद में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


## गुमशुदा व्यक्ति की तलाश



अब्दूल रज्ज़ाक

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति नाम अब्दूल रज्ज़ाक, पुी मोहम्मद यासिन, निवासी आरजैडएच–241, निहाल विहार, दिल्ली, जिसकी आयु 60 वर्ष, कद 5'6'', रंग सांवला, लम्बा चेहरा, जो हल्के नीले रंग की शर्ट, ग्रे रंग की पैंट तथा पैरों में चप्पन पहने हुए दिनांक 10.10.19 को थाना क्षेत्र निहाल विहार, दिल्ली से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक डीडी नं. 78–ए दिनांक 13.10.19 को थाना निहाल विहार, दिल्ली में दर्ज है।

इस लापता/अपहृत व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी सूचना मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

ई–मेल आईडी: cic@cbi.gov.in
फोन: 011–24368638, 24368641
फैक्स: 011–24368639

थानाध्यक्ष
थाना: निहाल विहार
दिल्ली
फोन : 25946700, 25946710

DP/2816/OD/19


### एसजी तुषार मेहता ने उच्च न्यायालय को बताया

## एम्स रिपोर्ट के अनुसार ठीक हैं चिदंबरम

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय को शुक्रवार को बताया गया कि आईएनएक्स मीडिया धनशोधन मामले में तिहाड़ जेल में बंद पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ठीक हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराये जाने की आवश्यकता नहीं है। सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने एम्स मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट पढ़ी और कहा कि कांग्रेस नेता को संक्रमण रहित वातावरण (अस्पताल के) की जरूरत नहीं है। चिदंबरम की स्वास्थ्य स्थिति की जांच के लिए अदालत के आदेश पर एम्स मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। चिदंबरम की अंतरिम जमानत याचिका की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति सुरेश कैत ने तिहाड़ जेल के अधीक्षक को 74 वर्षीय चिदंबरम को स्वच्छ परिवेश, मिनरल वाटर, घर का बना भोजन और मच्छरदानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। अदालत ने यह भी निर्देश दिये कि चिदंबरम की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाये।चिदंबरम की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्हें किसी और निर्देश की आवश्यकता नहीं है। इसके बाद अदालत ने याचिका का निस्तारण कर दिया। उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक से एक मेडिकल बोर्ड का गठन करके चिदंबरम के स्वास्थ्य पर जानकारी देने के लिए कहा है। चिदंबरम आंतों से जुड़ी बीमारी 'क्रोहन' से पीड़ित हैं। क्रोहन आंतों से जुड़ी एक बीमारी है। इसके लक्षणों में पेट में दर्द, दस्त और वजन घटना शामिल है।



■ न्यायमूर्ति सुरेश कैत ने तिहाड़ जेल के अधीक्षक को चिदंबरम को स्वच्छ परिवेश, मिनरल वाटर, घर का बना भोजन और मच्छरदानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये

### आंध्र प्रदेशः मुख्यमंत्री रेड्डी को राहत नहीं

## आय से अधिक संपत्ति मामले में कोर्ट में पेश होना होगा

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी को सीबीआई की विशेष अदालत से कोई राहत नहीं मिली है। आय से अधिक संपत्ति मामले में रेड्डी ने याचिका देकर व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की मांग की थी। हालांकि कोर्ट ने शुक्रवार को इस याचिका को खारिज कर दिया। ऐसे में मुख्यमंत्री रेड्डी को कोर्ट में पेश होना होगा। बता दें कि यह मामला रेड्डी की फर्मों में हुए निवेश से जुड़ा है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कोर्ट में तर्क दिया कि जगन मोहन रेड्डी जब सांसद थे, तब उन्होंने इस मामले से जुड़े गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की थी। दरअसल, रेड्डी के पिता और तत्कालीन मुख्यमंत्री वायएस राजशेखर रेड्डी के साल 2004 से 2009 तक के कार्यकाल के दौरान जगन की फर्मों में विभिन्न कंपनियों ने कथित रूप से निवेश किया था। इसी मामले में जगन ने इस आधार पर छूट मांगी थी कि एक मुख्यमंत्री के रूप में विभिन्न कारणों से हमेशा अदालत में पेश होना संभव नहीं है।



■ यह मामला रेड्डी की फर्मों में हुए निवेश से जुड़ा है


## गुमशुदा महिला की तलाश



बबली

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला नाम बबली, पत्नी श्री तेज राम, निवासी सी–229, लाल बाग, आजादपुर, दिल्ली, जिसकी आयु 25 वर्ष, कद 5'5'', रंग गेहुआं, गोल चेहरा, मध्यम शरीर दिनांक 19.10.19 से लापता है। इस संदर्भ में एक डीडी नं. 3–ए दिनांक 20.10.19 को थाना आदर्श नगर, दिल्ली में दर्ज है।

इस लापता महिला के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी सूचना मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

ई–मेल आईडी: cic@cbi.gov.in
फोन: 011–24368638, 24368641
फैक्स: 011–24368639

थानाध्यक्ष
थाना : आदर्श नगर
दिल्ली
फोन : 27495198

DP/9500/NW/19

## खबर संक्षेप

### कोल्ड स्टोन क्रिमरी का अनोखा आईस्क्रीम अनुभव अब गुरुग्राम में उपलब्ध

**गुरुग्राम।** टेबल्ज, वरियताप्राप्त संघटित रिटेल ग्रुप की ओर से इस सर्दी के मौसम में मशहूर अमरिकन आईस्क्रीम ब्राण्ड कोल्ड स्टोन क्रिमरी का नया आऊटलेट गुरुग्राम के इरॉस सिटी स्क्वेअर में शुरू किया है। कोल्ड स्टोन क्रिमरी का यह हाल ही में डीएलएफ साईबर हब में आऊटलेट शुरू करने के बाद भारत का 24 वां आऊटलेट है। कोल्ड स्टोन क्रिमरी ने आईस्क्रीम बाजार में अपना नाम बढाया है। एक मुलायम और मलाईदार आईस्क्रीम के रूप में यह मशहूर है। इस आईस्क्रीम में अच्छे घटक, अनोखी ग्राहक सेवा देनें हेतु मशहूर यह आईस्क्रीम केवल हाथों से बनाया जानेवाला 100 प्रतिशत शाकाहारी आईस्क्रीम उत्पादन है।

### वीनस रिकॉर्ड्स एवं टेप्स के मालिक चंपक जैन का निधन

**मुंबई।** वीनस रिकॉर्ड्स एवं टेप्स के मालिक और 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' और 'जोश' जैसी फिल्मों के निर्माता चंपक जैन का गुरुवार रात को निधन हो गया। वे 52 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार दिल का दौरा पड़ने से शाम सात बजे जैन की मृत्यु हो गयी। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को सांता क्रूज शमशान घाट पर किया जाएगा। जैन ने हलचल, हमराज, खिलाड़ी जैसी कई फिल्मों का निर्माण किया था। वे वीनस समूह के सात भाईयों में से एक थे। चंपक जैन के निधन पर अभिनेता सोनू सूद ने ट्वीट किया, "चंपक जैन जी के अकस्मात निधन से बहुत दुःख हुआ। वे बेहतरीन इनसान थे। उनके साथ मेरी कई स्मृतियां जुड़ी हुई हैं।

### जियो फोन का 699 रुपए वाला ऑफर 1 महीना और बढ़ा

**नई दिल्ली।** ग्राहकों की भारी मांग पर जियो ने जियो फोन का 699 रुपए वाला दिवाली ऑफर 1 महीने के लिए और बढ़ा दिया है। दरअसल दिवाली ऑफर से पहले जियो फोन की कीमत 1500 रुपए थी जो इस ऑफर के तहत 699 रुपए में मिलेगा। इस ऑफर से ग्राहको को कीमत में सीधे 800 रुपए का फायदा हुआ साथ ही 700 रुपए के डेटा का अतिरिक्त फायदा भी मिल रहा है। जियो के इस ऑफर को ग्राहकों ने हाथों-हाथ लिया। पिछले 3 हफ्तों में जियो फोन की बिक्री में बड़ा इजाफा हुआ। खासकर ग्रामीण इलाकों में लोगों ने जमकर जियो फोन खरीदा। दरअसल जियो के 699 रुपए वाले दिवाली ऑफर के बाद 4जी फोन की कीमत कई 2 जी फोन के मॉडल्स से कम हो गई। इसका फायदा कई 2जी ग्राहकों ने उठाया और अपने फोन को 4जी फोन में बदल लिया। इस कारण ग्रामीण इलाकों में जियो फोन की मांग काफी बढ़ गई है।

# 10 करोड़ रु. की पहली लग्जरी बेंटली कार की डिलीवरी बेंगलुरु के रेड्डी को की गई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया की जानी-मानी लग्जरी कार बेंटली मल्सैन ईडब्ल्यूबी की पहली कार भारत में बिक गई है। कार की कीमत सुनेंगे तो आप हैरान रह जाएंगे। जी हां, इस कार की कीमत 10 करोड़ रुपए है।

- कार की टॉप स्पीड 296 किलोमीटर प्रति घंटे

खबर के मुताबिक, कंपनी की इस पहली कार को बेंगलुरु में ब्रिटिश बायोलॉजिकल कंपनी के एमडी वीएस रेड्डी ने खरीदी है। बेंटली ने इन्हें इसकी डिलीवरी भी दे दी है। यह कार काफी लग्जरियस है और इसमें जबरदस्त फीचर्स भी मौजूद हैं।

## ब्रिटिश बायोलॉजिकल कंपनी के एमडी वीएस रेड्डी ने खरीदी

### टर्बोचार्ज्ड वी8 इंजन

बेंटली मल्सैन ईडब्ल्यूबी कार में 6.75 लीटर टर्बोचार्ज्ड वी8 इंजन है। यह 512 पीएस का पावर देता है और 1020 एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करता है। यह कार पेट्रोल इंजन के साथ है। इसकी टॉप स्पीड 296 किलोमीटर है। यह जीरो से 96 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार महज 5.3 सेकंड में पकड़ लेती है। कार का वजन 2700 किलोग्राम है।






### कार में शानदार डिजिटल साउंड सिस्टम

कार में 14 स्पीकर्स के साथ मुलसन्ने आडियो सिस्टम लगा है। इसमें डिजिटल साउंड प्रोसेसिंग के साथ 2 सबवूफर्स लगे हैं। इसमें आठ इंच का हाई रिजॉल्यूशन इन्फोटेनमेंट सिस्टम लगा है। यह कार आपको सड़क पर फर्स्ट क्लास एयर ट्रैवल का एक्सपीरियंस कराती है। इसमें आप फ्लाइट की फर्स्ट क्लास सीट की तरह पैर को फैला सकते हैं।

### कार का इंटीरियर बेहद अट्रैक्टिव

ब्रिटिश बायोलॉजिकल के एमडी वीएस रेड्डी का कहना है कि उनका इस कार को हासिल करने का सपना पूरा हुआ है। रेड्डी ने डिलीवरी सेलिब्रेशन कंपनी के अपने कर्मचारियों के साथ किया। बेंटली मल्सैन ईडब्ल्यूबी कार की इंटीरियर बेहद अट्रैक्टिव है। इसका डैशबोर्ड काफी लग्जरीयस लुक का अनुभव कराता है। इस कार को ड्राइवर और रीयर सीट पर बैठा पैसेंजर भी कंट्रोल कर सकता है।

# जीएसटी संग्रह अक्टूबर में गिर कर 95,380 करोड़ रुपये पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अक्टूबर में गिरकर 95,380 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल अक्टूबर में संग्रह 1,00,710 करोड़ रुपए था। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। यह लगातार तीसरा महीना है जब कि जीएसटी की वसूली एक लाख करोड़ रुपए से नीचे है। सितंबर में जीएसटी संग्रह 91,916 करोड़ रुपए था। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अक्टूबर 2019 में कुल जीएसटी संग्रह 95,380 करोड़ रुपए रहा। इसमें केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) 17,582 करोड़ रुपए, राज्य जीएएसटी (एसजीएसटी) 23,674 करोड़ रुपए, समन्वित जीएसटी (आईजीएसटी) 46,517 करोड़ रुपये (इसमें 21,446 करोड़ रुपए आयातित माल से प्राप्त हुए) और उपकर का हिस्सा 7,607 करोड़ रुपए (774 करोड़ रुपए आयात पर) रहा।

- पिछले साल इसी माह 1,00,710 करोड़ रु. था
- सितंबर में जीएसटी संग्रह 91,916 करोड़ रु. था




### 74 लाख रिटर्न दाखिल किए गए

बयान में कहा गया है कि सितंबर महीने के लिए 30 अक्टूबर तक कुल 73.83 लाख जीएसटीआर 3बी रिटर्न (स्व आकलन वाले रिटर्न का संक्षिप्त विवरण) दाखिल दाखिल किए गए।

# सिडबी ने स्वावलंबन कनेक्ट केंद्र स्थापित करेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक(सिडबी) उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देने के लिए देश के पांच राज्यों में 100 स्वावलंबन कनेक्ट केंद्र स्थापित करने जा रहा है। सिडबी के मिशन स्वावलंबन के अंतर्गत यह पहल इस उद्देश्य के लिए है कि समाज में अधिकाधिक लोग नौकरी सृजित करने वाले बनें। इस पहल के अंतर्गतशामिल किए जाने वाले पांच राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और तेलंगाना होंगे। ये 100 स्वावलंबन कनेक्ट केन्द्र, 7,000 उद्यमों को एकदम शुरूवाती स्तर से स्थापित करने में मदद करेंगे और मौजूदा आजीविका/उद्यमों को विकसित करने के लिए भी सहायता प्रदान करेंगे। सिडबी ने इस पहल को सुसाध्य बनाने के लिए लिये लेट्सइंडोर्स डेवलपमेन्ट प्राइवेट लिमिटेड को अपने साथ जोड़ा है।

## कारोबार : त्योहारी मांग आने से महिंद्रा, टोयोटा का भी प्रदर्शन सुधरा

# सात महीने में पहली बार मारुति की घरेलू बिक्री में हुआ इजाफा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वाहन बाजार में सुस्ती के बीच त्योहारी मांग आने से मारुति सुजुकी , महिंद्रा एंड महिंद्रा और टोयोटा किर्लोस्कर समेत अन्य वाहन बनने वाली कंपनियों की बिक्री में अक्टूबर महीने में सुधार दिखा है।

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी की इस साल अक्टूबर में घरेलू बाजार में थोक बिक्री 4.5 प्रतिशत बढ़कर 1,44,277 इकाई रही। अक्टूबर 2018 में यह आंकड़ा 1,38,100 वाहनों का था। पिछले सात महीनों में पहली बार कंपनी की घरेलू बिक्री में वृद्धि दर्ज की गई है।

### खास बातें

- वाहन कंपनियों की बिक्री में अक्टूबर में दिखा सुधार
- मारुति का घरेलू बाजार में थोक बिक्री 4.5 फीसदी बढ़ी
- महिंद्रा अक्टूबर में अपनी बिक्री में गिरावट थामने में सफल रही




**एमएंडएम के लिए अक्टूबर माह ठीक रहा**

महिंद्रा एंड महिंद्रा के वाहन निभाग के विपणन एवं बिक्री प्रमुख विजय राम नकरा ने कहा, महिंद्रा के लिए अक्टूबर का महीना अच्छा रहा। इस दौरान खुदरा बिक्री, थोक बिक्री से करीब 40 प्रतिशत आगे रही। यात्री और वाणिज्यिक वाहनों दोनों में मजबूत खुदरा बिक्री देखी गई है।

### महिंद्रा ने 49,193 वाहन बेचे

बिक्री नकारात्मक रहने के बावजूद महिंद्रा एंड महिंद्रा अक्टूबर में बिक्री में गिरावट को थामने में कामयाब रही। इस साल अक्टूबर में घरेलू बाजार में उसकी बिक्री 11 प्रतिशत गिरकर 49,193 इकाई रही। इसके मुकाबले अक्टूबर 2018 में उसने 55,350 वाहन बेचे थे। इस साल सितंबर में कंपनी की घरेलू बिक्री 21 प्रतिशत गिरकर 40,692 इकाई पर थी।

### त्योहारी मांग में तेजी दर्ज की गई

टीकेएम के उप प्रबंध निदेशक एन. राजा ने कहा कि त्योहारी मौसम विशेषकर धनतेरस और दिवाली में ग्राहकों की मांग में तेजी दर्ज की गई। एमजी मोटर इंडिया ने अक्टूबर महीने में एसयूवी हेक्टर की 3,536 इकाइयों की खुदरा बिक्री की है।

### लेलैंड की घरेलू बिक्री 37 फीसदी गिरी

वाणिज्यिक वाहन निर्माता अशोक लेलैंड की घरेलू बाजार में कुल वाणिज्यिक वाहन बिक्री 37 प्रतिशत गिरकर 9,074 वाहनों पर रही, जो अक्टूबर 2018 में 14,341 इकाइयों पर थी।

### बजाज ने 3 लाख से अधिक गाड़ियां बेची

दोपहिया वाहन क्षेत्र में, बजाज ऑटो की अक्टूबर में घरेलू बाजार में बिक्री 13 प्रतिशत गिरकर 2,78,776 वाहन रही। अक्टूबर 2018 में उसने 3,19,942 गाड़ियां बेची थीं। टीवीएस मोटर कंपनी की घरेलू बाजार में दोपहिया वाहन बिक्री 25.45 प्रतिशत घटकर 2,52,684 इकाई पर रही।

### टोयोटा की घरेलू बिक्री गिरी

इसी प्रकार, टोयोटो किर्लोस्कर की अक्टूबर में घरेलू बाजार में बिक्री 6 प्रतिशत गिरकर 11,866 इकाई पर रही। कंपनी ने अक्टूबर, 2018 में 12,606 वाहनों की बिक्री की थी। इस साल सितंबर महीने में टोयोटो की कुल बिक्री 10,203 इकाई थी।

### टीवीएस की घरेलू मांग सुधरी

टीवीएस की एक साल पहले की इसी अवधि में उसने 3,38,988 इकाइयों की बिक्री की थी। इसके विपरीत, अक्टूबर में सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया की घरेलू बाजार में दोपहिया वाहन बिक्री 7.19 प्रतिशत बढ़कर 66,215 इकाई रही। अक्टूबर 2018 में यह आंकड़ा 61,768 इकाई था।

### बैंकों में सरकारी हिस्सेदारी कम करना कोई समाधान नहीं

**कोलकाता।** सरकारी बैंकों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के संगठनों ने बैंकिंग क्षेत्र के संकट को दूर करने के लिये सरकारी बैंकों का निजीकरण करने के नोबेल विजेता अभीजित बनर्जी के सुझाव से असहमति व्यक्त की है। बनर्जी ने हाल ही में कहा था कि सरकार को सरकारी बैंकों में अपनी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से कम करना चाहिए।

### सेंसेक्स-निफ्टी लगातार छठे दिन बढ़त के साथ बंद

**मुंबई।** कमजोर वृहद आर्थिक आंकड़ों के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में लगातार छठे दिन तेजी का दौर रहा। बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स शुक्रवार को 36 अंक की मामूली बढ़त के साथ 40,165 अंक पर बंद हुआ। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स उतार - चढ़ाव के बाद 35.98 अंक यानी 0.09 प्रतिशत बढ़कर 40,165.03 अंक पर बंद हुआ। फिलहाल , सेंसेक्स अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से करीब 100 अंक दूर है। इस साल तीन जून को सूचकांक 40,267.62 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था। इसी प्रकार , नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 13.15 अंक यानी 0.11 प्रतिशत बढ़कर 11,890.60 अंक पर पहुंच गया। पूरे सप्ताह के दौरान , सेंसेक्स 1,106.97 अंक यानी 2.83 प्रतिशत बढ़ा जबकि निफ्टी 306.70 अंक यानी 2.64 प्रतिशत चढ़ा।

# युवाओं के लिए भारत की नई जोरदार पहल: युवाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने आज राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ देश के शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार परिदृश्य बदलने के मकसद से एक नई जोरदार राष्ट्रीय पहल की शुरुआत की है। 10 से 24 साल के 300 मिलियन से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिलेगा। इस शुरुआत पर युवाह! साझेदारों का जोरदार समर्थन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक पत्र के माध्यम से यह संदेश दिया कि 'युवाह - द जेनरेशन अनलिमिटेड पार्टनरशिप' युवाओं को सबल बनाने में अहम् भूमिका निभाएगा। कौशल विकास कर वे अपनी सर्जना और शक्ति से 21वीं सदी का भारत बनाएंगे। मुझे विश्वास है कि इस साझेदारी से हमारे युवा समज बदलने में सबसे आगे आएंगे।''नई दिल्ली के हैबिटैट सेंटर में लांच के अवसर पर स्मृति इरानी ने कहा कि भारत सरकार युवाह को देश में बदलाव का साझेदार बनाने के लिए कृतसंकल्प है।




**नई दिल्ली।** स्टैंडिंग कॉन्फ्रेंस ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज (स्कोप) के महानिदेशक अतुल सोबती को देश में आर्थिक क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ इकॉनामिक स्टडीज द्वारा उद्योग रतन अवार्ड से नवाजा गया।

# पिछले 6 सालों में 90 लाख नौकरियां घटीं




**नई दिल्ली।** रोजगार के मुद्दे पर अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की तरफ से एक रिपोर्ट प्रकाशित की गई है, जिसके मुताबिक पिछले 6 सालों में करीब 90 लाख रोजगार के अवसरों में कमी आई है।

इस रिपोर्ट को संतोष मेहरोत्रा और जगति के परीदा ने मिलकर तैयार किया है और इसे अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ सस्टेनेबेल एंप्लॉयमेंट की तरफ से प्रकाशित किया गया है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में रोजगार के मुद्दे पर अब तक इतनी बुरी खबर नहीं आई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2011-12 से 2017-18 के बीच रोजगार के अवसरों में 90 लाख की कमी आई है। संतोष मेहरोत्रा जेएनयू में इकनॉमिस्ट के प्रोफेसर हैं और जेके परीदा पंजाब सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पढ़ाते हैं। यह रिपोर्ट लवीश भंडारी और अमरेश दुबे के हालिया अध्ययन के विपरीत है जो कि आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा प्रधानमंत्री को सौंपा गया था। जिसमें दावा किया गया था कि 2011 में 433 मिलियन (43.30 करोड़) रोजगार के मुकाबले 2017-18 में रोजगार की संख्या बढ़कर 457 मिलियन (45.70 करोड़) पर पहुंच गई।

### मोबाइल पर 30 व लैंडलाइन पर 60 सेकंड की घंटी बजेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कॉल की घंटी का समय मोबाइल के लिए 30 सेकंड और लैंडलाइन के लिए 60 सेकंड तय किया है। ट्राई ने सेवाओं की गुणवत्ता संबंधी संशोधित नियमों में यह व्यवस्था की। ट्राई ने लैंडलाइन एवं मोबाइल फोन सेवाओं की गुणवत्ता संबंधी प्रावधान में किए संशोधन में कहा, आने वाली फोन कॉल का यदि तुरंत उत्तर नहीं दिया जाए या उसे काटा न जाए तो उसकी सूचना देने वाली फोन की घंटी मोबाइल सेवाओं के लिए 30 सेकंड तथा लैंडलाइन के लिए 60 सेकंड के लिए होगी।

### आईयूसी खत्म करने की मांग

दूरसंचार उपभोक्ताओं के एक संगठन ने सरकार से इंटरकनेक्शन यूजेज शुल्क (आईयूसी) को एक जनवरी से खत्म करने की मांग की है। संगठन टेलीकॉम यूजर ग्रुप का कहना है कि यह शुल्क समाज के कमजोर तबके को आधुनिक सेवाओं और बेहतर अनुभव से वंचित करता है। एक नेटवर्क से किसी अन्य नेटवर्क पर कॉल को जोड़ने के एवज में छह पैसे का शुल्क लिया जाता है।


## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### ज्योतिष

INDIA'S No. 1
तंत्र-मंत्र के सम्राट, गोल्ड मेडलिस्ट
खुदा ने चाहा तो आपका प्यार टुटने नहीं दूँगा
11मिनटो में फोन पर घर बैठे
कठिन समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान
जैसे: वशीकरण, लवमैरिज, पति-पत्नी मे अनबन गृहक्लेश, सौतन-दुश्मन, लॉटरी-सटटा फिल्म मॉडलिंग गढ़ाधन, कर्ज,कारोबार मे बंदिश, विदेश-यात्रा आदि।
प्यार में धोखा खाये प्रेमी प्रेमिका वशीकरण एवं लव मैरिज कराने हेतु एक बार अवश्य फोन करें।
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी Reg No. 5568
बाबा शकवात बंगाली
काम ना होने पर पैसे वापस
09870155846

ढोंगी बाबाओं के भेष में बैठे हैं शैतान तो कैसे होंगे काम
11 मिनटों में शक्ति चमत्कार देखें घर बैठे फोन पर पायें सभी समस्याओं का समाधान
अघोरी तांत्रिक बाबा रोमानी बंगाली (पुराने किलेवाले)
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मुठकरनी
प्रेम विवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, प्यार में धोखा आदि। मुझसे पहले काम करने वाले को मुंहमांगा ईनाम।
97 60 37 09 60

### ज्योतिष

भारत के नं. 1
पहले जानो फिर मानो
तांत्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में
वशीकरण, मुठकरनी स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश मनचाही शादी, संतान प्राप्ती विदेश यात्रा, सास बहु में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधन
सौतन व दुश्मन छुटकारा कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना दु:ख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653

17 सालो से एक स्थान पर
बाबा बली शाह
5 घंटो में 100% गारंटिड समाधान जैसे मनचाही शादी, मनचाहा प्यार, रूठे को मनाना, कारोबार, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा खायें मिलें, सौतन/दुश्मन छुटकारा, जादू-टोना
स्पे. वशीकरण, मुठकरणी आदि
9917598041
Fees ₹200/-
पता : राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

### ज्योतिष

मेरे किये हुये काम काटे उसे मुँह मांगा ई
17 सालो से एक स्थान प
खुला चैलें
गुरू पाशा जी बंगा
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा मनचाही शादी में रूकावट, रूठे को म प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबा बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमा दवा ना लगना, सास-बहू में झ जादू-टोना, चौकी छोड़ने के म
स्पे. महामुठकरणी व वशीक सौतन व दुश्मन छुटकार
892937772
www.gurupashaji.com Fees ₹2
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दि

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं गुरूओं के महागुरू
गुरू अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

### ज्योतिष

हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा ईनाम
खुला चैलेंज तंत्र मंत्र सम्राट
घर बैठे 2 घंटे में समाधान
गुरू मिर्जा खान बंगाली
स्पेशलिस्ट वशीकरण मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा रूठे को मनाना, कारोबार, तलाक में बाधा, संतान या विदेश यात्रा में रूकावट सभी जगह से निराश फोन करें
9818053315
9871929265

### लोन

☞ JANDHAN FINANCE नोफाईलचार्ज नोगारंटर 1974 से आपकी सेवा में सभी बैंकों द्वारा मार्कशीट, आधार कार्ड, बिजनेस लोन घरबैठे 24 घंटों में पायें 1% ब्याज, 50% छूट एजेंट चाहिए 94520-91025

### लोन

☞ दिवाली धमाका ऑफर महिन्द्रा फाइनेंस द्वारा आधारकार्ड मार्कशीट प्रोपर्टी पर्सनल बिजनेस समस्त लोन घर बैठे पाएं फाइल चार्ज लोन से कटेगा महिलाओं के लिए विशेष छूट 2% ब्याज छूट 50% Mb. 88084-14358

### टावर

☞ अपनी खाली जमीन, छत, प्लॉट पर निरिक्षण करवाकर जमीन को कमाई का जरिया बनायें डिजिटल मल्टीमिडिया 4G-5G टॉवर लगवायें एडवांस 60 लाख, किराया 45000/- + नौकरी + 20 साल का एग्रीमेंट 82879-57830

### चिकित्सा

बढ़ाइये अपनी सुंदरता का साइज
अविकसित व छोटे ब्रेस्ट को टाइट सुडोल,आर्कषक व खूबसूरत बनायें। घर बैठे दवा मंगायें।
15 दिनों में फर्क देखें फोन करें फ्री सलाह लें
1250/- महीना
दीपक आयुर्वेदा
रमणीक कॉम्पलेक्स,दुकान न. 22, तिकोना पार्क, NIT फरीदाबाद
0129-4310055
0129-4310066

शराब छुडवायें हमेशा के लिए
बिना लाये बिना बताये वो भी सिर्फ 7 दिन में
शराब, स्मैक, अफीम, चरस, गांजा आदि
दुर्गा आयुर्वेदा
9717530680
9917617243

### टावर

☞ भारतीय टॉवर द्वारा जमीन, खेत, छत पर 4G टॉवर लगवायें एडवांस 90 लाख, मासिक किराया 45000/- + 1 नौकरी + सैलरी 24000/- एग्रीमेंट सहित (खर्चा साईट पास होने के बाद), काम हमारा विश्वास जीतना 80044-04132


### आवश्यकता

☞ चाहिए अनुभवी सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, गनमैन, फील्ड ऑफिसर, एरिया-गुड़गांव, सोहना रोड़, तावडू, पुन्हाना। वेतन 14,000/- से 25,000/- MOBILE# 9971948829

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### डब्लूडब्लूई स्टार फ्लेयर इस महीने आएंगी भारत

**नई दिल्ली।** डब्लूडब्लूई स्टार चार्लोट फ्लेयर तीन दिवसीय दौरे पर भारत आएंगी जो 14 नवंबर से शुरू होगा और इस दौरान वह विशेष ओलंपिक खिलाड़ियों से भी मिलेंगी। वह चार साल पहले भी भारत आयी थीं। इस दौरे पर वह 14 से 15 नवंबर तक मुंबई का और 16 नवंबर को बेंगलुरु का दौरा करेंगी तथा इन दोनों शहरों में प्रशंसकों से मुलाकात करेंगी। चार्लोट मुंबई में 'चिल्ड्रन्स डे' के मौके पर विशेष ओलंपिक खिलाड़ियों से मिलेंगी और कॉमिक कॉन इंडिया में भी शिरकत करेंगी। वह डब्लूडब्लूई सुपरस्टार रिक फ्लेयर की बेटी हैं और दूसरी पीढ़ी की पेशेवर पहलवान हैं।



### विलियमसन का गेंदबाजी एक्शन वैध

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन के गेंदबाजी एक्शन को शुक्रवार को वैध घोषित किया गया। अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए उनकी शिकायत की गई थी। दाएं हाथ के बल्लेबाज और कामचलाऊ स्पिनर विलियमसन के गेंदबाजी एक्शन की शिकायत गॉल टेस्ट के दौरान हुई थी जिसे श्रीलंका ने छह विकेट से जीता था। विलियमसन ने इसके बाद पिछले महीने इंग्लैंड में गेंदबाजी आकलन परीक्षण में हिस्सा लिया जहां उनकी कोई आईसीसी की स्वीकृत सीमा के जितनी ही मुड़ रही थी। आईसीसी ने बयान में कहा, 'अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आज पुष्टि करता है कि न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन के गेंदबाजी एक्शन को वैध पाया गया है और वह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी जारी रख सकते हैं।'

### गेंद अगर गीली हो गई है तो उसे बदल दो



**मुंबई।** आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डीन जोन्स का दिन-रात्रि टेस्ट में ओस से निपटने के लिए सामान्य सा सुझाव है कि अगर गुलाबी गेंद गीली होती है तो उसे बदल दिया जाए। विशेषज्ञ पहले ही भविष्यवाणी कर चुके हैं कि 22 नवंबर से कोलकाता में शुरू हो रहे भारत के पहले दिन-रात्रि टेस्ट में ओस बड़ी भूमिका निभाएगी। जोन्स ने आस्ट्रेलिया से फोन पर कहा, 'यह (दिन-रात्रि टेस्ट) शानदार पहल है। ओस की समस्या चिंता की बात है, इसमें कोई संदेह नहीं। अगर गेंद गीली हो गई है तो इसे बदल दीजिए।'

## पहले टी-20 में प्रदूषण का साया
# कोई खिलाड़ी मरने वाला नहीं, प्रदूषण बांग्लादेश में भी है : डोमिंगो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश के कोच रसेल डोमिंगो ने स्वीकार किया कि यहां प्रदूषण के कारण हालात आदर्श नहीं हैं लेकिन कहा कि इससे 'किसी की मौत नहीं होने वाली' क्योंकि प्रदूषण उनके देश में भी समस्या है। डोमिंगो ने कहा कि भारत में खराब वायु गुणवत्ता का सामना करना उनके लिए उतनी बड़ी समस्या नहीं है जितनी कुछ अन्य देशों की टीमों के लिए है।

शुक्रवार को सुबह अभ्यास सत्र के दौरान बांग्लादेश के खिलाड़ियों अल अमीन, अबु हिदेर रोनी और टीम के स्पिन सलाहकार डेनियल विटोरी को क्षेत्ररक्षण सत्र के दौरान मास्क पहने देखा गया। डोमिंगो ने संवाददाताओं से कहा, 'हमें पता है कि श्रीलंका के खिलाड़ियों को पिछली बार जूझना पड़ा था और देखिए बांग्लादेश में भी थोड़ा प्रदूषण है, इसलिए कुछ अन्य देशों की तरह यह बेहद स्तब्ध करने वाली चीज नहीं है।

**खास बातें**

- भारत का बांग्लादेश के खिलाफ पहला टी-20 मैच कल
- बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने क्षेत्ररक्षण सत्र के दौरान पहना मास्क







### रोहित ने बीसीसीआई अध्यक्ष गांगुली से बात की, कहा टीम पहला टी-20 खेलने को तैयार

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने शुक्रवार को बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली को आश्वासन दिया कि उनकी टीम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण को लेकर बढ़ती चिंताओं के बावजूद रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने को तैयार है।बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने सुबह क्षेत्ररक्षण सत्र के दौरान प्रदूषण से बचने के लिए मास्क पहने हुए थे लेकिन दोपहर में अभ्यास करने वाली भारतीय टीम इसे लेकर बेपरवाह दिखी। बीसीसीआई सूत्र ने पीटीआई को नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, "बीसीसीआई अध्यक्ष ने टीम का हालचाल जानने के लिए फोन किया था। सौरव गांगुली ने कार्यवाहक कप्तान रोहित शर्मा से चर्चा की कि टीम इस स्थिति से कैसे निपट रही है। भारतीय कप्तान ने पुष्टि की कि टीम ठीक है और बिना किसी समस्या के खुले में ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया।"

## रोहित को पहले टी-20 से पहले बायीं जांघ पर लगी गेंद



**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को बांग्लादेश के खिलाफ तीन नवंबर को होने वाले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की तैयारियों के लिए शुक्रवार को थ्रोडाउन करते हुए गेंद बायीं जांघ पर लग गई जिससे उन्हें नेट सत्र छोड़कर जाना पड़ा। विराट कोहली की अनुपस्थिति में रोहित तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में टीम की अगुआई करेंगे। उन्हें यह गेंद नेट सत्र के शुरू में ही लग गई। कुछ थ्रोडाउन के बाद एक तेज गेंद उनकी बायीं जांघ पर लग गई। वह तुरंत ही नेट सत्र को छोड़कर चले गए और यह दिख रहा था कि जिस तेजी से थ्रोडाउन गेंद उनकी ओर आई थी, वह उससे खुश नहीं थे। भारतीय टीम ने बाएं हाथ के थ्रोडाउन विशेषज्ञ को रखा है ताकि खिलाड़ी प्रतिद्वंद्वी टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान का सामना अच्छी तरह कर सकें। आमतौर पर बल्लेबाज नेट में गेंदबाजों का सामना करने से पहले लय हासिल करने के लिए थ्रोडाउन लेते हैं। पता चला है कि रोहित इसके लिए उपचार ले रहे हैं और वह इसके बाद नेट सत्र में हिस्सा लेने नहीं उतरे।

## क्रिकेट : वार्नर बने मैन आफ द मैच और मैन आफ द सीरीज
# आस्ट्रेलिया ने किया क्लीन स्वीप, वार्नर ने लगाई टी-20 क्रिकेट में रिकार्ड की झड़ी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

एरोन फिंच की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में श्रीलंका का 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। श्रीलंका ने पहले बेटिंग करते हुए छह विकेट के नुकसान पर 142 रन बनाए। जवाब में आस्ट्रेलिया ने नाबाद अर्धशतक 57 रन की मदद से तीन विकेट खोकर 145 रन बना लिए और मैच सात विकेट से जीत लिया। वार्नर को मैन आफ द मैच और मैन आफ द सीरीज का अवार्ड प्रदान किया गया।

ऑस्ट्रेलिया के ओपनर बल्लेबाज डेविड वार्नर ने साबित कर दिया कि उन्हें टी20 क्रिकेट में दुनिया के खतरनाक बल्लेबाजों में से एक क्यों माना जाता है। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में वो हर मैच में नाबाद रहे। तीसरे मैच में भी उन्होंने नाबाद 57 रन की पारी खेली और अपनी टीम को 7 विकेट से जीत दिलाई। तीसरे मैच में अपने नाबाद अर्धशतक के दम पर डेविड वार्नर ने टी20 क्रिकेट में कई रिकॉर्ड्स भी अपने नाम कर लिए। बैन के बाद पहली बार वार्नर ने अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में वापसी की और अपने पहले ही सीरीज को बेहद यादगार बना दिया।



### वार्नर के 9000 रन पूरे

श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में 37 रन बनाते ही डेविड वार्नर ने टी20 क्रिकेट में 9000 रन पूरे कर लिए। वो ऑस्ट्रेलिया के पहले ऐसे बल्लेबाज बने जिन्होंने टी20 क्रिकेट में 9000 रन पूरे किए हैं। वहीं इस मैच में 49 रन बनाते ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में अपने 2000 रन पूरे कर लिए। वार्नर ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में 2000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। डेविड वार्नर अब तक 73 मैचों में 2009 रन बनाए हैं जबकि दूसरे स्थान पर फिंच हैं जिन्होंने 55 मैचों में 1772 रन बनाए हैं।

### वार्नर ने घर में लगाए 100 छक्के


डेविड वार्नर ने तीसरे वनडे में श्रीलंका के खिलाफ अपनी नाबाद 57 रन की पारी में एक छक्का लगाया। इस छक्के के साथ ही उन्होंने अपनी धरती पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में छक्कों की संख्या को 100 तक पहुंचा दिया। वार्नर अब ऑस्ट्रेलिया के दूसरे ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं जिन्होंने अपनी ही धरती पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 या उससे ज्यादा छक्के लगाए हैं। वार्नर के आगे 105 छक्कों के साथ एडम गिलक्रिस्ट हैं।

### वार्नर ने लगाया 16वां अर्धशतक

डेविड वार्नर ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे मैच में अपने अंतरराष्ट्रीय टी20 करियर का 16वां अर्धशतक लगाया। इसके साथ ही उन्होंने मार्टिन गप्टिल और स्टारलिंग की बराबरी कर ली। अब वार्नर गप्टिल व स्टारलिंग के साथ टी20 क्रिकेट में अर्धशतक लगाने के मामले में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर आ गए हैं। टी 20 में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज विराट कोहली हैं जिन्होंने 22 बार जबकि रोहित ने 21 बार क्रिकेट के इस प्रारूप में अर्धशतक लगाया है और वो दूसरे स्थान पर हैं।

## पूजा गहलोत विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के फाइनल में

### तुर्की की येतगिल को 8-4 से दी मात



एजेंसी ▶▶| कबुडापेस्ट

भारत की पहलवान पूजा गहलोत (53 किग्रा) ने यहां सेमीफाइनल में तुर्की की जेनेप येतगिल को हराकर यूडब्ल्यूडब्ल्यू अंडर-23 विश्व चैम्पियनशिप 2019 के फाइनल में प्रवेश किया। पूजा ने 2-4 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए येतगिल पर 8-4 से जीत हासिल की जो 2018 जूनियर यूरोपीय कुश्ती चैम्पियनशिप की स्वर्ण पदकधारी हैं। फाइनल में जापान की हारूनो ओकुनो से भिड़ेंगी। किसी भी भारतीय ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू अंडर-23 विश्व चैम्पियनशिप के पिछले तीन चरण में कोई स्वर्ण पदक नहीं जीता है। रविंदर ने बुधवार को किर्गिस्तान के उलुकबेक जोल्डाशबेकोव से 61 किग्रा फाइनल में हारकर कांस्य पदक से संतोष किया था। पूजा ने क्वालीफाइंग चरण से ही अच्छी शुरूआत की जिसमें उन्होंने रूस की कैटरीना वर्बिना को 8-3 से मात दी। क्वार्टरफाइनल में उन्होंने 8-0 की शानदार जीत से सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## बोपन्ना की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में, शरण बाहर



एजेंसी ▶▶| पेरिस

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने अपने जोड़ीदार डेनिस शापोवालोव के साथ मिलकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि हमवतन दिविज शरण दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गये।

बोपन्ना और उनके कनाडाई जोड़ीदार ने महज 59 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में मैनुएल गोंजालेज की अमेरिकी-अर्जेंटीनी जोड़ी को 6-1, 6-3 से शिकस्त दी। उन्होंने चार बार अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस तोड़ी और इस शानदार जीत के दौरान उन्हें एक भी ब्रेकप्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा।

शरण और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार आर्टेम सिटाक को फैब्रिस मार्टिन और जेरेमी चार्डी की फ्रांसीसी जोड़ी से 53 मिनट में 2-6, 3-6 से हार का मुंह देखना पड़ा।

### टी-20 : इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को हराया

**क्राइस्टचर्च।** जेम्स विन्स के पहले अर्धशतक की बदौलत इंग्लैंड ने यहां शुरुआती टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड पर सात विकेट से शानदार जीत हासिल की। मेहमान टीम के लिए विन्स शीर्ष स्कोरर रहे, उन्होंने 59 रन की पारी खेली। इससे इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड द्वारा दिए गए 154 रन के लक्ष्य को 18.3 ओवर में ही हासिल कर लिया और पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। इंग्लैंड ने टास जीतकर न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी का न्यौता दिया जिसने रास टेलर के 44 रन, टिम सेफर्ट के 32 रन और डेरिल मिशेल के नाबाद 30 रन की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 153 रन बनाए। कई सीनियर खिलाड़ियों के बिना खेल रही इंग्लैंड ने इसके बाद विन्स की अर्धशतकीय पारी से सात विकेट से जीत हासिल की जिन्होंने 38 गेंद में सात चौके और दो छक्के जमाए। न्यूजीलैंड के लिए सैंटनर ने 23 रन देकर तीन विकेट झटके लेकिन वह टीम को हार से नहीं बचा सके। न्यूजीलैंड के नियमित कप्तान केन विलियम्सन कूल्हे की चोट के कारण इस श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं।

## नडाल ने वावरिंका को हराया सिटसिपास से भिड़ेंगे जोकोविच

एजेंसी ▶▶| पेरिस



राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच ने क्रमशः स्टान वावरिंका और काइल एडमंड को हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल ने तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन वावरिंका को 6-4, 6-4 से मात देकर उनके खिलाफ जीत का रिकार्ड 19-3 कर दिया। बारह दफा के फ्रेंच ओपन विजेता नडाल अब क्वार्टर में 2008 के चैंपियन जो विल्फ्रेड सोंगा से भिड़ेंगे जिन्होंने जर्मनी के जान लेनार्ड स्ट्रफ को 2-6, 6-4, 7-6 से शिकस्त दी। सोलह बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन जोकोविच ने ब्रिटेन के काइल एडमंड को 7-6, 6-1 से मात दी और सातवें नंबर के खिलाड़ी स्टेफानोस सिटसिपास से भिड़ंत पक्की की जिनके खिलाफ उनका रिकार्ड 0 2-1 है।

### दिमित्रोव पहली बार अंतिम आठ में

पूर्व नंबर तीन ग्रिगोर दिमित्रोव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवें वरीय डोमिनिक थिएम को 6-3, 6-2 से शिकस्त दी और पहली बार पेरिस में अंतिम आठ में प्रवेश किया। अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये उनकी भिड़ंत क्रिस्टियन गारिन से होगी जिन्होंने फ्रांस के क्वालीफायर जेरेमी चार्डी को 6-7, 6-4, 7-6 से मात दी।


## गुमशुदा की तलाश



पूर्णिमा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दर्शाई गई) जिसका नामः **पूर्णिमा** पत्नी **रजनीकांत** पताः **मकान नं. 126, सुल्तान पुर, दिल्ली,** जो थाना राज पार्क क्षेत्र से दिनांक **07.08.2019** से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में डीडी संख्या **08–ए** के तहत दिनांक **08.08.2019** को **थाना राज पार्क, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस महिला का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–

**लिंगः** महिला, **आयुः** 26 वर्ष, **कदः** 5'1" फीट, **रंगः** सांवला, **चेहराः** गोल, **पहनावाः** काले रंग का सूट व संतरी सलवार और पैरों में सैन्डेल पहने हुई है।

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

**थाना प्रभारी**
**थाना राज पार्क, दिल्ली**
फोन नं.: **011–27910070**
**27910071**

वेबसाइट: **http://cbi.nic.in**
ई–मेल: **cic@cbi.gov.in**
टेली. न.: **011-24368638/24368641**
फैक्स नं.: **011-24368639**

**DP/2810/OD/19**


## ओलंपिक क्वालीफायर: भारतीय महिला टीम ने अमेरिका को 5-1 से रौंदा

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर



भारतीय महिला हाकी टीम ने ओलंपिक क्वालीफाई करने की ओर मजबूत कदम बढ़ाते हुए शुक्रवार को यहां दो मैचों के एफआईएच क्वालीफायर के पहले चरण में अमेरिका पर 5-1 की आसान जीत दर्ज की। इस मुकाबले के करीबी होने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन भारतीय महिला टीम ने कलिंगा स्टेडियम में दर्शकों की हौसला-अफजाई के बीच अमेरिका की चुनौती का आसानी से ध्वस्त कर दिया। भारत की ओर से ड्रैगफ्लिकर गुरजीत कौर (42वें और 51वें मिनट) ने दो जबकि लिलिमा मिंज (28वें मिनट), शर्मिला देवी (40वें मिनट) और नवनीत कौर (46वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा। अमेरिका की ओर से एकमात्र गोल पेनल्टी स्ट्रोक पर 54वें मिनट में एरिन मेटसन ने किया। दुनिया की नौवें नंबर की टीम भारत को अब तोक्यो ओलंपिक 2020 का टिकट कटाने के लिए शनिवार को दूसरे और अंतिम चरण में अपने चार गोल की फायदे की स्थिति का बचाव करना होगा। भारतीय टीम ने शुरू से ही अमेरिकी टीम पर दबाव बनाया लेकिन स्पष्ट मौके बनाने में नाकाम रही।


## 02.11.2019 को पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ



त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों की बढ़ी हुई संख्या के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से पूर्व दिशा की ओर दिनांक 02.11.2019 को निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| विशेष रेलगाड़ी सख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिल्ली क्षेत्र से दिनांक 02.11.2019 (शनिवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची | | | | | | |
| 04046 | आनंद विहार (ट.) | 23:35 | गोरखपुर | 13:35 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोण्डा एवं बस्ती |
| 04022 | आनंद विहार (ट.) | 00:10 | पटना | 17:45 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, कानपुर, इलाहाबाद, प. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 04030 | दिल्ली जं. | 13:45 | मुजफ्फरपुर | 13:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ (एनआर), गोंडा बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज, पडरौना, टमकुही रोड, थाबे, सीवान, छपरा, सोनपुर एवं हाजीपुर |
| 04038 | दिल्ली जं. | 20:50 | छपरा | 15:30 | 2 टियर, 3 टियर वाता., शयन. एवं सामा. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर छावनी, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, एवं सीवान जं. |

इन त्यौहारों के दौरान उत्तर रेलवे, अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से उपरोक्त रेलगाड़ियों सहित 92 जोड़े (कुल 184) रेलगाड़ियाँ चला रही है जो कुल 1133 फेरे लगायेंगी। उपरोक्त त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के अलावा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से उत्तर रेलवे द्वारा अनेक नियमित रेलगाड़ियों में यात्री वहन क्षमता का भी विस्तार किया जा रहा है। यात्री वहन क्षमता की वृद्धि के लिये विभिन्न रेलगाड़ियों में 40 अतिरिक्त डिब्बे जोड़े जा रहे हैं, जो इस अवधि के दौरान कुल 1118 फेरे लगायेंगे। रेल यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली जंक्शन व नई दिल्ली रेलवे स्टेशनों से और भी अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियाँ अल्प सूचना पर चलाई जायेंगी।

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ जैसे कि पटाखे, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, केरोसिन, इत्यादि कदापि लेकर सफर न करें।**

हमें फॉलो करें

नोट:– यात्रियों से अनुरोध है कि रेलगाड़ियों के ठहराव आदि जानकारी के लिए रेलवे पूछताछ सं. 139 या नज़दीकी रेलवे स्टेशन पर संपर्क करें अथवा रेलवे की www.enquiry.indianrail.gov.in वेबसाइट देखें।

रेलवे सुरक्षा हेल्पलाइन नं. 182

उत्तर रेलवे
www.nr.indianrailways.gov.in

रेलयात्री शिकायत हेल्पलाइन नं. 138

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### बीमार चल रहे नवाज की सेहत में आया सुधार

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की सेहत में सुधार के संकेत मिले हैं क्योंकि उनका प्लेटेलेट काउंट बढ़कर 51,000 पर पहुंच गया है। बहरहाल, मीडिया में शुक्रवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार उनका रक्त चाप और मधुमेह का स्तर अब भी उच्च बना हुआ है। मेडिकल बोर्ड ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के 69 वर्षीय नेता की जांच की। उन्हें यहां सर्विसेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉन अखबार के अनुसार, शरीफ के प्लेटेलेट बृहस्पतिवार को 35,000 से बढ़कर 51,000 हो गए जो उनकी सेहत में सुधार को दिखाता है।

### नगालैंड के चमगादड़ों में इबोला के विषाणु होने की आशंका

**नई दिल्ली।** हालिया अध्ययन में आशंका जताई गई है कि नगालैंड के कुछ इलाकों में पाए जाने वाले चमगादड़ 'फिलोवायरसेस' परिवार के विषाणुओं के वाहक हो सकते हैं। इस श्रेणी में इबोला एवं मारबर्ग विषाणु शामिल हैं और इनका शिकार करने वाले लोगों को इनसे संक्रमित होने का खतरा है। सिंगापुर स्थित ड्यूक नेशनल यूनिवर्सिटी के इयान मेंडेनहाल, बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय जैव विज्ञान केंद्र के पायलट डोविह और उमा रामकृष्णन सहित कई अनुसंधानकर्ताओं ने नगालैंड के मिमी गांव में लोगों द्वारा शिकार किए गए चमगादड़ों के खून के नमूनों की जांच की।

### मुर्दाघरों में पड़े हैं 30,000 अज्ञात लोगों के शव

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा है कि देशभर के मुर्दाघरों में 30,000 अज्ञात लोगों के शव और कंकाल पड़े हैं। इनका कोई दावेदार सामने नहीं आया है। सरकारी आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुर्दाघरों में धन, मानव संसाधन और उपकरणों की कमी है। ऐसे में शवों की उचित तरीके से जांच नहीं हो पा रही और फॉरेंसिक पहचान का क्षेत्र संकट में है। बीते दशक में मेक्सिको में बड़े पैमाने पर हत्या की घटनाएं हुई और उन शवों का निपटारा नहीं हो पाने के कारण यह हालात बने हैं। वर्ष 2018 में पश्चिमी मेक्सिको के ग्वादालजारा शहर के लोगों ने एक रेफ्रिजरेटर ट्रेलर से दुर्गंध आने की शिकायत की थी।

### पाकिस्तान: सेना अपने हाथ में ले सकती है लॉ एंड ऑर्डर

# इमरान सरकार के खिलाफ 'आजादी मार्च' में उमड़ा जनसैलाब

एजेंसी ⏭ कराची



पाकिस्तान में प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे एक प्रभावशाली धर्मगुरु एक विशाल रैली के लिए शुक्रवार को यहां पहुंचे। प्रदर्शनकारी इमरान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। दक्षिणपंथी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) के प्रमुख मौलाना फजल-उर रहमान ने 27 अक्टूबर को अन्य विपक्षी दलों के नेताओं के साथ दक्षिणी सिंध प्रांत से आजादी मार्च की शुरुआत की है। ये लोग खान पर 2018 के आम चुनावों में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए उनसे इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री पर अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन, अक्षमता और कुप्रशासन का आरोप भी लगाया जिससे आम आदमी की मुश्किलें बढ़ गईं। जमीयत नेताओं ने कहा कि रहमान का 31 अक्टूबर को इस्लामाबाद पहुंचने का कार्यक्रम था, लेकिन काफिले में सैकड़ों की संख्या में वाहन होने की वजह से रफ्तार धीमी हो गई इससे देर हुई।

उधर, पाकिस्तान में कानून और सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सेना अपने हाथ में ले सकती है। पिछले कई दिनों से पाकिस्तान पर अस्थिरता के बादल मंडरा रहे हैं। संभव है कि शनिवार को पाकिस्तान में कानून और सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी पाकिस्तानी सेना अपने हाथ में ले सकती है। आजादी मार्च के कारण इमरान सरकार पर लगातार खतरा बना हुआ है। ऐसे में कहा जा रहा है कि पाकिस्तान को त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के हवाले किया जा सकता है। इसमें स्थानीय पुलिस, रेंजर्स और पाकिस्तानी आर्मी देश के अंदर सुरक्षा व्यवस्था संभाल सकती है। इससे पहले इमरान खान आजादी मार्च पर कह चुके हैं कि वह इसको नहीं रोक सकते हैं। यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। बता दें कि पिछले कई दिनों से खबरें आ रही हैं कि पाकिस्तान में एक बार फिर से सैन्य शासन लागू हो सकता है। पाकिस्तान की खस्ता आर्थिक हालात, कश्मीर पर भारत के फैसले के बाद वहां पर लगातार असंतोष बढ़ता जा रहा है।

#### प्रदर्शन मार्च में पीपीपी के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया

शुक्रवार को टीवी को दिए एक साक्षात्कार में रहमान ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री इस्तीफा नहीं देते हैं तो देश में अव्यवस्था फैलेगी। सुरक्षा संस्थाओं के मुताबिक आजादी मार्च में हजारों लोग हिस्सा ले रहे हैं। इस्लामाबाद में यह आंकड़ा और बढ़ गया क्योंकि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) समेत विपक्षी दलों के समर्थक भी सरकार विरोधी इस प्रदर्शन में शामिल हो गए।


#### रेल हादसे के बाद टाल दी गई थी रैली

पीएम इमरान खान के खिलाफ गुरुवार को इस्लामाबाद में होने वाली रैली लाहौर रेल अग्निकांड की वजह से एक दिन के लिए टाल दी गई थी। लेकिन शुक्रवार को 'आजादी मार्च' फिर से शुरू हो गया है।

### कश्मीर घाटी में 89वें दिन भी जारी रहा बंद

# श्रीनगर के कुछ हिस्सों में लगाई गई पाबंदियां

एजेंसी ⏭ श्रीनगर



श्रीनगर में जुम्मे की नमाज के बाद हिंसक प्रदर्शनों की आशंका के चलते और कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए शुक्रवार को कुछ हिस्सों में अहतियाती तौर पर पाबंदियां लगा दी गईं। संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म करने के बाद लगातार 89वें दिन भी कश्मीर में जनजीवन प्रभावित रहा। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए पुराने शहर में पांच पुलिस थाना क्षेत्रों और सौरा पुलिस थाना क्षेत्र के कुछ हिस्सों में पाबंदियां लगाई गई। अधिकारी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के खिलाफ हिंसक प्रदर्शनों की आशंका थी जिसके चलते घाटी में संवेदनशील स्थानों पर भारी सुरक्षा बल को तैनात किया गया। उन्होंने बताया कि समूची घाटी में हालात फिलहाल शांतिपूर्ण हैं। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में कुछ बदमाशों ने भाजपा कार्यकर्ताओं के दो निजी वाहनों को आग लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि बाजार बंद रहे और गाड़ियां सड़कों से नदारद रहीं। दसवीं और बारहवीं कक्षा के लिए बोर्ड परिक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हुई।

#### पाकिस्तानियों को कश्मीर नहीं महंगाई की सता रही चिंता

पाकिस्तान की जनता को कश्मीर की नहीं बल्कि सबसे ज्यादा चिंता आसमान छूती महंगाई और बेरोजगारी की सता रही है। गलप इंटरनेशनल ने आर्थिक संकट से जूझ रहे देश के सभी चार प्रांतों में एक सर्वेक्षण करवाया है जिसमें यह पता चला है। 'गलप ऐंड गिलानी पाकिस्तान' की ओर से किया गया यह अध्ययन मंगलवार को प्रकाशित हुआ। इसमें बताया गया कि अध्ययन में शामिल 53 फीसदी लोगों का मानना है कि देश के सामने सबसे बड़ी समस्या अर्थव्यवस्था और बढ़ती महंगाई है। सर्वेक्षण के मुताबिक महंगाई के बाद 23 फीसदी लोगों ने बेरोजगारी, चार फीसदी ने भ्रष्टाचार और चार फीसदी ने जल संकट को चिंता का विषय बताया। पाकिस्तान सरकार कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के लिए जहां हर संभव प्रयास कर रही है वहीं सर्वेक्षण में शामिल लोगों में से महज आठ फीसदी ने कश्मीर मुद्दे का नाम लिया। सर्वेक्षण में लोगों ने राजनीतिक अस्थिरता, बिजली का संकट, डेंगू तथा अन्य मुद्दों का भी नाम लिया।

### पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह बोले

# थैंक्स इमरान, हर दिन के लिए माफ करें करतारपुर की फीस

एजेंसी ⏭ चंडीगढ़



करतारपुर साहिब गुरुद्वारे की यात्रा को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा कुछ दिनों के लिए करतारपुर कॉरिडोर आने की फीस घटाने पर पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने उनका धन्यवाद किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि इमरान 20 डॉलर की फीस को सिर्फ दो दिन नहीं बल्कि सभी दिनों के लिए माफ किया जाए।

उन्होंने एक ट्वीट के जरिए एक और अपील की है। अमरिंदर ने लिखा कि कि इमरान खान के द्वारा सिख श्रद्धालुओं के लिए एडवांस रजिस्ट्रेशन और पासपोर्ट की नियमितता को हटाने के लिए धन्यवाद। मैं पाकिस्तानी सरकार से अपील करता हूं कि ऐसी सुविधा सिर्फ सिख ही नहीं बल्कि भारत से आने वाले अन्य श्रद्धालुओं के लिए भी दें। साथ ही 20 डॉलर की फीस को सिर्फ दो दिन नहीं बल्कि सभी दिनों के लिए माफ किया जाए।

बता दें कि आने वाले 9 नवंबर को पाक की ओर से करतारपुर कॉरिडोर का उद्घाटन किया जाना है।

# उ. कोरिया ने सुपर लार्ज राकेट लॉन्चर का नया परीक्षण किया

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने अपने 'सुपर लार्ज मल्टीपल राकेट लॉन्चर सिस्टम' का नया सफल परीक्षण किया है। वहां के सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया की सेना ने गुरुवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने दक्षिणी प्योंगन प्रांत से कम दूरी की दो मिसाइलें प्रक्षेपित की। दोनों मिसाइलों ने लगभग 370 किमी की दूरी तय की। यदि इस परीक्षण की पुष्टि होती है तो पनडुब्बी आधारित मिसाइल क्षमता से कोरियाई प्रायद्वीप का सैन्य संतुलन बदल जाएगा। उत्तर कोरिया की 'कोरियन सेन्ट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) की खबर के अनुसार गुरुवार का परीक्षण प्रक्षेपकों की सुरक्षा जांच करने के लिए किया गया था। केसीएनए ने बताया कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने हालिया परीक्षण पर संतोष जताते हुए टीम को बधाई दी है। उन्होंने इसके पहले किए गए परीक्षणों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी की थी।



### यूनेस्को ने एक रिपोर्ट में दी जानकारी

# पत्रकारों के 90 प्रतिशत हत्यारों को दोषी करार नहीं दिया गया

**लंदन।** पिछले दो वर्ष में 55 प्रतिशत पत्रकारों की हत्या संघर्ष रहित क्षेत्रों में हुई जो राजनीति, अपराध और भ्रष्टाचार पर रिपोर्टिंग के लिए खबरनवीसों को निशाना बनाने की बढ़ती प्रवृत्ति को दिखाता है। यूनेस्को ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। यूनेस्को ने बताया कि 2006 से 2018 तक दुनिया भर में 1,109 पत्रकारों की हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों में से करीब 90 फीसदी को दोषी करार नहीं दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दो वर्षों (2017-2018) में 55 प्रतिशत पत्रकारों की मौत संघर्ष रहित क्षेत्रों में हुई। यह रिपोर्ट पत्रकारों की हत्याओं की प्रवृत्ति में आये बदलाव को दिखाती है जिन्हें अक्सर राजनीति, अपराध और भ्रष्टाचार पर उनकी रिपोर्टिंग के लिए निशाना बनाया जाता है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आयी है जब एक दिन बाद दो नवंबर को पत्रकारों के खिलाफ अपराधों के लिए दंडमुक्ति को खत्म करने का अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, पत्रकारों के लिए काम करने के लिहाज से अरब देश सबसे खतरनाक हैं जहां 30 प्रतिशत हत्याएं हुई।




# अमेरिका ने चीन निर्मित ड्रोन के इस्तेमाल पर लगाई रोक

**वाशिंगटन।** चीनी इलेक्ट्रॉनिक्स को लेकर अमेरिकी सुरक्षा चिंताओं के बीच अमेरिका के गृह मंत्रालय ने अपने बेड़े के चीन निर्मित ड्रोनों की उड़ान पर रोक लगाने की घोषणा की है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता निक गुडविन ने इस निर्णय का कोई कारण नहीं बताया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री डेविड बर्नहार्ट ने जांच के आदेश दिए हैं। गुडविन ने कहा कि जांच पूरी होने तक, मंत्री ने चीन निर्मित ड्रोन या चीन निर्मित पुर्जों वाले ड्रोन की उड़ान पर रोक लगा दी है। गुडविन ने कहा कि ऐसे ड्रोनों को छूट दी जाएगी, जिनका उपयोग आपातकालीन उद्देश्यों जैसे कि जंगल में आग, खोज एवं बचाव और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए किया जा रहा है। इसके बारे में जानकारी रखने वाले सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय के पास 810 ड्रोन बेड़ा है, जिनमें लगभी सभी चीन की कम्पनियों द्वारा निर्मित हैं। सूत्रों ने बताया कि केवल 24 ड्रोन अमेरिका में बने हैं लेकिन उनमें भी चीनी निर्मित पुर्जे हैं।



## प्रदर्शन...



इराक के बगदाद में शुक्रवार को सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान तहरीर चौक पर इकट्ठा हुए लोग।

# चीन ने चेताया- हांगकांग में अशांति बर्दाश्त नहीं करेंगे


एजेंसी ⏭ बीजिंग




■ बीजिंग स्थित केंद्र सरकार ने अभी तक हांगकांग की प्रशासक केरी लाम पर जताया है भरोसा

चीन ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि वह हांगकांग की प्रशासनिक व्यवस्था को चुनौती देने वाली किसी भी गतिविधि को और इस अर्द्ध स्वायत्त क्षेत्र के मामलों में कोई भी विदेशी दखलंदाजी बर्दाश्त नहीं करेगा। चीन ने यह भी कहा कि वह इस शहर में देशभक्ति की भावना बढ़ाने की योजनाएं लेकर आया है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के एक वरिष्ठ सदस्य के मुताबिक, राष्ट्रपति शी चिनफिंग की अध्यक्षता में हुई पार्टी की चार दिवसीय बैठक में इस अर्द्ध स्वायत्त क्षेत्र में अशांति पर भी चर्चा हुई। बीजिंग ने यह भी कहा कि हांगकांग के मामलों में कोई भी विदेशी दखलंदाजी वह बर्दाश्त नहीं करेगा। बीजिंग स्थित केंद्र सरकार ने अभी तक हांगकांग की प्रशासक केरी लाम पर भरोसा जताया है और शहर की पुलिस ने हिंसक प्रदर्शनों के बढ़ने पर रोक लगाई है। हालांकि, सभी नजरें इस ओर टिकी हैं कि प्रदर्शनों के नियंत्रण से बाहर होने की स्थिति में क्या पार्टी नेतृत्व और अधिक सख्त कदम उठाएगा।





मेरा नाम परवेश जिला भरतपुर, राजस्थान की रहने वाली हूँ। मेरा समय बहुत दर्द भरा और अनियमित रहता था। बहुत महंगे-महंगे डॉक्टरों को दिखाया लेकिन बिल्कुल फर्क नहीं पड़ा। फिर एक दिन मेरी बहन ने मेरी परेशानी को समझकर 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक इस्तेमाल करने की सलाह दी। क्योंकि मेरी बहन भी 'सच्ची सहेली' के रिजल्ट से वाकिफ़ थी। उसके कहे अनुसार 'सच्ची सहेली' टॉनिक दो-दो चम्मच सुबह-शाम सेवन शुरू किया। सिर्फ 21 दिनों के अंदर ही मुझे बहुत फायदा लगा।


मेरा नाम अंजना, उम्र 32, गांव मेनथापल, नाहन की रहने वाली हूँ। प्राईवेट नौकरी करती हूं। ऑफिस में काम के बाद शाम को घर का काम करने की हिम्मत नहीं रहती थी, क्योंकि पेडू में दर्द, खून की कमी की समस्या मुझे शुरू से रहती थी। इलाज तो बहुत करवाया लेकिन फायदा न हुआ। फिर एक दिन अपनी सहेली के कहानुसार मैंने आयुर्वेदिक 'सच्ची सहेली' टॉनिक 2-2 चम्मच लेना शुरू किया। सिर्फ एक महीने के अंदर ही मैं पहले से बेहतर हूँ। जिसके लिए मैं आयुर्वेदिक 'सच्ची सहेली' की आभारी हूँ।


मेरा नाम सुलोचना देवी, उम्र 28, सिरमौर की रहने वाली गृहणी हूं। जब से वो दिन शुरू हुए तभी से पेट में दर्द, थकावट, चिड़चिड़ापन ये सभी समस्याएं हो रही थी। मेरी हालत को देखकर मेरी ननंद ने मुझे सच्ची सहेली कम्पलीट ट्रीटमेंट लाकर दिया। निर्देशानुसार 'सच्ची सहेली' टॉनिक 2-2 चम्मच गुनगुने पानी के साथ सुबह-शाम सेवन शुरू किया। सिर्फ 2 महीनों में मुझे मेरी परेशानियों में काफी आराम मिला। अब मेरी आयुर्वेदिक 'सच्ची सहेली' में पूरी आस्था है।


मैं जूली, जिला मेन पुरी (यूपी) की रहने वाली, जॉब करती हूं। मैं कमर कटना की समस्या से बहुत परेशानी रहती थी, इस वजह से खुजली व जलन भी रहती। समय भी रेगुलर नहीं था। एक दिन मेरी मम्मी ने मुझे आयुर्वेदिक 'सच्ची सहेली' का कम्पलीट ट्रीटमेंट लाकर दिया। डिब्बी पर दिए निर्देशानुसार मैंने 'सच्ची सहेली' टॉनिक दो-दो चम्मच सुबह-शाम सेवन शुरू किया। सिर्फ 5 हफ्तों में मेरी सारी समस्याएं पहले से कम हो गई। थैंक्स टू 'सच्ची सहेली'।

24x7 Helpline : 0171-3055171 | अपने नजदीकी मैडिकल स्टोर से खरीदें

### संयुक्त शोध को मिलेगा बढ़ावा, चुनिंदा शोध परियोजनों को पहनाया जाएगा अमलीजामा

# इसरो और आईआईटी दिल्ली स्थापित करेंगे संयुक्त शोध सेल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली




भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली जल्द ही संयुक्त रूप से इसरो स्पेस टेक्नोलॉजी सेल स्थापित करेंगे। आईआईटी दिल्ली का इसके लिए चुनाव किया गया है। इस सेल की मदद से स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में चुनिंदा शोध परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाएगा। यहां शुक्रवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी देते हुए आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर वी. रामगोपाल राव ने कहा कि हमने इस बात का भी प्रस्ताव दिया है कि शोध से जुड़े नेनोटेक्नोलॉजी, फंग्शनल टेक्सटाइल, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग जैसे कई विषयों को लेकर आईआईटी दिल्ली एक संस्थान के तौर पर इसरो का अकेडमिक पार्टनर बन सकता है। इससे संयुक्त शोध को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। आईआईटी दिल्ली ने बीते दो सालों में 6 नई अकेडमिक इकाईयों की शुरुआत की है। इनकी मदद से शोध के क्षेत्र में आधुनिक ट्रेंड और राष्ट्रीय जरुरतों को ध्यान में रखा जा रहा है। बीते चार सालों में संस्थान अपने शोध बजट को 300 फीसदी बढ़ाने में सक्षम हो गया है। इतना ही नहीं वह अपनी शोध सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए 250 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश कर रहा है। कैंपस के अंदर 750 करोड़ रुपए से अधिक के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट चल रहे हैं।

#### संस्थान आज मनाएगा 50वां दीक्षांत समारोह

आज शनिवार को आईआईटी दिल्ली अपना 50वां दीक्षांत समारोह मनाने जा रहा है। इसरो के अध्यक्ष डॉ के सिवन इसमें मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे। यहां आईआईटी दिल्ली द्वारा दो नए परास्नातक कार्यक्रम और एनआईटी के अंडरग्रेजुएट छात्रों को आईआईटी के पीएचडी प्रोग्राम में दाखिला लेने की प्रक्रिया के संबंध में किए गए बदलावों को लेकर दो मुख्य घोषणाएं की जाएंगी। दीक्षांत समारोह में आईआईटी दिल्ली की ओर से 1 हजार 217 परास्नातक पाठ्यक्रम से जुड़े छात्रों और 825 स्नातक स्तर वाले छात्रों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109